सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

शिमला	13 न्यू	21 अधि
धर्मशाला	21 न्यू	28 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80747
निफ्टी	24,414
सोना	97,426
चांदी	95,774

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बोले- भारत 'एकता में निडर, शक्ति में असीम'

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 8 मई 2025 | 26 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 129, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रियाएं

पीएम मोदी ने की सुरक्षा बलों की तारीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक की अध्यक्षता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कैबिनेट को सूचित किया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने मेज थपथपाकर कार्रवाई और प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

सिर्फ उनको मारा, जिन्होंने मासूमों को मारा: राजनाथ

नई दिल्ली। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बुधवार रात की गई एयर स्ट्राइक में कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। सेना की इस कार्रवाई को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि, सेना ने हमारा मस्तक ऊंचा किया है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। हमने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें सही समय पर सटीकता के साथ ध्वस्त किया। (अनंत ज्ञान)

हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व : राहुल गांधी

नई दिल्ली। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश को एकजुट कर दिया है। समूचे विपक्ष ने एक स्वर से भारतीय सेना की कार्रवाई पर खुशी जताई है और आतंक के खात्मे पर केंद्र सरकार का साथ देने की बात कही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिंद!' (अनंत ज्ञान)

सेना के जांबाज सैनिकों के साहस को सलाम : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम भारतीय सेना पर गर्व करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करते हुए मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। आतंकवादी हमले के पहले दिन से ही कांग्रेस ने सेना और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान को सख्त सीख दी जाए : ओवैसी

नई दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं। पाकिस्तानी डीप स्टेट को ऐसी सख्त सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो।' (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- आज निकलेगा 46 लाख रेडक्रॉस पर्चियों का ड्रॉ - पेज 2
- कांग्रेस नेताओं की आपसी कलह पर आलाकमान आगबबूला! -पेज 3
- क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' का होगा आईपीएल पर असर? -पेज 5
- आवश्यक वस्तुओं के स्टॉक रखने के निर्देश -पेज 6
- धर्मपुर का डिंडु बनेगा एफपीओ का हल्दी गांव -पेज 9

आज के मैच

पंजाब vs दिल्ली

समय: रात 7:30 बजे (धर्मशाला)

पाक ने किया दुस्साहस, तो भारत देगा करारा जवाब

सैन्य अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर ब्रीफिंग में दी सख्त चेतावनी, कहा- निर्दोष नहीं मारे, केवल आतंकी ठिकाने किए तबाह

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बल किसी भी संभावित पाकिस्तानी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जो हालात को बढ़ा सकते हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करता है तो भारत पाकिस्तान को करारा जवाब देगा। सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक आधिकारिक ब्रीफिंग में यह बात कही। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की ओर से पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ढांचे के नौ ठिकानों पर किया गया हमला था। भारतीय सेना ने दावा किया है कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया है। केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, किसी भी निर्दोष को नहीं मारा गया है। विदेश सचिव मिसरी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। (अनंत ज्ञान)

सेना ने किया 100 से ज्यादा आतंकियों को मारने का दावा

'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधिकारिक ब्रीफिंग देते हुए सैन्य अधिकारी।

25 मिनट में 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ ब्रीफिंग में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने जानकारी दी कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर मंगलवार रात 1:05 बजे शुरू किया और 25 मिनट के भीतर नौ आतंकी ठिकाने नष्ट कर दिए। कर्नल कुरैशी ने कहा कि यह ऑपरेशन पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में घोषणा की गई कि भारत ने इन लक्ष्यों पर सटीक हमले किए, जिसमें कुल नौ साइटों को निशाना बनाया गया। वहीं, सरकार ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर भारत ने पहलगाम जैसे सीमापार हमलों पर जवाब देने, उन्हें रोकने और धता बताने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है। सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि उसका ध्यान आतंकी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवादियों को निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। आतंकी ठिकानों को प्रामाणिक खुफिया जानकारी और सीमापार आतंकवाद में आतंकियों के शामिल होने के आधार पर चुना गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में किसी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया।

पाक पीएम शहबाज बोले- हम भी देंगे जवाब

एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएसई) ने बुधवार को एक आपात बैठक में भारतीय मिसाइल हमलों को 'अकारण और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन' बताते हुए सशस्त्र बलों को जवाबी कार्रवाई की अनुमति दे दी है। परिषद ने कहा कि पाकिस्तान अपने निर्दोष नागरिकों की मौत का बदला 'अपने चुने हुए समय, स्थान और तरीके से' लेगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कैबिनेट मंत्रियों, सभी प्रांतों के मुख्यमंत्रियों, सेना प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मकसद भारत की ओर से बुधवार तड़के शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के जवाब में रणनीति तय करना था। पाकिस्ता ने दावा किया कि इन हमलों के दौरान नागरिक क्षेत्रों, मस्जिदों, और नीलम-झेलम जलविद्युत परियोजना को भी निशाना बनाया गया।

अमेरिका, चीन, रूस ने की संयम बरतने की अपील

नई दिल्ली। पाकिस्तान में भारत के हवाई हमले पर अमेरिका, चीन, रूस और कतर समेत कई देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र और तमाम देशों ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने की अपील की है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तनाव जल्द खत्म होने की उम्मीद जताई है। ईरान पहले ही दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने की पेशकश कर चुका है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को दी एयर स्ट्राइक की जानकारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के सटीक हमलों के बारे में जानकारी दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित जिन आतंकी ठिकानों पर हमला किया उनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं। राष्ट्रपति कार्यालय ने बैठक की तस्वीरें साझा कीं और 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी।' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के दो सप्ताह बाद ये मिसाइल हमले किए गए।

बौखलाए पाक ने गोलीबारी की, 15 भारतीयों की मौत

जम्मू के पुंछ सेक्टर में पाकिस्तान की सेना की गोलीबारी में घायल हुए लोग।

एजेंसी, जम्मू। पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखला गया है और वह अभी भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान ने एलओसी पर फिर से सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तान ने जम्मू के पुंछ सेक्टर में एलओसी पर भारी गोलीबारी की है, जिसमें 15 के करीब भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। वहीं, भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 10 पाक सैनिकों को मार गिराया। पाकिस्तान की गोलीबारी के चलते जम्मू क्षेत्र के 5 सीमावर्ती जिलों में शैक्षिक संस्थानों को बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ में सभी स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थाओं को बंद रखने की बात कही है। अधिकारियों ने ये कदम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया है, क्योंकि सीमा पार से लगातार गोलीबारी जारी है।

अपनों की मौत पर फूट-फूटकर रोया आतंकी मसूद अजहर

इस्लामाबाद। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के बहावलपुर में भारतीय हवाई हमलों में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर की बहन सहित उसके 14 रिश्तेदार मारे गए हैं। आतंकी मसूद अजहर ने चिट्ठी जारी करते हुए कहा कि दिल करता है कि काश मैं भी इस हमले में मर जाता। जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी करते हुए कहा कि मौलाना मसूद अजहर की बड़ी बहन के साथ मौलाना कशफ का पूरा परिवार मारा गया है। मुफ्ती अब्दुल रऊफ के पोते पोतियां। बाजी सादिया के पति समेत सबसे बड़ी बेटी के 4 बच्चे घायल हुए हैं। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं। अजहर का एक करीबी सहयोगी, उसकी मां और दो अन्य सहयोगी भी हमलों में मारे गए।

गृह मंत्री ने 9 राज्यों के सीएम से की बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद नौ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। अमित शाह ने मीटिंग के दौरान जंग के हालात के बीच सुरक्षा का जायजा लिया। इसमें जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल शामिल हुए। केंद्र सरकार ने वीरवार को सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है।

हिमाचल के तीनों एयरपोर्ट्स बंद

देश के करीब 18 हवाई अड्डों पर परिचालन बंद, करतारपुर कॉरिडोर भी बंद

अनंत ज्ञान टीम, नई दिल्ली
शिमला/धर्मशाला/कुल्लू

पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक के बाद हिमाचल के तीनों हवाई अड्डों कांगड़ा, कुल्लू के भुंतर व शिमला के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यह कदम केंद्र सरकार द्वारा जारी किए दिशा-निर्देश के तहत उठाया गया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने बुधवार को श्रीनगर सहित कम से कम 18 हवाई अड्डों पर 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक परिचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, कांगड़ा, भुंतर, जुब्बड़हट्टी, अमृतसर, भुज और जामनगर में उड़ानें रोकी गई हैं। ये एयरपोर्ट्स पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं या फिर काफी नजदीक हैं। सूत्र के अनुसार, एयरलाइनों ने विभिन्न हवाई अड्डों से आने-जाने वाली 200 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिनमें अकेले इंडिगो ने लगभग 160 उड़ानें रद्द की हैं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट। करतारपुर कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है। यहां से सिख श्रद्धालु पाकिस्तान में करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाते थे।

कांगड़ा एयरपोर्ट।

सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर देश को गर्व : राज्यपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भारतीय सेना के साहसिक 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज आज पूरे देश में सुनाई दे रही है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह पल हर भारतीय के लिए गर्व का है। सेना ने जिस तरह से पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया है, वह साहस और रणनीति का अद्भुत उदाहरण है।

देश की सुरक्षा के लिए सेना हर सीमा पार करने को तैयार

बिलासपुर दौरे पर पहुंचे राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश की सुरक्षा के लिए हर सीमा पार करने को तैयार है। इस अभियान के लिए सेना के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी भी बधाई के पात्र हैं, जिनके नेतृत्व में यह सटीक और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकी। राज्यपाल शुक्ल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम विशेष रूप से उस दर्द को दर्शाता है जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश ने झेला था। उस हमले में कई जवान शहीद हुए थे और उनके परिवारों की महिलाओं ने अपना सुहाग खो दिया था। ऐसे में यह ऑपरेशन आतंक के खिलाफ निर्णायक प्रहार किया गया। इस कार्रवाई की सबसे सराहनीय बात यह रही कि सेना ने पाकिस्तान की धरती पर कार्रवाई करते हुए आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। यह पेशेवर कुशलता और मानवता दोनों का परिचायक है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिमाचल में अलर्ट

सीएम बोले- बॉर्डर एरिया पर खास निगाह, बंजार का दौरा किया रद्द

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला

हिमाचल के मुख्यमंत्री सीएम सुक्खू ने कहा बुधवार को राज्य सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि बैठक का मकसद अपने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था हमारा एरिया भी बॉर्डर एरिया में आता है। कोई अनहोनी न हो, उसके लिए प्रशासन जागरूक रहे। सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में आगे बताया कि सभी जिलाधीशों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। उन्हें तकनीक के आधार पर इनपुट का इस्तेमाल करने को कहा गया है। सीएम ने बुधवार को अपना बंजार दौरा भी रद्द कर दिया है।

प्रदेश की जनता देश की सेना के साथ खड़ी

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा सेना के तीनों अंगों ने जिस प्रकार दबाव के बीच धैर्य, संयम और सटीक कार्रवाई का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। हिमाचल प्रदेश की जनता सेना के साथ खड़ी है और इस कार्रवाई में देश के साथ पूरी एकजुटता दिखा रही है। हिमाचल हमेशा से देश सेवा और बलिदान की भूमि रहा है।

सार्वजनिक कार्यक्रमों में होंगे विशेष सुरक्षा इंतजाम

सीएम ने कहा कि जहां-जहां बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम हो रहे हैं, वहां विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। बॉर्डर से सटे स्कूलों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। ज़रूरत के अनुसार जिला प्रशासन इन स्कूलों को लेकर आगे का निर्णय लेगा। हिमाचल सरकार पूरी सतर्कता और गंभीरता से नजर रख रहा है।

बैठक में उन्होंने विशेषकर प्रदेश के सीमा क्षेत्रों में स्कूलों की समीक्षा करने को कहा। उपायुक्तों को इनमें अवकाश के लिए स्थिति के अनुसार फैसला करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई को दुश्मन देश करता है तो हम कार्रवाई करने को तैयार हैं। कई बार दुश्मन देश की ओर से सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किए जाते हैं, उस पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा भीड़भाड़ नहीं हो, इस बारे में निर्देश आए हैं।

आतंक के आका मिट्टी में किए दफन : अनुराग ठाकुर

एजेंसी, नई दिल्ली

हिमाचल से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी सीमा के अंदर आतंकी ठिकानों को नष्ट करने वाले ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने एक बार फिर दिखा दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी संप्रभुता, निजता, एकता व किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है और नए भारत की ऊर्जावान व भारतीय सेना ईंट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर चल रहे आतंकी ट्रेनिंग कैंपों और उनके ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत नेस्तनाबूद कर पूरे देश को गर्व से भर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आतंक के आकाओं को मिट्टी में मिलाने, पहलगाम के गुनहगारों को चुन-चुन कर सजा देने का वादा पूरा हुआ।' आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा था कि पहलगाम हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी और भारत धरती के हर कोने में आतंकियों का पीछा कर हर आतंकवादी और उसके समर्थकों को पहचानकर उन्हें ढूंढेगा और सजा देगा। (अनंत ज्ञान)

पहलगाम के गुनहगारों को सजा देने का वादा पूरा

देश के 244 जिलों में की ब्लैकआउट एक्सरसाइज

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया था।

नुकसान मौसम के तेवर से उत्पादन क्षमता पर पड़ा असर, 5000 करोड़ की आर्थिकी का निकला दम

हिमाचल में जलवायु परिवर्तन से सेब उत्पादन पर मार

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन ने सेब की फसल का उत्पादन चक्र बिगाड़ कर रख दिया है। सर्दियों का दायरा सिमटने लगा है। बर्फ कम पड़ रही है। असमय बारिश बारिश से फ्रूट सेटिंग पर असर पड़ रहा है। तूफानी तेवर बनने से बागवानों की उम्मीदें दम तोड़ चुकी है।

5000 करोड़ के सेब कारोबार का आंकड़ा अब महेज कागजों में ही रह गया है। धरातल पर आंकड़े परेशान करने वाले हैं। उत्पादन क्षमता पर भी विपरीत असर पड़ा है। 5 हजार करोड़ सेब का उत्पादन अब बीते सालों की बात हो गई है। बागवानों के अलावा सेब कारोबार से जुड़े आढ़ती, खरीददार, ट्रांसपोर्टर और सीए स्टोर संचालक भी असमंजस में हैं। बीते साल सेब बगीचों में असामायिक पतझड़ ने सेब उत्पादकों को परेशानी में डाला था। कोल्ड स्टोर में रखे सेब को सही दाम नहीं मिले थे, जिससे बागवानों और कारोबारियों को सीधा नुकसान हुआ था। इस साल भी पर्याप्त बर्फबारी न होने से बेहतर सीजन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। जानकारी मिली है कि निचले इलाकों में सेटिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अर्ली वैरायटी के सेबों को छोड़कर परंपरागत रॉयल व समकक्ष प्रजाति के सेब न के बराबर सैट हुए है। मध्यम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी इसी तरह की रिपोर्ट आ रही है, मध्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब की फसल बेहद कम आंकी जा रही है। यहां पर भी निचली बेल्ट की तरह ही सेब उत्पादन की स्थिति दिख रही है, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्र पूरी तरह से सेट नहीं हुए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों की दशा व दिशा भी इन दोनों बेल्टों की तरह ही नजर आती है। मौसमी चक्र गड़बड़ाने से साल दर साल सेब उत्पादन में गिरावट जारी है। दिसंबर में पड़ने वाली बर्फबारी अब जनवरी माह के बाद हो रही है। तूफानी मौसमी तेवर और धूल भरी बारिश से सेब की फ्लावरिंग प्रभावित हो रही है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान विशेष

मौसम के उतार-चढ़ाव से घटा उत्पादन

ताजुब की बात यह है कि अप्रैल के बाद मई के महीने में भी बारिश-बर्फबारी का दौर चल रहा है और तापमान में बराबर उतार-चढ़ाव से फसल को नुकसान हो रहा है। बीते साल प्राकृतिक आपदा के चलते प्रदेश में सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ था, जिसकी वजह से सेब की गुणवत्ता खराब होने से बागवानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी थी।

बेहतर उत्पादन को लेकर असमंजस

प्रदेश में हिमपात होने का समय एक महीना आगे खिसक गया है। सेब बेल्ट भी 1000 फीट ऊपर खिसक गई है। बीते सीजन की तरह इस बार भी फसल को लेकर असमंजस है और फसल उत्पादन संतोषजनक नहीं लग रहा है।

संशोधित शक्ति योजना को मंजूरी

नई दिल्ली। आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति ने बुधवार को संशोधित शक्ति योजना का मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत देश के बिजली संयंत्रों को पारदर्शी तरीके से कोयला आवंटित हो सकेगा। आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। सरकार ने लिंकेज प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से यह मंजूरी दी। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आर्थिक मामलों की केंद्रीय समिति ने 'केंद्रीय, प्रादेशिक और स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के ताप विद्युत संयंत्रों के लिए नए कोयला लिंकेज देने को मंजूरी दे दी है।' अधिसूचित मूल्य पर कोयला प्रस्ताव के अंतर्गत संयुक्त उद्यमों और उनकी सहायक कंपनियों सहित केंद्रीय क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाओं (टीपीपी) को कोयला लिंकेज प्रदान करने की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रियाएं

भारतीय सेना की कार्रवाई का संघ ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्स संघ प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, संस्थापक बीडी शर्मा, मु.संरक्षक रमेश भारद्वाज, महासचिव हरनाम सिंह ठाकुर, वित्त सचिव ओम राज कंवर, आई टी नियन्त्रक एवं हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम व अन्य जिलों के पदाधिकारियों द्वारा एक संयुक्त वक्तव्य में भारतीय सेना द्वारा पहलगाम में आंतकवादी हमले में पर्यटकों की निर्मम हत्या का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पड़ोसी देश में आंतकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई का स्वागत किया गया तथा भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया गया। प्रत्येक हिन्द-वासी निश्चित रूप से सेना की इस सफल कार्रवाई से गौरवान्वित है और सदैव अपने सुरक्षा बलों के साथ हैं। प्रत्येक भारतवासी एवं वरिष्ठ नागरिक माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की इस सटीक कार्यवाही का समर्थन करते हैं तथा भविष्य में यदि आतंकिस्तान की ओर से ऐसी धृष्टता की जाए तो और भी कठोर पग उठाया जाए।

बहनों के उजड़े सिंदूर का लिया बदला : राकेश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा मासूम पर्यटकों पर किए गए कायरतापूर्ण हमले, जिसमें कई बहनों की मांग का सिंदूर उजड़ गया, उसका मुंहतोड़ जवाब भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया है। रात्रि में चलाए गए इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई मात्र 25 मिनट में पूरी की गई और दुश्मन के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया गया। इस स्ट्राइक में हाफिज, अजहर महमूद जैसे आतंक के आकाओं के अड्डों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो वादा देश की जनता से किया गया था, उसे दृढ़ता के साथ पूरा किया गया है।

सेवा समिति ने भारतीय सेना को दी बधाई

अनंत ज्ञान, बिझड़ी। नारायण सेवा समिति बिझड़ी की कार्यकरिणी ने 6 और 7 मई की रात को सेना द्वारा पाकिस्तान में क्रियाशील आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले 9 शिविरों को बड़ी सूझ बूझ के साथ नष्ट करने पर सेना और केंद्र सरकार को बधाई दी। समिति के संरक्षक दीना नाथ, प्रधान ओंकार पठानिया, महासचिव करतार सिंह ढिल्लों, उप प्रधान सुरेंद्र कुमार, बिक्रम ठाकुर व सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने संयुक्त बयान में कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमले में शहीद उन 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का बदला लेकर सेना ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। समिति की कार्यकारिणी ने भविष्य में भी आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का समर्थन किया है।

ऑपरेशन सिंदूर से लिया देश ने बदला : राणा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि पहलगाम में श्रद्धालुओं पर हुआ आतंकी हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य था, जिसकी प्रतिक्रिया भारतीय सेना ने जिस प्रकार दी है, वह हर भारतीय को गर्व से भर देने वाली है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को भारतीय सुरक्षा बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की जीत बताया। राजेंद्र राणा ने कहा कि आज का भारत कमजोर नहीं, बल्कि निर्णायक और आत्मविश्वासी भारत है। 'पहलगाम में निर्दोष यात्रियों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध था। लेकिन भारत अब चुप रहने वाला देश नहीं रहा। जिस तरह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर करारा जवाब दिया गया, वह न सिर्फ शहीदों को न्याय है, बल्कि देश को यह विश्वास भी है कि उसकी सेना और नेतृत्व किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पहली बार स्पष्ट किया है कि हर आतंकी हरकत का जवाब दिया जाएगा - वह भी दौगुनी ताकत से। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, श्रद्धा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक बन चुका है। राणा ने कहा कि भारत की सैन्य शक्ति, खुफिया एजेंसियों का तालमेल और प्रधानमंत्री कार्यालय की निर्णायक भूमिका ने यह साबित किया है कि अब भारत सहने वाला नहीं, बल्कि चुनौती देने वाला देश है।

निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग के आश्वासन के बाद समिति ने स्थगित की हड़ताल

उपभोक्ताओं को मिलेगा राशन

अनिल कुमार, हमीरपुर

प्रदेश डिपो संचालक समिति का प्रतिनिधिमंडल निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग से शिमला में मिला।

प्रदेश डिपो संचालक समिति का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि के नेतृत्व में निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग से उनके शिमला स्थित कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक से डिपुओं पर लगी पॉश मशीनों में कनेक्टिविटी बहाल करने सहित मासिक वेतन व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि निदेशक महोदय ने पॉश मशीनों में कनेक्टिविटी बहाल करने के लिए डेढ़ माह का समय दिया और कहा कि विभाग वर्तमान में कार्य कर रही ओएएस वाईएएस कंपनी की दो वर्षों की पेमेंट रोक दी है और विभाग उक्त कंपनी का कनेक्टिविटी का पैसा काट कर पेमेंट करेगा और जो पैसा डिपो धारकों द्वारा नेट पर खर्च किया गया है, वह डिपो धारकों को दिया जाएगा। निदेशक यह भी कहा कि विभाग वर्तमान में कार्य कर रही कंपनी के बजाय अपने स्तर पर जियो, एयरटेल व बीएसएनएल कंपनियों के साथ संपर्क साध कर अपने स्तर पर नेट की सुविधा उपलब्ध करवाएगा। गौर रहे कि प्रदेश डिपो संचालक समिति ने पॉश मशीनों में कनेक्टिविटी न होने पर राशन देने से इंकार कर दिया था, यह निर्णय प्रदेश स्तरीय समिति की बैठक में लिया गया था।

यही कारण था कि अभी तक किसी भी डिपो में राशन वितरण का कार्य शुरू नहीं किया गया था। अशोक कवि ने बताया कि निदेशक ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में डिपो धारकों के साथ जो 20,000 मासिक वेतन देने व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का जो वादा किया है, उस पर भी शीघ्र विचार किया जाएगा। निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसके लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस बारे में खाका तैयार करने के मौका पर आदेश जारी किए।

कवि ने कहा कि निदेशक ने समिति से आग्रह किया कि जब तक नेट की व्यवस्था नहीं कर दी जाती, तब तक डिपो संचालक अपने नेट के माध्यम से राशन वितरण का कार्य करें। विभाग डिपो धारकों को नेट का पूरा खर्च देने के लिए वचनबद्ध है। कवि ने कहा कि निदेशक के आश्वासन के पश्चात प्रदेश डिपो संचालक समिति ने हड़ताल को स्थगित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

बिझड़ी में क्रिकेट चैंपियनशिप कल से

अनंत ज्ञान, बड़सर। बिझड़ी के ताल स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद नाइट किकेट ट्राफी का आयोजन ताल स्टेडियम में 9 मई से शुरू हो रहा है। यह क्रिकेट ट्रॉफी कॉस्को बॉल के साथ खेली जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि बड़सर के पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा होंगे। यह नाइट क्रिकेट ट्रॉफी 2 दिन चलेगी इसमें लगभग 20 के करीब टीमें भाग ले रही हैं।

विजेता टीम को 21 हजार रुपए तथा ट्रॉफी उप विजेता टीम को 11 हजार रुपए तथा ट्रॉफी दी जाएगी। प्रत्येक मैच 10 ओवरों का होगा। तथा हर एक मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मैन ऑफ मैच से नवादा जाएगा। इस नाइट ट्रॉफी का आयोजन स्वामी विवेकानंद क्लब द्वारा करवाया जा रहा है। ट्रॉफी के आयोजक मनीष शर्मा अजय कुमार शर्मा विपिनकमार शर्मा कहना है की हर टीम को आयोजकों की तरफ से खाने की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी।

आज निकलेगा 46 लाख रेडक्रॉस पर्चियों का ड्रॉ, 18 लाख के आकर्षक इनाम

हमीरपुर के डीसी से अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

रेडक्रॉस की पर्चियां जिन-जिन लोगों ने खरीदी हैं, आज यानी वीरवार को हमीरपुर में उनका रैफरल ड्रॉ निकाला जाएगा। इसमें किस-किस की किस्मत खुलेगी, इस पर पर्ची खरीदने वालों की धड़कनें भी निश्चित रूप में तेज हुई पड़ी हैं। कारण यह है कि इस बार रिकॉर्ड 46 लाख की पर्चियां रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अलग-अलग माध्यमों द्वारा बेची गई हैं। 18 लाख के आकर्षक इनाम पर्ची खरीदने वालों के निकलेंगे।

डीसी अमरजीत सिंह ने अनंत ज्ञान से एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया कि पिछले काफी समय से रेडक्रॉस कोई भी फंड नहीं बचा था, इसीलिए इस समिति के फंड को मजबूत करने के लिए 25 दोनों के भीतर जो उपलब्धि हासिल की है उसका फायदा निश्चित रूप में समिति को हुआ है। अब वीरवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हाथों रैफरल ड्रॉ निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि हमीरपुर की रेडक्रॉस लैब भी तकरीबन डेढ़ साल से बंद पड़ी हुई थी, उसे भी चालू किया जाएगा। इसके अलावा हमीरपुर में मिनी सचिवालय परिसर के भीतर के राज्यपाल के गतिविधियों को अंजाम देंगे। इसमें ब्लड डोनेशन कैंप आउटडोर जिम और रेडक्रॉस के सहयोग से शुरू किए जा रहे बेरका बूथ को भी ओपन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

मिनी सचिवालय से 5 लाख की इनकम हुई जनरेट

डीसी ने बताया कि हमीरपुर के इस मिनी सचिवालय परिसर में पिछले कुछ समय से ब्यूटीफिकेशन का जो कार्य चल रहा है, उसके तहत यह काम तो हो ही रहा है, अलग से इनकम जनरेट करने के भी काफी साधन जुटाए गए हैं। इनमें पार्किंग से प्रतिमा तकरीबन तीन लाख अर्जित किए जा रहे हैं। कुल मिलाकर हर महीने तकरीबन 5 लाख रुपए की इनकम जिला प्रशासन को होना शुरू हो गई है। कुछ और चीजें भी यहां की जा रही हैं।

करियर प्वांइट विवि के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ड्राइव में मिल रहे बेहतर मौके

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

करियर प्वांइट विश्वविद्यालय लगातार अपने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत है। इस विश्वविद्यालय में जो विद्यार्थी बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीसीए, एमसीए, बीएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, फार्मेसी व एमबीए की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सेल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन शिमला, ऑक्सीजन लैबोरेटरीज बद्दी तथा क्योर टैक ग्रुप जैसी नामी कंपनी में कार्य करने का मौका मिलेगा।

सबसे अच्छी बात यह है कि यह विद्यार्थी 4 से 15 लाख रुपए प्रतिवर्ष के साथ अपने उज्जवल भविष्य की शुरुआत करने जा रहे हैं। विवि के बीटेक कंप्यूटर साबीसीए, एमसीए, बीएससी फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी फार्मेसी व एमबीए के छात्रों के लिए इस स्तर की कंपनियों का प्लेसमेंट ड्राइव के लिए ऑफर विश्वविद्यालय की उच्च-शिक्षा की गुणवत्ता को दर्शाता है।

यहां पर छात्रों को सरकारी व मल्टीनेशनल कंपनियों में जॉब के लिए पढ़ाई का अच्छा सिस्टम व प्लेसमेंट उद्देश्य के तहत तैयार किया जाता है ताकि यह बच्चे अपनी ट्रेनिंग के दौरान भी 15 से 25 हजार प्रतिमाह स्टाईपेंड लेने में सक्ष्म हो सकें। आने वाले समय में विवि में ऐसी बड़ी-बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आती रहेंगी, ताकि आने वाले समय में सीपीयू किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के लिए सक्षम हो सके। विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने बच्चों से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर इस प्लेसमेंट ड्राइवज में भाग लें।

हर्षोल्लास से मनाई रवींद्रनाथ टैगोर जयंती

अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी भड़ोली में रवींद्रनाथ टैगोर जयंती की जयंती काफी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लिटरेरी क्लब की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ वर्ग की छात्रा ने टैगोर के बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने रवींद्रनाथ टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार, और दार्शनिक थे। रवींद्रनाथ टैगोर एशिया के प्रथम व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा राष्ट्रगान जन गण मन रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया था। विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुति देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अनुराग के प्रयासों से 14 खेल मैदान जगमगाए

खेल ज्योति से 1500 खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ, नशे से दूर रहने में मिलेगी मदद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर का स्वागत करते गणमान्य व अन्य।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर जिले के 14 खेल मैदान लाइटों से जगमगा उठे हैं। खेल ज्योति योजना के अंतर्गत 14 मैदानों में लाइटें लग जाने से 1500 खिलाड़ियों को लाभ मिलने वाला है। खिलाड़ियों व स्थानीय जनता ने इसके लिए अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट किया है।

खेल मैदान में उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि युवाशक्ति भारत की राष्ट्रशक्ति है और इस शक्ति के सामने नशा एक बड़ी चुनौती है। मेरा सदा ही प्रयास रहता है कि युवाओं को नशे से दूर रखने व उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्लेटफार्म उपलब्ध करा सकूं। इसी कड़ी में हमीरपुर के 14 खेल मैदानों में लाइट लगवाने का कार्य किया गया है, जिससे कि रात में भी हमारे खिलाड़ियों को खेलने में कोई असुविधा न हो। हमीरपुर के इन 14 खेल मैदानों में खेल ज्योति के अंतर्गत ये लाइटें लगने से 1500 से ज्यादा खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और वे अपना पसंदीदा खेल अपनी समय सुविधा के अनुरूप खेल सकेंगे।

इस मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रतिष्ठित संस्थान फिलिप्स व भारत गैस का आभार प्रकट करता हूं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि युवाओं की शारीरिक क्षमता बढ़ाने के लिए मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में अब तक 200 से ज्यादा जिम लगवाए हैं। सांसद खेल महाकुंभ के माध्यम से हर साल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हजारों युवाओं को खेल मैदानों तक लाने का काम किया जा रहा है। युवाओं के सशक्तिकरण के लिए मैंने सांसद भारत दर्शन, एक से श्रेष्ठ, खेल महाकुंभ जैसे कई कार्यक्रम अपने संसदीय क्षेत्र में चलाए हैं जो चलते रहेंगे।

आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट रद्द

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी (एसडीएम) उपमंडल हमीरपुर संजीत सिंह ने जानकारी दी है कि 8 मइ को खास ग्रां, एनआईटी हमीरपुर के निकट आयोजित होने वाला ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों के चलते अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

संजीत सिंह ने बताया कि उक्त ड्राइविंग टेस्ट के लिए नई तिथि की सूचना शीघ्र ही प्रदान की जाएगी।

टौणी देवी के छात्र आपदा प्रबंधन में दिखा रहे सजगता

संजीव चौहान, टौणी देवी

टौणी देवी के छात्र आपदा दौरान साहसिक कार्यों को सीखते हुए।

भारत के 244 जिलों में जहां आज एक साथ सिविल मॉकड्रिल का राष्ट्रीय आयोजन हो रहा है, वहीं स्वर्ण जयंती राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में भी मॉकड्रिल में भागीदारी के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य था-युद्ध या आपदा जैसी गंभीर परिस्थितियों से देश के नागरिकों को सुरक्षित निकालने की तैयारी और सजगता को परखना।

मॉकड्रिल के माध्यम से विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि किस प्रकार से संकट के समय वे न केवल स्वयं को, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी सुरक्षित रखने में मददगार हो सकते हैं। विद्यालय के निजी सुरक्षा व्यवसाय के छात्र-छात्राओं ने इस मॉकड्रिल में भाग लेकर आगजनी, भूकंप, बम विस्फोट या अन्य आपातकालीन स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप में सीखा।

इस विशेष अभ्यास का संचालन कर रहे थे विद्यालय के अनुभवी प्रशिक्षक होशियार सिंह, जो भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने छात्रों को सेना की कार्यप्रणाली से प्रेरित करते हुए अनुशासन, समयबद्धता और टीमवर्क के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि आपदा का समय चेतना, सजगता और सामूहिक प्रयास की परीक्षा होती है। यदि हम पहले से प्रशिक्षित और मानसिक रूप से तैयार हैं, तो किसी भी संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम ने हमेशा देशवासियों के हृदय में गर्व और विश्वास की भावना को और दृढ़ किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी निर्णायक कार्रवाई इस विश्वास की पुन: पुष्टि करती है। (अनंत ज्ञान)

हमीरपुर बस स्टैंड के खोखा धारकों को जल्द मिलेंगी दुकानें : सुनील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने हमीरपुर में कहा कि हमीरपुर बस स्टैंड के सामने दुकानों के आवंटन से वंचित रहे 11 खोखा धारकों को जल्द ही नई दुकानें उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि नई दुकानों का नक्शा तैयार कर लिया गया है और आवश्यक बजट उपलब्ध करवा दिया गया है।

शर्मा आज इन 11 खोखा धारकों द्वारा आयोजित एक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान अपनी दुकानों के निर्माण की स्वीकृति मिलने पर इन खोखा धारकों ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन खोखा धारकों के लिए धरातल पर नए खोखों के निर्माण को मंजूरी दे दी है और इसके लिए आवश्यक शुरुआती बजट जारी कर दिया गया है। साथ ही, निर्माण स्थल पर आ रही ट्रांसफार्मर की समस्या का भी समाधान कर दिया गया है। इस अवसर पर शर्मा ने उस स्थान का निरीक्षण भी किया, जहां नई दुकानें बननी हैं।

शिक्षकों-कर्मचारियों पर दमन का तांडव बंद करे सुक्खू सरकार : लखनपाल

एसके ठाकुर, बड़सर। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के नेतृत्व में सरकार तानाशाही और दमन की राह पर चल पड़ी है। शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ किया जा रहा व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, अमानवीय और लोकतंत्र विरोधी है, जिसे बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने के लिए सरकार द्वारा शिक्षकों को निलंबित करना सत्ता के घमंड और संवेदनहीनता का परिचायक है। आवाज उठाना हर नागरिक का अधिकार है और इस अधिकार को कुचलना लोकतंत्र के लिए खतरा है। विधायक लखनपाल ने दूरदराज व दुरूह क्षेत्रों में कर्मचारियों के तबादलों का तीखा विरोध करते हुए कहा कि यह नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि बड़सर क्षेत्र में विभिन्न विभागों में लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों को तुरंत भरा जाए, जिससे स्थानीय जनता को मूलभूत सेवाएं मिल सकें। (अनंत ज्ञान)

अग्निशमन केंद्र और होमगार्ड्स के जवानों ने की पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई

शशि सोनल, नादौन। गर्मियों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए अग्निशमन केन्द्र नादौन व होम गार्डस की दसवी बटालियन नादौन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कमर कस ली हैं । ताकि लोगों को गर्मियों में शीतल जल उपलब्ध हो सके और पेयजल की समस्या से जुझना न पड़े। बुधवार को दोनों विभागों ने होमगार्डस की बटालियन के कंपनी कमांडर प्रीतम चंद व अग्नि शमन केन्द्र नादौन के सब फायर ऑफिसर देवेन्द्र भाटिया के नेतृत्व में नादौन की पंचायत नौहगी बावड़ी की साफ सफाई की तथा झाड़ियां आदि काटी। इस अवसर पर हवलदार संजीव कुमार,गृह रक्षक जोगिन्द्र सिंह, फायरमैन राकेश कुमार, वन विभग के बीओ सुरेश कुमार ,फोरेस्ट गार्ड दिलबाग सिंह,गा।रब व अजर्फन सिंह वन मित्र नेहा कुमारी,पूर्व प्रधान सुरेन्द्र कुमार, वार्ड मेंबर रमेश चंद सहित स्थानीय लोगों ने बावड़ी की साफ सफाई की व आस पास की झाड़ियां काटीं। (अनंत ज्ञान)

लापता युवक का पुंग खड्ड के पास नाले में मिला शव

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

उपमंडल सुजानपुर के डूहक पंचायत के कसीरी गांव के एक युवक की लाश पुंग खड्ड के पास नाले में पड़ी हुई मिली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुजानपुर राकेश धीमान ने बताया कि युवक लवकेश मार 6 मई को शाम 3 बजे से लापता था, उसके बाद घर नहीं आया। इस पर उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन लापता युवक का कोई पता नहीं चल सका। पंचायत प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह उनके परिजनों का उन्हें फोन आया तथा बताया कि उक्त युवक मृत्यु अवस्था में घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर पुंग खड्ड के पास नाले में गिरा पड़ा हुआ है। इस पर मौके पर पुलिस को बुलाया गया।

थाना प्रभारी राकेश धीमान ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण पता चलेंगे।

केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

- हमीरपुर में दिशा समिति की बैठक आयोजित
- सांसद अनुराग ठाकुर ने की अध्यक्षता

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने की। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में जिन प्रमुख योजनाओं को शामिल किया गया, उनमें मटौर-शिमला फोरलेन, हमीरपुर-मंडी सड़क परियोजना, मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का भवन निर्माण, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, पीएम सूर्या योजना और कृषि आधारित योजनाएं शामिल थीं।

सांसद अनुराग ठाकुर ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के निर्माण में हो रही अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कार्यों की धीमी गति पर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती प्लास्टिक की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए अनुराग ठाकुर ने घोषणा की कि वे अपनी सांसद निधि से विधानसभा स्तर पर सबसे अधिक प्लास्टिक एकत्रित करने वाली 10 पंचायतों को एक-एक लाख रुपए तथा 2 पंचायतों को 50-50 हजार रुपए प्रदान करेंगे। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद गर्मियों में पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने दीर्घकालिक सोच के साथ योजनाएं तैयार करने पर बल देते हुए कहा कि अब 20 नहीं, बल्कि 200 वर्षों को ध्यान में रखकर नीतियां बनानी होंगी। उन्होंने जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समन्वित कार्य योजना तैयार करने और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक बड़सर इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक हमीरपुर आशीष शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष बबली, उपायुक्त अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व दिशा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर उपायुक्त हमीरपुर ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा।

फायदा चार नए विभागों के खुलने से मरीजों को मिलेंगी हमीरपुर में ही विश्व स्तरीय सुविधाएं, अब नहीं जाना पड़ेगा कहीं बाहर

हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की छटा में अब आएगा बड़ा 'निखार'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा, साथ में बैठे हैं अन्य कांग्रेसी नेता।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हमीरपुर से पार्टी प्रत्याशी रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा है कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की छटा संवारने निकालने में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चार नए विभागों को यहां पर शुरू करने की दिशा में उठाए गए कदम यहां मरीजों के लिए बड़े लाभकारी होंगे। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मुख्यमंत्री हिमाचल को विश्व मानचित्र पर लाने का सपना संजोए हैं और इस दिशा में स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए हिमाचल को 'मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन' के मानचित्र पर लाना उनका मुख्य लक्ष्य है।

बुधवार को यहां अन्य कांग्रेसियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। आने वाले दिनों में इसका महत्व लोगों को निश्चित रूप में दिखेगा। कांग्रेस उनका इसके लिए आभार भी जताती है। उन्होंने 2 साल के अंदर जो स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना में भारी बदलाव कर दुनिया की लेटेस्ट और बेहतरीन स्वास्थ्य के डायग्नोस्टिक व इलाज क्षेत्र में मशीनरी को प्रदेश के प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में सरकार के इस 2 साल के कार्यकाल में पहुंचाने का कार्य किया है, वह काबिले तारीफ है।

मुख्यमंत्री ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की तस्वीर बदल दी है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हो जाएगा। किसके लिए ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में सबसे पहले तो कार्डियोलॉजी (दिल के रोगों) के विभाग की घोषणा कर उसको चालू किया और कल की कैबिनेट में उन्होंने इसके लिए नेफ्रोलॉजी विभाग, जिसमें किडनी से संबंधित बीमारियां जो कि आजकल चरम पर हैं, इसकी स्वीकृति देने के अलावा न्यूरोलॉजी विभाग की स्वीकृति और साथ में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पेट की बीमारियों के) सुपर स्पेशलाइजेशन विभागों की स्वीकृति दर्शाती है कि मुख्यमंत्री प्रत्येक हिमाचली को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

इन सुपर स्पेशलिस्ट विभागों को हमीरपुर में शुरू करने का मतलब मरीज को उनके घर-द्वार पर ही बड़ी सुविधा देने के पीछे यहां के लोगों की पीड़ा जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन तीन सुपर स्पेशलिस्ट डिपार्टमेंट की शुरुआत के साथ ही यहां पर 118 नए पद स्वीकृत किए हैं, ताकि इन विभागों में जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं हासिल हों।

डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले ही हमीरपुर को उत्तर भारत का सबसे बड़ा और विश्व स्तरीय कैंसर संस्थान जो कि 650 करोड़ की लागत से बनने जा रहा है। इसके अलावा पूरे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में विश्वस्तरीय लेटेस्ट तकनीक से सुसज्जित एमआरआई की तीन टेस्ला, सीटी स्कैन की 256 स्लाइस, पेट स्कैन और दूसरी मशीनरी को उपलब्ध करवा के स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय दे चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में अब फर्नीचर स्थापित होगा, इसके लिए दो माह से ज्यादा समय नहीं लगेगा, औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं।

कॉन्फ्रेंस में ये रहे मौजूद

कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजनाथ, निर्वतमान शहरी ब्लॉक अध्य

मॉकड्रिल : शिमला में सायरन बजाकर दी हमले से बचाव की ट्रेनिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला में बुधवार को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हुई, इसमें आम नागरिकों को हवाई हमले से बचने की ट्रेनिंग दी गई। शिमला के संजौली और डीसी ऑफिस परिसर में शाम चार बजे मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान हूटर बजाकर लोगों को चतावनी दी गई और उन्हें बताया कि अगर हवाई हमला होता है, तो किस तरह से आप खुद और दूसरों को सुरक्षित रखेंगे। इसके साथ ही उन्हें इसकी ट्रेनिंग दी गई है। उन्हें बताया गया कि अगर हवाई हमला होता है तो किसी तरीके से आप खुद और दूसरे लोगों को सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार ने इसे लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश व एडवाइजरी जारी की है और इनके पालन का अपील की है। मॉक ड्रिल से पहले शाम 4 बजे 2 मिनट तक जोर से सायरन बजाया गया।

क्या है मॉक ड्रिल का उद्देश्य

मॉकड्रिल का उद्देश्य दुश्मन देश द्वारा संभावित हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए आम नागरिकों को तैयार करना है। हवाई हमले या अन्य खतरों की स्थिति में लोग क्या कर सकते हैं, इसकी जानकारी मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को दी जाएगी। पाकिस्तान से युद्ध की आशंकाओं के बीच यह अभ्यास करवाया जाएगा। इससे पहले 1971 में इस तरह का मॉक ड्रिल करवाया गया था।

केमिकल रिसाव की स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल।

युद्ध की संभावना के पहले मॉकड्रिल।

आतंकी हमले के बाद भारत-पाक में तनाव

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस आतंकी हमले में आतंकी फायरिंग में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। तब से युद्ध की अटकलें लगाई जा रही है।

रैड जोन-ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाया अस्पताल।

7:20 से 7:30 तक पूरे शहर में हुआ ब्लैकआउट

डीसी शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि बुधवार सायं 7:20 से लेकर 7:30 बजे तक पूरे शिमला शहर में ब्लैकआउट रहा और इस दौरान सभी लाइट बंद रखी गई। उन्होंने लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और सड़क पर चल रहे वाहन को एक किनारे रोक कर लाइटें बंद कर दी गई और लोगों ने आगे बढ़कर जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग किया।

हिमाचल कांग्रेस नेताओं की आपसी कलह पर आलाकमान आगबबूला!

सीनियर लीडरों की रास नहीं आ रही अंतर्कलह, राहुल गांधी ने लिया कड़ा नोटिस

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

हिमाचल कांग्रेस नेताओं की परस्पर कलह आलाकमान आगबबूला हो गया है। आलाकमान को सीनियर लीडरों की अंतरकलह रास नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान ने इस बात का कडा संज्ञान लिया है। सदन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए प्रदेश प्रदेश के सीएम, डिप्टी सीएम समेत, कांग्रेस संगठन की अध्यक्ष सहित सरकार के सभी मंत्रियों को अगले सप्ताह दिल्ली तलब किया है। दिल्ली में सभी नेताओं के अंदरूनी कलह पर चर्चा होनी है।

जानकारी मिली है कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंका को देखते हुए अब यह बैठक एक सप्ताह आगे खिसका दी गई है। पहले यह बैठक गुरुवार या फिर शुक्रवार

अगले सप्ताह सभी को किया दिल्ली तलब

को होनी थी। सीएम, डिप्टी सीएम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी कैबिनेट मंत्रियों और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों नहीं जल्द ही दिल्ली का रुख करना था, मगर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए फिलहाल यह बैठक स्थगित कर दी गई।

गौरतलब है कि मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के फौरन बाद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री दिल्ली की तरफ कूच कर गए थे। दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पहले से मौजूद थी, जो कांग्रेस संगठन को पुनसंगठन करने के आग्रह को लेकर आलाकमान के कुछ नेताओं से मंत्रणा करने में जुटी थी। अभी उनकी मंत्रणा पूरी भी नहीं हुई थी कि इस बीच डिप्टी सीएम को दिल्ली तलब किया गया। इसके एक-दो दिनों के भीतर सीएम सहित सभी सीनियर लीडरों के साथ वार्ता होनी थी और सभी से आपसी लड़ाई का कारण समझ जान जाना था कि किन कारणों से सीनियर लीडरों के बीच लड़ाई का माहौल बना हुआ है, जो शिमला से लेकर दिल्ली तक पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

सोशल मीडिया की पोस्टों से बढ़ी तल्खी

सबसे पहले सोशल मीडिया में डिप्टी सीएम अग्निहोत्री ने अपने विरोधियों पर निशाना साधा और उनके समर्थन में पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह सामने आए। उन्हें देखते हुए कई अन्य नेता व अधिकारी भी समर्थन व विरोध में कूद पड़े। एक के बाद एक सोशल मीडिया में डाली गई कई पोस्टों से माहौल एकाएक गर्म हो गया और कुछ दूसरे नेताओं के कूदने से राजनीति अचानक ही उफान पर आ गई।

प्रतिभा सिंह को हटाने की मुहिम तेज

इस बाबत चर्चाओं का दौर अचानक ही शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि यह सब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को हटाए जाने की मुहिम के तहत हो रहा है। उनके विरोधी नहीं चाहते कि उन्हें पार्टी के अंदर प्रदेश का अध्यक्ष बरकरार रखा जा। यही वजह है कि अब ये लड़ाई खुलेआम खुलकर सामने आ गई है, जो दिल्ली तक पहुंच गई है। जहां पर अगले सप्ताह अब इस बात पर फैसला होगा कि आखिर लड़ाई की क्या वजह है और किन कारणों से यह लड़ाई हो रही है और इस लड़ाई के आखिर क्या मायने हैं।

उदयपुर का भीम सेतु राष्ट्र को किया समर्पित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर में सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित डबल लाइन पुल के लोकार्पण के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने किया उद्घाटन

बीआरओ के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीआरओ मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल बिलासपुर से वर्चुअल तौर पर जुड़े।

इस अवसर पर देश भर में 50 विभिन्न अधोसंरचना परियोजनाओं को देश को समर्पित किया गया, जिनमें सड़क और पुल शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिला के उदयपुर में निर्मित डबल लाइन पुल भी शामिल है। यह पल 4 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस पुल का निर्माण कार्य 20 फरवरी 2023 में शुरू हुआ और 17 जनवरी 2025 में समाप्त हुआ।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह पुल सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले यहां पर एक आरसीसी भीम सेतु हुआ करता था, जो 9 मीटर लंबा और 5 मीटर चौड़ा था, और इसकी लोड क्षमता मात्र 18 'आर' थी। उन्होंने कहा कि इस सेतु के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें होती थीं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए नया भीम सेतु तैयार किया है।

राज्यपाल ने कहा कि मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रोजेक्ट दीपक/38 सीमा सड़क कृतिक बल और 94 सड़क निर्माण इकाई के सभी रैंकों को बधाई देता हूं।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रियाएं

प्रधानमंत्री ने कहा था आतंकवाद पर बड़ा हमला होगा और हुआ : डॉ. राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस मजबूती के साथ देश खड़ा हुआ, दुनिया के अंदर पाकिस्तान को अलग-थलग किया गया और सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता देते हुए इस आतंकवादी घटना का बदला लेने के लिए एक दृढ़ निश्चय किया और उसका परिणाम मध्य रात्रि में 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में निकल कर आया। हम इस महान व्यक्तित्व को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए, देश के मान-सम्मान के लिए दुनिया को साथ लेकर पाकिस्तान के साथ, पाकिस्तान के आतंकवाद के साथ लोहा लिया है। उन्होंने देश की तीनों सेनाओं को भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पर बड़ा हमला होगा और हुआ। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारत सरकार को बहुत-बहुत बधाई : शांता कुमार

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारत सरकार को और भारत के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। इस समाचार से भारत ही नहीं पूरे विश्व के करोड़ों लोग जो आतंकवाद के विरुद्ध है, खुशी मना रहे होंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ठीक समय पर ठीक तरीके से ऑपरेशन हुआ और आतंकवादियों के इलावा किसी नागरिक को कोई नुकसान नही हुआ। उन्होंने कहा कि रात के लगभग एक बजे जिन देश भक्तों, बहादुर भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के आतंकवाद के अड्डों को नष्ट करने का कठिन काम किया है उन सब जवानों को भी बहुत-बहुत बधाई और उनका धन्यवाद। उन्होंने उन सब जवानों के परिवारों के लोगों को भी बधाई दी है।



24 मिसाइलों के जरिए 9 आतंकी शिविरों को किया गया ध्वस्त : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि भारतीय सेवा ने जिस प्रकार से आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया है, उसके लिए केंद्र सरकार व सेना के जवान बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि जवाब मिलेगा और करार मिलेगा और इस एक्शन से जवाब मिला है और करार मिला है। उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन 9 ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए तीनों सेनाएं प्रशंसा की पात्र: बिलाल अहमद शाह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष बिलाल अहमद शाह ने कहा है कि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाकर 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई निहत्थे हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्याओं का प्रतिकार लेकर प्रधानमंत्री मोदी के वायदे को पूरा किया है, इसके लिए तीनों सेनाएं बधाई की पात्र हैं। बिलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें पूरी तरह नष्ट करके 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए इन आतंकी शिविरों को ध्वस्त किया गया। ये वो आतंकी ठिकाने थे जहां आतंकियों को भारत में दहशत फैलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी।

जीवन ठाकुर का विधायक प्रकाश राणा पर हमला, बोले-

क्षेत्र की भलाई के लिए नहीं किया कुछ

प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने मौजूदा विधायक प्रकाश राणा पर नकारात्मक राजनीति करने और क्षेत्र के विकास कार्यों में विफल रहने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि विधायक जनता के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह असफल रहे हैं।

जीवन ठाकुर ने कहा कि प्रकाश राणा केवल प्रदेश को कर्ज में डुबोने की बात करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि डबल इंजन की जयराम सरकार ने भी करीब 30 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। सुक्खू सरकार ने आपदा के समय लोगों की मदद के लिए मजबूरी में 1200 करोड़ रुपए का कर्ज लिया, जिससे गरीबों के लिए आवास बनाए गए और भडोल क्षेत्र के प्रभावितों को 7-7 लाख रुपए की मदद दी गई। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश पर आई आपदा के समय न तो सांसद दिखाई दिए और न ही विधायक, जबकि केंद्र का यह दायित्व बनता था कि वह सहायता प्रदान करता। चिकित्सा सेवाओं को लेकर ठाकुर ने कहा कि विधायक केवल धरने और प्रदर्शन की धमकी दे रहे हैं, जबकि उन्हें प्रदेश सरकार के पास जाकर समाधान निकालने की कोशिश करनी चाहिए थी।

उन्होंने कहा कि यदि विधायक अस्पताल के उपकरणों के लिए अपनी निधि से आधा बजट भी खर्च करते, तो वहां की हालत सुधर सकती थी। चुल्हा प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि यह परियोजना लंबे समय तक लटकी रही और विधायक चुप्पी साधे रहे।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चिंतपूर्णी में बढ़ी चौकसी

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जिले में प्रमुख स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। भारत द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद हिमाचल भी अलर्ट हो गया है। इसके चलते हिमाचल के शक्तिपीठों में पुलिस की ओर से चौकसी बढ़ा दी गई है। चिंतपूर्णी मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी गई। चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा खुद चिंतपूर्णी के साथ लगते सभी क्षेत्र की पेट्रोलिंग करते नजर आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से जो श्रद्धालुओं के वाहन आ रहे हैं उनकी भी प्रॉपर चेकिंग की जा रही है, ताकि कोई संदिग्ध हिमाचल एरिया में ना आ जाए। चिंतपूर्णी पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अगर किसी को कोई संदिग्ध वस्तु मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बुधवार को चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी गई। ऐसा माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ी चौकसी के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पुलिस की चौकसी में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

एक-एक बूंद खून का बदला लेगा भारत : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, वह करके दिखाया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं और उनके सहयोगियों को ऐसी कीमत चुकानी होगी, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। आज पाकिस्तान के आतंकी बिलबिला रहे हैं। आतंकियों पर कार्रवाई हुई है और उनका पूरा कैंप ही खत्म हो गया है।

उन्होंने अपने सरकारी निवास शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत में आतंकी भेज कर निर्दोष लोगों की हत्या करने की पाकिस्तान को ऐसी सजा मिलेगी, जिसे आने वाले समय में याद रखा जाएगा। आज पाकिस्तान में एक साथ 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों पर 24 मिसाइलों से स्ट्राइक करके आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत के जिन बेटियों का सुहाग पाकिस्तान के आतंकवादियों ने उजाड़ा था उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' से जवाब दिया जा चुका है।

जयराम ने कहा कि भारत के एक भी नागरिक की हत्या की पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत के तीनों सेनाओं ने सिर्फ पीओके ही नहीं, पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों और उनके शरणदाताओं को नेस्तनाबूत किया है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिस तरह से हमारे देश की बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया था। भारत की तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर करके बहुत बड़ा बदला पाकिस्तान और आतंकवादियों से लिया है। हम तीनों सेनाओं के जांबाजों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा

जयराम ने कहा कि देश के लोगों को पीएम मोदी पर भरोसा है। पाकिस्तान को उसके किए की भरपूर सजा मिलेगी। पहलगाम के बाद से भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम पाकिस्तान को बहुत भारी पड़ रहे हैं। सिंधु जल समझौता निर्लबित करने के बाद से पाकिस्तान का पानी रोका गया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में झेलम नदी का पानी रोकने की वजह से आज झेलम का नजारा अलग है। कश्मीर के लोग कह रहे हैं कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि पाकिस्तान का पानी इस तरह से भी रोका जा सकता है। इसके लिए भारत के लोग सरकार की प्रशंसा कर रहे हैं।

खुलासा माप-तोल विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, बिलासपुर के मंडी भराड़ी, औहर और पनोह क्षेत्र के रेस्तरां से जब्त हुआ संदिग्ध विदेशी सामान

फोरलेन एरिया में अवैध विदेशी चॉकलेट और कोल्डड्रिंक की बिक्री का भंडाफोड़

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर जिला के फोरलेन एरिया में अवैध रूप से बिक रही विदेशी चॉकलेट और कोल्डड्रिंक को लेकर माप-तोल विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने निरीक्षण के दौरान कई रेस्तरां और ढाबों से ऐसी वस्तुएं जब्त की हैं जिनमें न तो एक्सपायरी डेट दर्ज थी, न निर्माण की तिथि और न ही गुणवत्ता से संबंधित कोई जानकारी दी गई थी।

वहीं, खास बात तो यह है कि यह सभी प्रोडक्ट विदेशों में तैयार किए जाते हैं। यह छापेमारी विशेष रूप से किरतपुर नेरचौक फोरलेन के अंतर्गत आने वाले मंडी भराड़ी, औहर और पनोह क्षेत्रों में स्थित रेस्तरां और खाने-पीने के प्रतिष्ठानों पर की गई। सहायक नियंत्रक प्रवीण सिउटा के नेतृत्व में माप-तोल विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान इन उत्पादों को जब्त किया और तुरंत फूड सेफ्टी विभाग को इसकी जानकारी प्रदान की। सिउटा ने कहा कि हमारी टीम को गुप्त सूचना

न एक्सपायरी डेट, न गुणवत्ता का प्रमाण, उपभोक्ता सुरक्षा को गंभीर खतरा

होटल मालिकों को जारी किए सख्त निर्देश अगली बार होगी कानूनी कार्रवाई

मिली थी कि कुछ होटल और रेस्टोरेंट में विदेशी ब्रांड्स के चॉकलेट व कोल्डड्रिंक्स बेचे जा रहे हैं, जिनके लेबल पर कोई वैध जानकारी नहीं दी गई है। यह उपभोक्ताओं की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

उन्होंने बताया कि जब्त किए गए उत्पादों में कुछ ऐसे ब्रांड शामिल हैं जो भारत में अधिकृत रूप से पंजीकृत नहीं हैं, न ही उनके पास आयात संबंधी वैध दस्तावेज हैं। इसके अलावा, पैकिंग पर न तो एमआरपी अंकित था और न ही किसी तरह की हिंदी या अंग्रेजी में उपभोक्ता जानकारी। इससे यह संदेह गहराया कि इन वस्तुओं को अवैध रूप से देश में लाया गया है और बिना जांच के

उपभोक्ताओं को बेचा जा रहा है।

विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में माप-तोल विभाग ने फोरलेन एरिया में स्थित सभी होटल और रेस्टोरेंट मालिकों को सख्त चेतावनी दी है कि वे बिना वैध जानकारी और गुणवत्ता जांच के किसी भी विदेशी खाद्य उत्पाद की बिक्री न करें। यदि अगली बार इस तरह का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने साफ किया है कि इस प्रकार के उत्पाद न केवल खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं की सेहत के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं।

विभाग ने जब्त किए गए उत्पादों के सैंपल एकत्रित कर उन्हें प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सैंपल जांच के बाद यदि इनमें किसी प्रकार के हानिकारक रसायन या घटिया सामग्री पाई जाती है, तो दोषियों पर आपराधिक मामला भी दर्ज किया जा सकता है। माप-तोल विभाग ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि वे किसी दुकान, होटल या रेस्तरां में बिना लेबल, एक्सपायरी या गुणवत्ता जानकारी वाले विदेशी उत्पाद देखें, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें प्रशासन और जनता को मिलकर उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करनी होगी।

फोरलेन एरिया के मंडी भराड़ी, औहर और पनोह क्षेत्र के रेस्तरां में विदेशी चॉकलेट और कोल्डड्रिंक मिले हैं। यह पूरी तरह से अवैध है, विभाग ने इसके सैंपल भी लिए हैं।

नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं।
-प्रवीण सिउटा, सहायक नियंत्रक माप तोल विभाग बिलासपुर।

वहीं, बिलासपुर जिला के फोरलेन एरिया में माप-तोल विभाग की यह कार्रवाई न केवल अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने का प्रयास है, बल्कि उपभोक्ताओं को जागरूक करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि क्या इस मुहिम से स्थानीय बाजारों में विदेशी उत्पादों की अनियंत्रित बिक्री पर विराम लगता है या नहीं।

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर जिला इकाई की बैठक चालक प्रशिक्षण केंद्र बस स्टैंड हमीरपुर में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक शुरू करने से पहले पहलगांव में हुए आंतकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई व दो मिनट का मौन रखा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि समय पर पेंशन न मिलने के कारण परिवहन पेंशनरों में सरकार व निगम प्रबंधन के प्रति गहरा रोष है। एक तरफ तो सरकार व्यवस्था परिवर्तन का ढोल पीट रही है, लेकिन 8500 परिवहन पेंशनरों को कभी समय पर पेंशन नहीं दी जाती है, जो कि हमारे साथ बुढ़ापे में अन्याय किया जा रहा है, जिसे कल्याण मंच बर्दास्त नहीं करेगा। पेंशनरों ने सरकार व निगम प्रबंधन से मांग की है कि हमें पहली तारीख को पेंशन दी जाए, ताकि इस बुढ़ापे में हमारा ठीक ढंग से गुजर-बसर हो सके। बैठक को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि लगभग 3 वर्षों से चिकित्सा बिलों का भुगतान करने में भी सरकार नाकाम रही है जिस कारण बुढ़ापे में बीमारियों का इलाज करवाना भी मुश्किल हो गया है। कल्याण मंच सरकार व निगम प्रबंधन से मांग करता है कि पेंशन पहली तारीख को दी जाए तथा हमारे वितिय लाभ भी शीघ्र अतिशीघ्र दिए जाएं। हिमाचल परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर इकाई ने एचआरटीसी पेंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति से आग्रह किया कि शीघ्र ही बैठक कर आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर सरकार व निगम प्रबंधन को अंदोलन का नोटिस दिया जाए, ताकि पेंशनरों के हक की लड़ाई को लड़ा जा सके। बैठक में रामलाल, रघुनाथ, कुलवंत, बलदेव, सगली, भाग सिंह, बलबीर पठानिया, रणजीत, सतीश, सुरिंद्र सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

एचडीएफसी बैंक की घुग्गर शाखा का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को एचडीएफसी बैंक की घुग्गर शाखा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस बैंक की शाखा के खुलने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक बेहतरीन कार्य कर रहा है और एचडीएफसी बैंक की पालमपुर में यह तीसरी शाखा है। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से शाखा में दी जा जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर प्रमुख शिवेंद्रा चौहान ने विधायक को शॉल व टोपी भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर निगम पालमपुर महापौर गोपाल नाग, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल के सदस्य त्रिलोक चंद, पार्षद दिलबाग, बैंक शाखा प्रबंधक मुकेश शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आपात परिस्थितियों से निपटने के बताए तरीके

अनंत ज्ञान, इंदौरा। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में स्कूल के बच्चों को मॉकड्रिल के लिए जागरूक किया गया। बच्चों और शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को भूकंप, आगजनी अथवा अन्य आपात स्थितियों में सुरक्षित बाहर निकलने की प्रक्रिया सिखाना था। रेणु परमार ने बताया कि ऐसी मॉक ड्रिल से बच्चों में आपदा के समय घबराने की बजाय समझदारी से कार्य करने की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर बच्चों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षित निकासी की तकनीकों के बारे में बताया गया।

32 मील में कार और मिलर की भिड़ंत

अनंत ज्ञान, कोटला। पठानकोट-मंडी एनएच 154 पर 32 मील चौक में एक कार व मिलर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई हैं। कार पठानकोट से कांगड़ा की ओर जा रही थी और उसी लेन में फोरलेन निर्माण कार्य मे लगा एक मिलर 32 चौक पर बिना इंडिगेटर के लंज रोड की ओर टर्न हो गया, जिससे दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को हाईवे से हटाया गया। और पुलिस की ओर से आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नूरपुर कॉलेज में करवाई मॉकड्रिल

अनंत ज्ञान, नूरपुर। राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में एनसीसी कैडेट्स की ओर से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की जानकारी देना, युद्ध तथा संकट की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया को समझाना तथा विद्यार्थियों व स्टाफ को सजग बनाना था। सायरन बजाकर आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई। इसके बाद सार्जेंट साहिल, सीपीएल अक्षित कुमार तथा सीपीएल रोहित कुमार ने अग्निशमन, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, सुरक्षित निकासी और रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। श्री अनिल ने कहा कि ऐसे अभ्यास युवाओं में आपदा के समय धैर्य, नेतृत्व और सक्रियता की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के वरिष्ठ सह आचार्य प्रोफेसर संजय कुमार जसरोटिया, प्रोफेसर सीमा ओहरी, प्रोफेसर मनजीत, प्रोफेसर रीमा, प्रोफेसर शशि बाला, प्रोफेसर अलका, डॉ. सोहन भी उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिकों की पाक को चेतावनी, छेड़ोगे, तो छोड़ेंगे नहीं

'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना, बोले- अब खून का बदला खून से लिया जाएगा

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

पूर्व सैनिकों ने पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। पूर्व सैनिकों खुशी जताते हुए कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी था।

उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से पाकिस्तान ने आंतकियों को पनाह दे रखी है और यही आंतकी भारत की शांति को भंग कर निर्दोष भारत के लोगों का खून बहाने में लगे हुए हैं। अब खून का बदला खून से लिया जाएगा। पाकिस्तान के साथ युद्ध कर चुके पूर्व सैनिक प्रशोत्तम चंद का कहना है कि भारत ने अपना बदला लेकर बहुत अच्छा किया। आंतकियों ने जिन निर्दोष लोगों को मारा है, उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता था। 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारतीय सेना ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में चेतावनी दे दी है कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि सिंदूर का बदला हमने सिंदूर से लेना था। भारत ने पहले ही कह दिया था हम अपने गुनाहगारों को छोड़ने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब समय आ चुका है कि बचे आंतकियों का पूरी तरह से सफाया कर दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रियाएं

पाक ने युद्ध किया तो हम भी मैदान में उतरने को तैयार : प्रशोत्तम

पाक को सबक जरूरी, आतंकियों को पनाह देने से पहले कई बार सोचे : मनकोटिया

मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो सिर्फ डंडे के भाषा समझता है। यह सुधरने वाला नहीं। उन्होंने कहा कि मैंने पाकिस्तान के खिलाफ तीनों लड़ाइयों लड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत की जनता खुश है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा उसे कर दिखाया है। हमें अपनी भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के साथ 1972 की जंग में करारी हार का सामना किया था और 84 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के समक्ष घुटने टेकते हुए आत्मसमर्पण किया था। पाकिस्तान कायर है, हमें अब चुप नहीं बैठना है। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना होगा, ताकि वे दौरान आतंकवादियों को पनाह देने की सोचे भी न। भारत जिन निर्दोष लोगों को मारा गया, उसके बदले पाकिस्तान को माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन जंग की बातें करता रहा। भारत ने पाकिस्तान को दिखा दिया कि उसे छेड़ा, तो भारत छोड़ेगा नहीं।

भारतीय सेना को बड़ी कामयाबी : कर्नल जग्रेश

कर्नल जग्रेश सिंह ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने हमला कर निर्दोष लोगों को मारा था, जो भारत के ऊपर हमला था। इसके के मध्यनजर प्रधानमंत्री व भारत की सेना ने निश्चय किया था कि हम दुश्मनों को सजा देंगे और हमले का बदला लेंगे। भारतीय सेना ने एक प्लान के तहत काम करते हुए आंतकी ठिकानों को तबाह किया है। यह भारतीय सेना की कामयाबी है, जिसने दुशमनों को सजा दी है। हमने किसी निर्दोष पर हमला नहीं किया। हमने हमला उन आतंकियों पर किया है, जिन्होंने भारत के लोगों को मारा है।

भारतीय सेना का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब: भगवान दास

अनंत ज्ञान, गरली। थाना बग्रां गांव के 93 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी भगवाना दास शर्मा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की और भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सलाम किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई सटीक और निर्णायक कार्रवाई ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया और 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। यह कार्रवाई पुलवामा के बाद देश के आत्मसम्मान का प्रतीक बन गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जिस प्रकार पाकिस्तान को सबक सिखाया है, वह उन हिंदुओं के लिए न्याय है, जिन्हें पहलगाम में बेमौत मारा गया। यह सिर्फ शुरुआत है, अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को हर मोर्चे पर करारा जवाब दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो मैं आज भी बंदूक उठाकर देश की रक्षा के लिए तैयार हूं। हमें एकजुट होकर पाकिस्तान की हर नापाक हरकत का जवाब देना होगा।

रक्कड़ में चलेगा नशे के खिलाफ अभियान चिट्टा बेचने वाले होंगे सलाखों के पीछे

चिट्टा बेचने वालों की तैयार की जा रही लिस्ट : संदीप

अनंत ज्ञान, रक्कड़

रक्कड़ पुलिस थाना में कार्यभार संभालते ही एसएचओ संदीप पटियाल ने नशा माफिया के खिलाफ युद्धस्तर पर कार्रवाई का ऐलान कर दिया है। थाना क्षेत्र में बढ़ रहे चिट्टा कारोबार को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेते हुए उन्होंने दो टूक कहा है कि चिट्टा बेचने वालों को पुलिस अब चुन-चुन कर पकड़ने जा रही है।

पटियाल ने कहा कि रक्कड़ थाना क्षेत्र को नशामुक्त बनाना उनकी प्राथमिक प्राथमिकता होगी। पुलिस की नजर हर उस व्यक्ति पर है, जो चिट्टा बेचकर युवाओं का भविष्य खराब कर रहा है। ऐसे तत्वों को अब जेल की हवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि चिट्टा बेचने वाले कानून से नहीं बच पाएंगे। हमारे पास पूरी जानकारी है कि कौन, कहां और कैसे नशे का जाल फैला रहा है। अब समय आ गया है कि इन लोगों को उनकी सही जगह यानी सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए।

एसएचओ बोले- पुलिस को दें नशा कारोबार से जुड़ी हर जानकारी

संदीप पटियाल ने जनता से अपील की कि यदि किसी को नशा कारोबार से जुड़ी जानकारी है तो तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रक्कड़ क्षेत्र में नशे के कारोबार को बिलकुल भी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिट्टा बेचने वालों की लिस्ट तैयार की जा रही है और जल्द ही विशेष अभियान चलाकर ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान भी शुरू किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे से बचाया जा सके।

ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता व ताकत का अद्भुत उदाहरण : रविंद्र धीमान

बोले- यह मिशन पीएम मोदी के निर्णायक नेतृत्व, हमारी सेनाओं के शौर्य की प्रतिबद्धता का प्रतीक

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

जयसिंहपुर के पूर्व भाजपा विधायक रविंद्र धीमान ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना को हार्दिक धन्यवाद एवं बधाई दी है।

धीमान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता, कूटनीतिक ताकत और मानवीय संवेदनाओं का अद्भुत उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी वायुसेना ने जिस साहस, समर्पण और कुशलता के साथ यह अभियान सफल बनाया है, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विशेष रूप से ऑपरेशन में शामिल जवानों, पायलटों और सभी अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। यह अभियान दुनिया को यह संदेश देता है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है, चाहे वे दुनिया के किसी भी कोने में हों। धीमान ने कहा कि यह मिशन प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व, हमारी सेनाओं के शौर्य और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

पाकिस्तान में आतंकी फैक्टरी को किया खत्म : सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने सेना की पाकिस्तान पर कार्रवाई पर सेना ओर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने सेना की कार्रवाई को पहलगाव की निर्मम हत्या का बदला करार दिया। सुधीर शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष लोगों के निर्माम हत्या कर दी गई और उसके बाद पूरे देश में रोष था। वहीं, प्रधानमंत्री अपना सऊदी अरब का दौरा छोड़कर आए और सुना के साथ चर्चा की और सेना को पूरा अधिकार दिया कि जहां भी आतंकी छिपे हैं उनसे बदला ले। विपक्ष के लोग भी लगातार जगह-जगह जाकर भाषण दे रहे थे कि कुछ नहीं करेंगे, लेकिन जिस तरह से प्रधानमंत्री ने बिहार की जनसभा में कहा था कि जहां भी आतंकी छिपे होंगे, उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा और आज उन्हें मिट्टी में मिला दिया गया है।

अनंत एजुकेशन / करियर

Job Opportunity अनंत ज्ञान

टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती का मौका

टेरिटोरियम आर्मी ऑफिसर
- कुल 19 पद
- आवेदन करने की अंतिम तिथि: *10 जून, 2025*
- आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित

आवेदन करें : *indianarmy.nic.in*

आईडीबीआई बैंक में भरे जाएंगे 600 प्लस पद

जूनियर असिस्टेंट मैनेजर
- कुल 676 पद
- आवेदन की शुरुआत: *8 मई, 2025 से*
- अंतिम तिथि: *18 मई, 2025*

आवेदन करें : *idbibank.in*

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन: किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन की डिग्री
- सिलेक्शन प्रोसेस : ऑनलाइन टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, पर्सनल इंटरव्यू, प्री रिक्रूटमेंट मेडिकल टेस्ट

आंध्र में शिक्षक बनने का सुनहरा मौका

शिक्षक
- कुल 16347 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि: *15 मई, 2025*
- न्यूनतम योग्यता: बैचलर ऑफ एलीमेंट्री एजुकेशन
- न्यूनतम योग्यता: स्कूल शिक्षक पात्रता परीक्षा

आवेदन करें : *apdsc.apcfss.in*

बिहार में इंजीनियरों के लिए भर्ती

सहायक अभियंता
- कुल 1024 पद

पदों का विवरण
- सहायक अभियंता (असैनिक) 984
- सहायक अभियंता (यांत्रिक) 36
- सहायक अभियंता (विद्युत) 04

- ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि : 30 अप्रैल 2025
- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 28 मई 2025
- न्यूनतम योग्यता: सिविल, मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री
- न्यूनतम आयु: 21 वर्ष

आवेदन करें : *www.bpsc.bihar.gov.in*

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

शारीरिक शिक्षा

करती अनुशासन टीम वर्क सॉफ्ट स्किल्स को विकसित

शारीरिक शिक्षा करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करती है, रोजगार योग्य कौशल बढ़ाती है और विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों के लिए अवसर प्रदान करती है। यह केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा देती है, जो आज के कार्यस्थल में अत्यंत आवश्यक गुण हैं। शारीरिक शिक्षा का एक प्रमुख लाभ यह है कि यह अनुशासन, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स को विकसित करती है। खेलों और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना लगातार प्रयास, लक्ष्य निर्धारण और सहयोग की मांग करता है, जो व्यावसायिक जीवन में भी सीधे उपयोगी होते हैं। इससे आत्मविश्वास और सहनशीलता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति कार्यस्थल के तनाव और चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकता है। इसके अलावा, शारीरिक शिक्षा कई करियर विकल्पों की नींव रखती है। यह खेल कोचिंग, फिजियोथेरेपी, फिटनेस ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, और रिक्रिएशन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है। दुनिया में स्वास्थ्य और वेलनेस को लेकर बढ़ती जागरूकता के चलते हेल्थ प्रमोशन, फिटनेस कंसल्टेंसी और एथलेटिक ट्रेनिंग जैसे प्रोफेशन की मांग बढ़ रही है। शारीरिक शिक्षा का योगदान शिक्षण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यों में भी देखा जाता है। यह एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती है, जिससे समाज का समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। अतः शारीरिक शिक्षा न केवल स्वास्थ्य और खेल से संबंधित करियर की तैयारी करती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और करियर सफलता के लिए आवश्यक गुण भी प्रदान करती है।

सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

असफलताओं से सबक सीखिए और आगे बढ़िए

असफलता करती आत्म मूल्यांकन के लिए प्रेरित

जीवन के किसी भी क्षेत्र में प्रयासरत व्यक्ति को हमेशा यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि सफलता और असफलता एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। लक्ष्य प्राप्ति में असफलताओं के बावजूद निरंतर आगे बढ़ने का जुनून ही हमारी असफलता को सफलता के मार्ग में सहायक बनाने का कार्य करता है। वास्तव में असफलता एक अस्थायी स्थिति है, यह अंतिम परिणाम नहीं, जिसे हम स्थायी मानकर जीवन में हार मानकर बैठ जाएं। असफलता हमें आत्म मूल्यांकन के लिए प्रेरित करती है और अपने प्रयासों का विश्लेषण करने के लिए राह दिखाती है। हमें अपनी कमियों से अवगत कराने का अवसर प्रदान करती है और इन सभी पहलुओं पर धीरता और गंभीरता से चिंतन मनन करके आगे का मार्ग मार्ग प्रशस्त करवाती है।

सफलता और असफलता दोनों ही अनुभव

जीवन एक यात्रा है, जिसमें सफलता और असफलता दोनों ही अनुभव होते हैं। हर व्यक्ति को कभी न कभी असफलता का सामना करता है, परंतु असफलता अंत नहीं होती, बल्कि यह एक अवसर होता है। कुछ नया सीखने और खुद को बेहतर बनाने का और अधिक ऊर्जा, क्षमता और समर्पण के साथ फिर से प्रयास करने का। दुनिया में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं, जिसे अपने जीवन में असफलताओं का सामना न करना पड़ा हो। महान वैज्ञानिक थॉमस एडीसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता पाई, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनका यह कथन प्रसिद्ध है 'मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो केवल यह जान लिया कि वह तरीका काम नहीं करता।' इसी सोच के साथ वे निरंतर प्रयासरत रहे और अंततः सफल हुए।

असफलता बनाती है हमें विनम्र

असफलता हमें विनम्र बनाती है और धैर्य तथा आत्मविश्लेषण सिखाती है। यह हमें मानसिक रूप से मजबूत बनाती है और आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि हम कितनी बार असफल हुए, बल्कि यह है कि हम हर बार उससे क्या सीखे और कैसे उठ खड़े हुए। यदि हम असफलता से डरकर रुक जाएं, तो हम कभी भी अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएंगे। यदि हम उसे सीखने का माध्यम मानकर आगे बढ़ें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। अतः असफलताओं को अपने जीवन का शिक्षक बनाइए, उनसे सबक सीखिए और नए उत्साह के साथ आगे बढ़िए। यही जीवन की सच्ची सफलता है।

विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

सीयूईटी यूजी परीक्षा में आत्मविश्वास से पाएं सफलता

सीयूईटी यूजी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) देश के सबसे महत्वपूर्ण एग्जाम्स में से एक है। लाखों छात्र हर साल इस परीक्षा में शामिल होते हैं और इसका परिणाम उनके भविष्य की दिशा तय करता है। पहले सीयूईटी यूजी परीक्षा 8 मई से शुरू होना संभावित थी, लेकिन अब एनटीए की ओर से यह परीक्षा 13 मई से शुरू होगी। अब जब परीक्षा सिर पर है, तो घबराने की नहीं, बल्कि संयम और सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। नीचे कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

पढ़े विषयों को बार-बार रिवाइज करें

***परीक्षा** नजदीक है, इसलिए ऐसे समय में नया टॉपिक पढ़ने से बचें, जितना हो सके पहले से पढ़े हुए विषयों को ही बार-बार हजार बार रिवाइज करें।*

मॉक टेस्ट देकर खुद को करें तैयार

सीयूईटी परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट है यानी आपकी परीक्षा कंप्यूटर में होगी। 12वीं तक आप पेन पेपर बेस्ड परीक्षा देते आएं हैं, हो सके तो कुछ मॉक टेस्ट आपको लेपटॉप/संगणक में देने चाहिए, ताकि परीक्षा वाले दिन आप पहले से ही तैयार रहें। आपको कंप्यूटर पर परीक्षा देने में किसी भी तरह की दिक्कत न आए।

महत्वपूर्ण टॉपिक्स को दें ज्यादा समय

आपको प्रश्नों के स्तर का जायजा लेना अति आवश्यक है, इसलिए पूर्व में आए प्रश्न पत्रों को अनिवार्य रूप से सॉल्व करें। ऐसा करते हुए इस अंतिम समय में आप उन टॉपिक्स ज्यादा समय लगाएं, जो परीक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। पीवाईक्यू के लिए आप एनटीए की वेबसाइट का रुख कर सकते हैं।

वेबसाइट चेक करते रहें

अभी परीक्षा की डेटशीट भी जारी नहीं हुई है, सिटी इनफोर्मेशन स्लिप, एडमिट कार्ड परीक्षा से 2-3 दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। जैसा विदित है आज की ऑनलाइन दुनिया में परीक्षा से सम्बधित सूचनाएं वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित की जाती हैं, इसलिए आप विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि सीयूईटी यूजी परीक्षा से सम्बधित सारे अपडेट्स हेतु ऑफिशयल वेबसाइट **cuet.nta.nic.in** को नियमित तौर से चेक करते रहें।

परीक्षा से पहले रात में अच्छी नींद लें

आपकी रिविजन परीक्षा से दो दिन पूर्व तक समाप्त हो जानी चाहि, एक दिन पहले देर-रात तक पढ़ाई करने से बचें। दिमाग को ताजगी और आराम की जरूरत होती है। पूरी नींद (6-7 घंटे) लेने से आपकी याददाश्त और एकाग्रता बेहतर बनी रहेगी।

मनीष कुमार, जयसिंहपुर

एडमिट कार्ड, दस्तावेज तैयार रखें

परीक्षा से पूर्व 1-2 दिन पूर्व ही अपना एडमिट कार्ड, वैध फोटो प्रमाण पत्र (आधार कार्ड आदि), दो पासपोर्ट साइज फोटो और अन्य जरूरी सामान एक बैग में रख लें, ताकि एग्जाम वाले दिन सुबह हड़बड़ी न हो।

एडमिट कार्ड कैसे करें तैयार

एडमिट कार्ड के पहले पेज में सबसे नीचे तीन बॉक्स बने होंगे, पहले में अपनी सुंदर सी तस्वीर जो आपने ऑनलाइन फॉर्म भरते समय सर्वर पर अपलोड की थी। दूसरे बॉक्स में आपको बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगाना है। तीसरे बॉक्स में आपने कुछ नहीं करना उसको खाली छोड़ देना है।

परीक्षा केंद्र का लोकेशन पहले जान लें

एडमिट कार्ड में दिया गया परीक्षा केंद्र आपने पहले नहीं देखा है, तो एग्जाम से पहले ही जाकर उसकी लोकेशन देख लें। यह तय करें कि कितने बजे निकलना है और किस रास्ते से जाना है, ताकि सुबह आप सुगमता से परीक्षा केंद्र पर पहुंच सकें।

हल्का और संतुलित भोजन करें

आपका बीमार पड़ना आपकी मेहनत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, इसलिए खान-पान का विशेष ध्यान रखें। परीक्षा से पहले पेट भारी करने वाला या मसालेदार खाना न खाएं। हल्का, संतुलित और पोषणयुक्त आहार लें, ताकि ऊर्जा बनी रहे।

परीक्षा केंद्र पर समय पर पहुंचे

परीक्षा केंद्र पर कम से कम एक घंटा पहले पहुंच जाएं। गेट क्लोज होने के बाद प्रवेश पूर्णतः वर्जित है चाहे शिक्षार्थी एक मिनट ही लेट हो।

परीक्षा हाल में मन शांत रखें

पेपर हॉल में अन्विक्षक के निर्देश ध्यानपूर्वक सुनें। यह सुनिश्चित कर लें कि सिस्टम पर आप ही की तस्वीर और नाम है या नहीं। परीक्षा केंद्र में पैनिक बिलकुल न हों, जो प्रश्न आते हैं, पहले उन्हें हल करें। आप प्रश्नों को रिव्यू के लिए मार्क भी कर सकते हैं, जोकि बैंगनी रही के डिब्बे में आपको स्क्रीन पर दाईं ओर दिखाई देंगे।

ज्ञान की बात

- हिमालय प्रदेश की लाहौल घाटी के लोकप्रिय नृत्य कौन से हैं? -शन व शाबू
- हिमालय प्रदेश में कुल कितने वन्यजीव अभ्यारण्य हैं? -32
- हिमालय प्रदेश प्रदेश में कुल कितने राष्ट्रीय उद्यान हैं ? -पांच
- हाल ही में किस देश ने ताइवान के खिलाफ 'एनाकोंडा रणनीति' का उपयोग किया? -चीन
- झील करिबा, जो खबरों में देखी गई थी, किन दो देशों के बीच स्थित है? -जाम्बिया और जिम्बाब्वे
- पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कितनी मिसाइलें दागीं - 24
- कौन सा भारतीय शहर एशियाई महिला हैंडबाल चैंपियनशिप 2024 की मेजबानी कर रहा है? -नई दिल्ली

न्यूज ब्रीफ

बैजनाथ में पिकअप गाड़ी से देसी शराब बरामद

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। बैजनाथ पुलिस ने कुंसल में मंगलवार रात को पिकअप गाड़ी से अवैध देसी शराब की 19 पेटियों बरामद की हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आगामी जांच की जा रही है। अवैध शराब औ बोलेरो पिकअप गाड़ी को कब्जे में लिया गया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

गगल में सैर को निकला युवक लापता

अनंत ज्ञान, गगल। गगल निवासी 34 वर्षीय साहिल कुमार मंगलवार से लापता हो गया है। हर दिन की तरह सुबह सैर करने को जाता था, लेकिन कल वापस घर नहीं आया। गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ने बताया कि गगल निवासी साहिल पुत्र पवन महाजन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका बेटा सैर करने के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा है। साहिल अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ गया है, उसे हर जगह ढूंढा, लेकिन कहीं नहीं मिला है। साहिल को ढूंढने के लिए हर जगह सीसीटीवी कैमरो की मदद ली जा रही है।

कैंब्रिज स्कूल चूला में मनाया धावक दिवस

अनंत ज्ञान, डरोह। कैंब्रिज ग्लोबल स्कूल चूला में धावक दिवस मनाया गया। वहीं, स्कूल के अध्यक्ष सुरेंद्र जम्वाल की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लड़कियों की दौड़ प्रतियोगिता में स्वस्तिका, आरुषि व सुनिधि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। लड़कों की दौड़ में सूर्यांश, रियान और सौरभ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुशील अवस्थी ने धावक दिवस के महत्व के बारे में बताया और शारीरिक शिक्षा के अध्यापक अनिल कुमार व करण सिंह गुलेरिया ने मॉकड्रिल के बारे में बताया कि यदि भविष्य में विस्फोट की घटना होती है तो आत्मरक्षा कैसे करनी चाहिए।

नागरिक सुरक्षा योजना को लेकर समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को नागरिक सुरक्षा योजना की समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, नागरिक सुरक्षा कर्मियों व आपदा प्रबंधन इकाइयों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान युद्धकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा, आपात सेवाओं की तत्परता, आश्रय स्थलों की व्यवस्था, संचार माध्यमों की उपलब्धता तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी योजनाओं का अभ्यास समय-समय पर किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करना एवं एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करना है, जिससे आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में अफवाहों से बचना जरूरी है।

भारतीय सेना की कार्रवाई पर गर्व : अभिनव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने कहा कि भारतीय सेना की ओर से बीती रात 9 आतंकी ठिकानों पर की गई साहसिक और सटीक कार्रवाई पर अभाविप अपनी गहरी सराहना एवं गर्व प्रकट करती है। अभिनव ने कहा कि यह ऑपरेशन न केवल हमारे वीर जवानों की रणनीतिक दक्षता और अदम्य साहस का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध है। आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक कदम से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार को दी चेतावनी, शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करें, कहा–

मांगें नहीं मानी तो ऑनलाइन कार्यों का करेंगे पूर्ण बहिष्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रेसवार्ता करते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष अनिल भाटिया।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ने प्रदेश सरकार चेताया कि वह शिक्षकों का उत्पीड़न बंद करे। शिक्षक लंबे अरसे से अपने मोबाइल और अपने इंटरनेट पैक से सभी प्रकार के सरकारी ऑनलाइन कार्यों को अंजाम देते रहे हैं, लेकिन अब शिक्षकों के सब्र का बांध टूट चुका है।

पूर्व में दिए गए अल्टीमेटम अनुसार, दो सप्ताह के भीतर यदि सरकार या विभाग की ओर से इंटरनेट की सुविधा के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध नहीं करवाई जाती है, तो सभी शिक्षक अपने निजी मोबाइल से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे, जिसका उत्तरदायित्व विभाग का होगा। धर्मशाला में बुधवार को प्रेसवर्ता में संघ के अध्यक्ष अनिल भाटिया ने कहा कि यदि 15 मई तक स्कूलों में इंटरनेट, मोबाइल सिम तथा नेट पैक आदि सुविधा नहीं दी गई, तो शिक्षक ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे। इस संबंध में पहले ही सभी संबंधित खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पास पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें शिक्षकों ने स्पष्ट किया है कि अपने निजी संसाधनों का उपयोग करके वे अब और सरकारी कार्य नहीं करेंगे। इन पत्रों की प्रतिलिपियां प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी 23 खंड अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के पास भी आई हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने बीते 26 अप्रैल को अपनी मांगों को लेकर एक दिन का सांकेतिक प्रदर्शन किया था। इसके उपरांत प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक कक्षाओं के लिए अलग निदेशालय सहित अन्य मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन दिनांक 26 अप्रैल से जारी है। प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए धरना देने वाले कई शिक्षकों पर सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए संघ के पदाधिकारियों को सरकार निलंबित कर चुकी है, कई शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चौड़ा मैदान शिमला में धरने में शामिल शिक्षकों का एक दिन का वेतन तक काटने की बात सरकार कर ओर से की जा रही है।

प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष अनिल भाटिया ने बताया कि प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक है, लेकिन सरकार व विभाग तानाशाही दिखाते हुए शिक्षकों पर कई तरह के अनावश्यक दबाव बना रहा है।

निजी बस ऑपरेटरों ने नए आरटीओ का किया स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। कांगड़ा जिले निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी ने आरटीओ ऑफिस धर्मशाला में नए आरटीओ मनीष सोन का शॉल और टोपी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर धर्मशाला में समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और एसोसिएट मेंबर विशेष रूप से उपस्थित थे।

नए आरटीओ मनीष सोनी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे निजी बस ऑपरेटरों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुरक्षित बनाना होगा।

सालगिरह मुबारक

जिया के त्रिलोक नाथ और सुलक्षणा को शादी की 31वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

सुजाता ने पास की जेआरएफ नेट की परीक्षा

अनंत ज्ञान, जवाली। उपमंडल जवाली के अंतर्गत ढन गांव की सुजाता ने जीव विज्ञान विषय में जेआरएफ नेट की परीक्षा पास की है। सुजाता ने जीव विज्ञान विषय में 99.78 परसेंटाइल हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर 70वां रैंक हासिल किया है। एनटीए की ओर से आयोजित जेआरएफ नेट की परीक्षा में जीव विज्ञान विषय में राष्ट्रीय स्तर आयोजित परीक्षा में 72009 प्रतिभागियों ने भाग लिया और सुजाता ने इसमें 70वां रैंक हासिल कर इलाके का नाम रोशन किया है। सुजाता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों का दिया है। सुजाता ने अपनी बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली से उत्तीर्ण की है।

छठे वेतनमान की बकाया राशि जल्द की जाए जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन ने मांगों को लेकर की बैठक

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश कांगड़ा जिले के ब्लॉक धर्मशाला की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष जीएस ढडवाल की अध्यक्षता में शिव मंदिर शिल्ला चौक के सभागार में हुई। इसमें कांगड़ा जिले के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

बैठक में मांग की कि पहली जनवरी, 2016 से 31 जनवरी, 2022 के मध्य जो अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं, उनके संशोधित ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, लीव इनकैशमेंट का शीघ्र भुगतान करने, छठे वेतनमान की बकाया राशि की अदायगी करने, महंगाई भत्ते/महंगाई राहत, जो 11 प्रतिशत दर से, 4 प्रतिशत जुलाई, 2023 से, चार प्रतिशत जनवरी, 2024 से और 3 प्रतिशत जुलाई, 2024 से देय है, को अविलंब दिया जाए।

इसके अलावा चिकित्सा भत्तों के लंबित बिलों का शीघ्र बजट का प्रावधान करना और पहली जनवरी, 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को संशोधित लाभ क्रमश: 50 प्रतिशत की दर से तथा 30 प्रतिशत की दर महालेखाकार कार्यालय शिमला से शीघ्र स्वीकृत कराकर जारी करने की अपील की गई। वहीं, एसोसिएशन ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया

इंदौरा को बनाएंगे विकास का मॉडल : मलेंद्र

विधायक ने मलाहड़ी पंचायत में किए विकास परियोजनाओं के शिलान्यास

अनंत ज्ञान, इंदौरा

मलाहड़ी पंचायत में विकास परियोजना का शिलान्यास करते विधायक मलेंद्र राजन।

इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने बुधवार को मलाहड़ी पंचायत में विभिन्न विकास परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में एससी मोहल्ला के समीप पुलिया निर्माण, हरिराम खेत से पीर बाबा मंदिर (गांव कलावां) तक सड़क निर्माण व सुरक्षा दीवार का कार्य शामिल हैं। इन कार्यों पर लगभग 3.5 लाख रुपए की लागत आएगी।

विधायक मलेंद्र ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित पुलिया और सड़क निर्माण से स्थानीय निवासियों, विशेषकर किसानों और विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। विधायक ने कहा कि इंदौरा को विकास का मॉडल बनाना उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि जनता के सुझावों एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही योजनाओं का निर्माण कर उन्हें जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। मलाहड़ी पंचायत की प्रधान ममता कुमारी ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुदर्शन सिंह, एसआई मदन सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मकोटिया, पौंग बांध निदेशक कुलदीप शर्मा, तरसेम सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वयं सहायता समूह को वितरित किए पावर टिलर व कृषि उपकरण

विधायक ने स्वयं सहायता समूह को 5 लाख रुपए के पावर टिलर सहित आधुनिक कृषि उपकरण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि ये उपकरण महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है। प्राकृतिक रूप से उगाई गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम, मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम तथा हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

जरूरतमंदों का सहारा बनी रेडक्रॉस सोसायटी : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्परता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रयास भवन धर्मशाला में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित फिजियोथैरेपी यूनिट स्थापित की है और आधुनिक कंप्यूटरीकृत उपकरणों से पीड़ितों का उपचार किया जाता है। वर्ष 2024-25 में यह सुविधा 167 रोगियों को प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा स्थित धर्मशाला में अनूसूचित जाति छात्रावास भवन, नुरपुर में नशा निवारण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

नशा निवारण केंद्र में नशे से पीड़ित व्यक्तियों का उपचार के साथ-साथ काउंसिलिंग व मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की जाती हैं। इस केंद्र से वर्ष 2024-25 में लगभग 260 नशे से पीड़ित लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस प्रयास भवन, धर्मशाला में जिला पुर्नवास केंद्र रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल, धर्मशाला तथा सिविल अस्पताल, पालमपुर में मेडिकल बोर्ड कैंपों का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा जिले के अन्य क्षेत्रों में भी समय-समय पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सोसायटी जिला प्रशासन के निर्देश मिलने पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है।

आर्थिक सहायता व दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए 8,21,158 रुपए किए व्यय

कैंपों में दिव्यांगजनों को मौके पर ही सहायता उपकरण भी उपलब्ध करवाए जाते हैं, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, कांगड़ा स्थित धर्मशाला 2024-25 के दौरान गरीब, बीमार, जरूरतमंद, बीपीएल परिवार से संबंधित व असहाय लोगों के उपचार तथा ऑपरेशन पर नकद आर्थिक सहायता व दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए 8,21,158 रुपए की राशि व्यय की गई, जिससे 157 लोग लाभान्वित हुए।

बच्चों को घरद्वार पर मिलेगा ओआरएस घोल, जिंक की टेबलेट्स : एडीएम

कहा- जिले में चलेगा सघन दस्त एवं निमोनिया रोकथाम अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

निमोनिया अभियान की तैयारियों की समीक्षा करतीं एडीएम शिल्पी बेक्टा।

एडीएम शिल्पी बेक्टा ने बताया कि कांगड़ा जिले में सघन दस्त एवं निमोनिया रोकथाम अभियान शुरू किया जाएगा। पांच वर्ष से कम आयु के लगभग 99000 बच्चों को घरद्वार पर ओआरएस घोल और जिंक की टेबलेट्स वितरित की जाएंगी। डीसी कार्यालय परिसर में बुधवार को सघन दस्त एवं निमोनिया अभियान की तैयारियों को लेकर एडीएम शिल्पी बेक्टा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

उन्होंने कहा कि दस्त रोग बच्चों के लिए एक जानलेवा बीमारी है और इसकी रोकथाम और जागरूकता के लिए वर्ष में तीन बार जून माह, नवंबर माह तथा मार्च माह में सघन दस्त पखवाड़ा आयोजित किया जाता है, ताकि दस्त के जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके। गत वर्ष शून्य से पांच वर्ष के 97829 के करीब बच्चों को ओआरएस घोल व जिंक की टेबलेट्स वितरित की गई थीं। एडीएम शिल्पी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्कर्स के माध्यम से ओआरएस घोल तथा जिंक की टेबलेट्स घरद्वार पर मुहैया करवाई जाएंगी तथा इसके उपयोग को लेकर भी अभिभावकों को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों की बारिश के बाद अमूमन डायरिया के मामले सामने आते हैं। प्रदूषित जल और गंदगी डायरिया के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने जिले के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा जल स्रोतों और पानी के टैंक को भी साफ रखें। एडीएम ने आईपीएच विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने की दिशा में कारगर कदम उठाएं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को हैंडवॉश तथा नाखून साफ रखने को लेकर जागरूक करें, ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके।

लापरवाही पर फोटोग्राफर को 80,000 रुपए जुर्माना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने विवाह समारोह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में लापरवाही बरतने पर फोटोग्राफर को 80,000 रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। इसमें 9 प्रतिशत ब्याज सहित उपभोक्ता को 60,000 रुपए का भुगतान 30 दिन के भीतर लौटाने के आदेश दिए हैं। मानसिक प्रताड़ना व मुकद्दमेबाजी के तौर पर 10-10 हजार लौटाने होंगे। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि जुलाई, 2022 में हुई अपनी शादी और जून 2022 में आयोजित रिसेप्शन की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए फोटोग्राफर को 60,000 रुपए की राशि में नियुक्त किया था। फोटोग्राफर ने समय पर वीडियो और फोटो नहीं दिए गए। सुनवाई के दौरान फोटोग्राफर पेश नहीं हुआ, जिससे उसे आयोग ने एकतरफा करार दिया।

ज्वालामुखी बस अड्डे के पीछे मिला जले हुए नोटों का ढेर

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी

ज्वालामुखी बस स्टैंड के पीछे जलाए गए नोट।

ज्वालामुखी शहर के मुख्य बस अड्डे के पीछे बुधवार सुबह लोगों को जले हुए नोट मिले। जमीन पर जले हुए नोटों का ढेर था। इनमें 50, 100, 200 और 500 रुपए के कई नोट शामिल थे, जो पूरी तरह से जल चुके थे और उनके आधे हिस्से दिख रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे पहले कुछ राहगीरों ने नोटों के टुकड़े देखे और पास जाकर देखा तो वे पूरी तरह से जले हुए थे।

इसके बाद लोग देखते रहे, लेकिन किसी ने इसकी सूचना पुलिस और न ही प्रशासन को दी। वहीं, कुछ लोग इस काम को नशेड़ियों की ओर से किया बता रहे हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये नोट किसके हैं, इन्हें क्यों जलाया गया और किसने यहां फेंका। स्थानीय लोग इस घटना से हैरान है।

वहीं, प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। ज्वालामुखी थाना प्रभारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि उनके ध्यानार्थ मामला आया है और मामले की जांच की जा रही है।

सकोह डिस्पेंसरी को न किया जाए शिफ्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। नगर निगम धर्मशाला के सकोह में पांच दशक से अधिक समय से संचालित डिस्पेंसरी को अन्यत्र शिफ्ट न करने की मांग उठी है। इस डिस्पेंसरी को सकोह से निचले सकोह में शिफ्ट किया जा रहा है, जिसके विरोध में वार्ड-8 के लोगों ने पार्षद अनुज कुमार के नेतृत्व में डीसी कांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। यह डिस्पेंसरी वार्ड आठ व नौ के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। वार्ड-8 के पार्षद अनुज कुमार ने कहा कि निचले सकोह में इस डिस्पेंसरी को ऐसी जगह शिफ्ट किया जा रहा है, जहां इसका किसी को लाभ नहीं होगा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से डीसी कांगड़ा को सुझाव दिया है कि इस डिस्पेंसरी को राजकीय उच्च विद्यालय के साथ खाली पंचायत भवन या फिर डीएमसी के खाली भवन में शिफ्ट किया जा सकता है, जो वार्ड आठ और नौ के मध्य स्थित है।

चिंता एयरपोर्ट्स बंद होने से कुछ क्रिकेट टीमों का ट्रैवल प्लान गड़बड़ाया

क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' का होगा आईपीएल पर असर?

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

क्या ऑपरेशन सिंदूर का असर आईपीएल भी होगा? यह सवाल तमाम क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर अभी तक बीसीसीआई व आईपीएल के अधिकारियों ने कुछ कहा नहीं है। बीसीसीआई सूत्रों का दावा है कि आईपीएल अपने तय शेड्यूल के मुताबिक चलता रहेगा। हालांकि, कई एयरपोर बंद होने से कुछ टीमों का ट्रैवल प्लान गड़बड़ाया गया है।

बता दें कि भारत ने पहलगाम हमले का बदला चुकाने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया है। इस हमले को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। इस हमले के बाद भारत के कुछ एयरपोर्ट्स को बंद किया गया है। इनमें धर्मशाला और पंजाब एयरपोर्ट भी शामिल हैं। वहीं, पंजाब के चंडीगढ़ में भी एयरपोर्ट बंद है। इससे कुछ टीमों के ट्रैवल प्लान पर असर पड़ा है। खासतौर पर दो आईपीएल टीमें, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स इससे प्रभावित हुई हैं। मुंबई इंडियंस का पंजाब किंग्स के साथ मैच 11 मई को धर्मशाला के एचीपीसीए स्टेडियम में होना है, लेकिन कांगड़ा एयरपोर्ट के बंद होने से मुंबई इंडियंस खेमा अब वैकल्पिक रास्तों की तलाश कर रहा है।

चंडीगढ़ और धर्मशाला एयरपोर्ट बंद होने के चलते एमआई की टीम पहले दिल्ली और वहां से सड़क के रास्ते धर्मशाला पहुंचने का विकल्प चुन सकती है। इससे पहले पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आठ मई को धर्मशाला में मैच होने वाला है। इस मैच पर फिलहाल किसी तरह का असर पड़ने की संभावना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स टीम पहुंच चुकी है धर्मशाला

कांगड़ा एयरपोर्ट बंद होने से पहले ही दोनों टीमें धर्मशाला पहुंच चुकी थीं। हालांकि, यहां से वापसी के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम नई दिल्ली के लिए सड़क के रास्ते रवाना हो सकती है। नई दिल्ली में उसे गुजरात टाइटंस के खिलाफ 11 मई को मैच खेलना है। बीसीसीआई के एक सूत्र के मुताबिक, फिलहाल सबकुछ ठीक है। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ बात चल रही है। वे लोग भी प्लान कर रहे हैं। इस बात पर चर्चा हो रही है कि अगर एयरपोर्ट बंद रहते हैं, तो यात्रा के लिए कौन सा रास्ता चुना जाए। पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स ने प्रैक्टिस सेशन तय शेड्यूल के मुताबिक चल रहा है। पंजाब किंग्स के एक अधिकारी ने बताया कि हमें बीसीसीआई या आईपीएल के अधिकारियों से कोई सूचना नहीं मिली है। हम पहले के शेड्यूल के हिसाब से ही चल रहे हैं। यहां तक ब्लैक आउट ड्रिल्स का भी कोई असर मैच पर नहीं है। फ्रेंचाइजी के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हमें बीसीसीआई से इसको लेकर कोई निर्देश नहीं मिला है।

न्यूज ब्रीफ

नौकरी का झांसा देकर ठगी, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, सुन्नी। थाना सुन्नी के तहत नौकरी का झांसा देकर ठगी का मामला सामने आया है। चाबा के मुंगना निवासी दीप राम शर्मा ने भराड़ा के जैशी गांव के देवेंद्र हिमराल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। दीप राम शर्मा ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2025 में आरोपी ने उन्हें टाटा-बीएसएनएल संयुक्त उद्यम में उच्च पद पर होने का दावा कर 50,000 रुपये प्रति माह की नौकरी का झांसा दिया और उनसे 32,000 रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

एचआरटीसी पेंशनरों को नहीं मिली पेंशन

अनंत ज्ञान, रोहडू। एचआरटीसी पेंशनर कल्याण संगठन रोहडू इकाई की बैठक बुधवार को अध्यक्ष गुलाब सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रोष व्यक्त किया कि इस माह भी एचआरटीसी कर्मचारियों की पेंशन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। जबकि वेतन का भुगतान 3 मई को हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिको व पेंशनरों की अनदेखी कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री के ध्यान में मामला बार-बार लाने के बावजूद भी यह सिलसिला बदस्तूर साल भर से जारी है। हर माह वेतन व पेंशन के लिए 67 करोड़ रुपए की जरूरत होती है। सरकार की ओर से कभी एकमुश्त समुचित राशि जारी नहीं की जाती है।

शिलोली को मिला बहुप्रतीक्षित संपर्क मार्ग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुब्बल क्षेत्र के खनाशनी इलाके की तीन प्रमुख सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग हुई। इनमें से दो सड़कें राज्य की सीमा पर बसे दूरदराज के बाग़वानी क्षेत्र के गांव शिलोली को मुख्य मार्गों से जोड़ती हैं। यह सिर्फ विकास की एक औपचारिक पहल नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ठाकुर रामलाल के उस सपने की पूर्णता है, जिसमें उन्होंने जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे इस गांव तक सड़क पहुंचाने की परिकल्पना की थी। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. ठाकुर रामलाल का यह सपना आज उस क्षण में साकार हुआ जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से शिलोली गांव को बहुप्रतीक्षित सड़क सुविधा मिली।

कृतिका का युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में चयन

अनंत ज्ञान, सुन्नी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा की बारहवीं कक्षा की छात्रा कृतिका का चयन जापान में आयोजित होने वाले युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह कार्यक्रम 17 से 23 अगस्त तक जापान में आयोजित होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हिमाचल प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के पांच छात्रों को जापान जाने का अवसर मिलेगा। कृतिका का चयन प्रदेश के इन पांच छात्रों में से एक के रूप में हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना संदल ने बताया कि जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जापान और अन्य देशों के बीच युवा आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। कृतिका की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है।

चार छात्रों मौके पर दिए नौकरी के प्रस्ताव

दशमी रावत, रोहडू। ग्लोबल स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट रोहडू द्वारा बुधवार को भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख कंपनियां एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस व वर्धमान लिमिटेड शामिल रही। इस अवसर पर छात्रों को विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी गई और इंटरव्यू प्रक्रिया भी संपन्न की गई। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की ओर से रोहडू शाखा के प्रबंधक कुलदीप धांटा ने छात्रों को एसबीआई के अंतर्गत 381 व 468 पदों पर उपलब्ध नौकरियों की विस्तृत जानकारी दी। उनके साथ शाखा के अन्य अधिकारी आशीष एवं शिल्पा भी मौजूद रहे। वहीं वर्धमान लिमिटेड बद्दी से आए प्रतिनिधियों ने भी छात्रों को कंपनी में उपलब्ध विभिन्न तकनीकी और उत्पादन आधारित पदों की जानकारी प्रदान की। दोनों कंपनियों द्वारा ऑन-साइट इंटरव्यू प्रक्रिया के माध्यम से चार छात्रों का चयन किया और उन्हें मौके पर ही नौकरी के प्रस्ताव सौंपे गए। **(अनंत ज्ञान)**

आवश्यक वस्तुओं के स्टॉक रखने के निर्देश

उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस को लेकर युद्ध जैसी स्थिति से निपटने के लिए बनाई रणनीति

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

भारत-पाकिस्तान युद्ध की आशंका के मध्येनजर प्रदेशभर में प्रशासनिक स्तर पर हर तरह के एक्टिव मोड रहने की रणनीति तैयार की गई है। ऑपरेशन अभ्यास को लेकर उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने सिविल डिफेंस को लेकर युद्ध जैसी स्थिति में सभी जरूरी सेवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सिविल डिफेंस को लेकर बताया गया कि युद्ध जैसी स्थिति के लिए सभी प्रधान और पार्षद वार्डन होंगे। इसके अतिरिक्त इस अभ्यास में सिविल डिफेंस के लगभग 60 स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे, जो लोगों को जागरूक करेंगे।

बैठक में आने वाले दिनों के लिए सभी महत्वपूर्ण सेवाओं को सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश। इस दौरान बताया गया कि जिला में सभी आवश्यक वस्तुएं उचित मात्रा में उपलब्ध हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पास जिला में 1 महीने का राशन, उचित मात्रा में पेट्रोल और डीजल तथा गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उपायुक्त ने विभाग को प्रति दिन राशन और अन्य वस्तुओं की मॉनिटरिंग करने और एक माह का स्टॉक रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये की कहीं भी किसी प्रकार की कालाबाजारी और जमाखोरी की स्थिति न हो। (अनंत ज्ञान)

शिमला में ऑपरेशन अभ्यास को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

सभी अधिकारियों से सजग रहने का किया आह्वान

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आने वाले दिनों में और सजग हो कर कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सभी अधिकारी आपस में बेहतर संचार बनाकर कार्य करें और हर एक फ़ोन कॉल को उठाना सुनिश्चित करें, क्योंकि कभी भी कोई आपातकालीन स्थिति हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र हित का मामला है इसलिए सभी अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं।

आपदा की स्थिति के लिए कोर टीम करें गठित

उपायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दवाइयों का उचित स्टॉक रखने और आपदा की स्थिति के लिए एक कोर टीम का गठन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पैरामेडिकल स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ, ऑपरेशन थिएटर स्टाफ तथा ब्लड बैंक स्टोरेज की जांच करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, उन्होंने ट्रांसपोर्ट विभाग को ऐसी स्थिति में यातायात सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति के लिए सभी को बसें तैयार रखें।

लोगों को इमारतों में रखने की बनाएं सूची

अनुपम कश्यप ने लोक निर्माण विभाग को जिला में ऐसी इमारतों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, जिनमें आपदा के दौरान लोगों को रखा जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभाग को मजदूर और मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

सभी डिफेंस मार्गों को सुचारु रखने के निर्देश

डीसी ने विभाग को सभी डिफेंस मार्गों को सुचारू रखने के भी निर्देश दिए। इसी प्रकार, उन्होंने जल शक्ति विभाग को पानी के स्त्रोत और टैंक की सुरक्षा जांचने तथा सभी फायर हाइड्रेंट को सुचारू करने के निर्देश दिए।

ईंधन व गैस की आपूर्ति के स्टॉक को करें फुल: डीसी

उपायुक्त विभिन्न ऑयल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बैठक करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला में इंधन एवं गैस की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के साथ मॉकड्रिल को लेकर विशेष बैठक का आयोजन उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला में पेट्रोल-डीजल और गैस के स्टॉक को लेकर कंपनी के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली और कंपनी के कार्य में लगी मिशनरियों की तैनाती की सूचना व चालक के मोबाइल फोन नंबर की जानकारी जिलाधीश कार्यालय में तुरंत जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश दिए कि स्टॉक फुल रखा जाए ताकि आपातकालीन स्थिति में किसी भी प्रकार की परेशानियों को सामना स्थानीय लोगों को न करना पड़े। इसके अलावा सेना के कार्यालयों की ईंधन आपूर्ति को निरंतर सुचारु रखे।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कपंनी अपने फील्ड स्टाफ को मॉक ड्रिल के बारे में जागरूक करे और प्रशासन के आदेशों का सख्ती से पालन करवाने के लिए सहभागिता सुनिश्चित करें। इस मौके पर विभिन्न ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

पंचायत समिति की बैठक में रामपुर ब्लॉक में पेंडिंग पड़े कार्यों पर की चर्चा

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। विकास खंड रामपुर की बैठक बुधवार को पंचायत समिति सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मनोनीत समिति सदस्य सरोजिनी ठाकुर ने की। बैठक में विकास खंड रामपुर में पेंडिंग पड़े विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बीडीओ एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र नेगी ने समिति सदस्यों से पेंडिंग पड़े कार्यों का ब्यौरा तलब किया। उन्होंने ऐसे कार्यों की को जल्द पूरा करने के विकल्प भी सदस्यों से जाने। बैठक में आगामी 6 माह में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी भी दी।

गौर हो कि यह वर्ष पंचायती चुनाव का वर्ष है और यदि परिस्थितियों सामान्य रही तो दिसंबर तक चुनाव हो सकते हैं। इस बैठक की मुख्य बात यह रही की बैठक में समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के गैर हाजिर रहने पर सभी सदस्यों ने कड़ा संज्ञान लेते हुए रोष जताया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि उन्हें हटाने के लिए वे एसडीएम को ज्ञापन देंगे। इस मौके पर समिति सदस्य देश दीप गौतम, यशपाल पलसरा, मीना बद्रेल दरकाली, कुशा रचोली, संतोष क्याओ, चंपा देव नगर, सुभाष कूहल, मीरा लालसा, सुदेश दत्त नगर ने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का ब्योरा दिया। (अनंत ज्ञान)

'ऑपरेशन सिंदूर' को मिला समर्थन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। भारत की आतंकवाद के खिलाफ किए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लोगों का समर्थन मिला। पीओके पर चढ़ाई से लोग जोश में है और उत्साह के साथ केंद्र सरकार के साथ-साथ तीनों सेना के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का जज्बा दिखा रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर शिमला में अनंत ज्ञान के ब्यूरो चीफ सत्यदेव भारद्वाज ने उनके विचार जानें।

सेना ने दिया करारा जवाब: पन्नालाल

सबसे पहले होमगार्ड पन्नालाल शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान बार-बार छेड़खानी से बाज नहीं आ रहा है। भारतीय सेना ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है, जो आगे भी जारी रहना चाहिए।

सेना का प्रशंसनीय कार्य: ज्ञान ठाकुर

भट्ठाकुफर फल मंडी में फ्रूट का कारोबार करने वाले आढती ज्ञान ठाकुर ने बताया कि हमारी सेना की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने दुश्मनों के घर में घुसकर आतंकवादी ढेर किए।

सेना की कार्रवाई अद्भुत: कपिल

स्थानीय निवासी कपिल धरमईक ने बताया कि सेना की और कार्यवाही अभूतपुख थी। घर में घुसकर, जिस तरह से दुश्मनों के ठिकाने ध्वस्त किए गए। वह अपने आप में अद्भुत शौर्य की कहानी बयान करता है। उन्होंने जरूरत पड़ने पर खुद के अलावा अन्य को भी बॉर्डर पर जाकर पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ने की हुंकार भरी है।

पीएम मोदी का नेतृत्व प्रभावशाली: गोपाल दास

प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। उनके नेतृत्व को सलाम। उन्होंने जिस प्रकार सेना को खुली छूट दी। उसी का नतीजा है कि आज हमने पाकिस्तान के घर में जाकर वहां छुपे बैठे आतंकवादियों को ढेर करने में जरा भी देर नहीं की है। वर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को आगे भी इसी तरह का सबक सिखाया जाए। उन्होंने बताया की इस समय पूरा देश केंद्र सरकार और तीनों सेनाओं के साथ खड़ा है।

भारत जो कहता है, वह करके दिखाता है : कटवाल

ऑपरेशन सिंदूर का किया स्वागत, बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत घर में घुसकर मारता है

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह करके आतंकियों और उनकी मदद करने वालों को करारा सबक सिखाया है। इसके लिए भारत के रणबांकुरे बधाई के पात्र हैं। इस जवाबी कार्रवाई ने एक बार फिर यह प्रमाण दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अपने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारता है। कटवाल ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे व मासूम पर्यटकों पर गोलियां बरसाने वाले आर्तकियों तथा उनका साथ देने वालों को करारा सबक सिखाया जाना बेहद जरूरी था। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक से संदेश दिया कि नया भारत जो कहता है, वह करके भी दिखाता है।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रियाएं

पूर्व मंत्री गर्ग बोले- ऑपरेशन सिंदूर भारत की निर्णायक जवाबी कार्रवाई

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पहलगाम में मासूम पर्यटकों पर किए गए आतंकी हमले का भारत ने ऐसा जवाब दिया है, जिसे दुनिया लंबे समय तक याद रखेगी। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कही। गर्ग ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सफल एयर स्ट्राइक कर आतंकियों और उनके सरपरस्ती को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारने वाला नया भारत है।

झंडूता के भूतपूर्व सैनिक बोले आतंक का मिला करारा जवाब

अनंत ज्ञान, झंडूता। झंडूता के भूतपूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की है। भारतीय वायुसेना ने 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का जवाब था। भूतपूर्व सैनिक राजकुमार ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे देश की ताकत और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रतीक है। पहलगाम में हमारे भाइयों और बहनों के साथ जो हुआ, वह दिल दहलाने वाला था। इस ऑपरेशन से उन लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मैं सरकार और सेना को सलाम करता हूं। राजुमार ने आगे कहा कि इस कार्रवाई का नाम सिंदूर रखना उन महिलाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिनके पति आतंकी हमले में मारे गए। भूतपूर्व सैनिक मनजीत सिंह चंदेल ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकियों के लिए एक कड़ा संदेश है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा।

भारत की ओर आंख उठाने वालों को भुगतना होगा अंजाम: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को अपनी करनी का अंजाम भुगतना पड़ेगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनाहगारों को सबक सिखाने के लिए भारतीय सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका ताजा प्रमाण है। भारत की इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) में जहां 9 आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। वहीं, 100 से अधिक आर्तकियों को मौत की नींद सुलाया गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देश के दुश्मनों को उनके किए की सजा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके सहयोगी तथा भारतीय सेना बधाई के पात्र हैं। यह जवाबी कार्रवाई देश के उन दुश्मनों के लिए स्पष्ट संकेत भी है कि भारत अपने दुश्मनों से नजरें झुकाकर नहीं, बल्कि उनकी आंखों में आंखें डालकर बात करने के साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें उन्हीं के घर में घुसकर भी मारता है।

घुमारवीं कॉलेज के तीन स्टूडेंट्स ने पास की आईआईटी जेएएम परीक्षा

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं कॉलेज के गणित विभाग के तीन विद्यार्थियों ने आईआईटी ज्वॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर एमएससी (जेएएम) 2025 मैथ्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र सौरभ, छात्रा करुणप्रीत और अंजलि ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

इस सफलता के साथ अब उन्हें भारत के शीर्ष तकनीकी संस्थानों,भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों व नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ऱ्फ़ टेक्नोलॉजी में स्नात्तकोत्तर गणित पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

गणित विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कपिल ने बताया कि आईआईटी जेएएम एक अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा है, जिसके माध्यम से आईआईटी और आइआइएससी जैसे संस्थानों में एमएससी ज्वॉइंट, एमएससी, पीएचडी डुअल डिग्री जैसे कार्यक्रमों में प्रवेश मिलता है। हर साल देशभर से हजारों छात्र इसमें भाग लेते हैं। इस वर्ष आईआईटी दिल्ली ने 9 फरवरी, 2025 को ये परीक्षा आयोजित की, जिसमें इन विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने इस उपलब्धि पर उनके शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी है। गणित विभाग के शिक्षकों प्रो. विवेक, प्रो. अनिल एवं प्रो.ललित ने अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया और उनको संबंधित स्टडी मटेरियल भी मुहैय्या करवाया।

महिला साहित्यकार संस्था ने जिला अस्पताल में किया सेवा कार्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर की महिला साहित्यकार संस्था ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक अनोखी पहल की है। संस्था ने जिला अस्पताल के महिला वार्ड में नवजात कन्याओं और उनकी माताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की सदस्यों ने नवजात कन्याओं और उनकी माताओं को उपहार भेंट किए और उनके साथ बातचीत की। संस्था की सदस्यों ने माताओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने बच्चों की देखभाल के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था की प्रांत उपाध्यक्ष शीला सिंह ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण और बाल स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने संस्था की पहल की सराहना की और उनके साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। संस्था की इस पहल से जिला अस्पताल में नवजात कन्याओं और उनकी माताओं को बहुत खुशी है। उन्होंने कहा कि संस्था की सदस्यों ने उनके साथ बहुत प्यार और सम्मान से बात की और उन्हें उपहार भेंट किए। संस्था की बिलासपुर इकाई की अध्यक्ष डॉ. हेमा देवी ठाकुर, इकाई महासचिव डॉ शालिनी शर्मा, इकाई उपाध्यक्ष सुषमा खजुरिया ने कहा कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी और संस्था समाज में महिलाओं और बच्चों के लिए और भी सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेगी।

बिलासपुर में जिला परिषद वार्डों के परिसीमन का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- 13 मई तक करवा सकते हैं अपनी आपत्तियां दर्ज
- 14 वार्डों का सीमांकन कर प्रारूप अधिसूचना जारी: डीसी

बिलासपुर जिले में जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन का कार्य शुरू हो गया है, जिसे 31 मई या उससे पूर्व पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि हिमाचल पंचायती राज (निर्वाचन) संशोधित नियम, 2025 के प्रावधानानुसार जिला परिषद बिलासपुर के 14 वार्डों का सीमांकन कर प्रारूप अधिसूचना जारी की गई है।

यदि इस प्रारूप अधिसूचना पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या आक्षेप हो, तो वह अपनी आपत्ति 13 मई तक लिखित रूप में उपायुक्त कार्यालय या जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकता है।

इसके पश्चात अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों के परिसीमन कार्य के लिए उपायुक्त की ओर से खंड विकास अधिकारी सदर, घुमारवीं, झंडूता एवं श्री नयना देवी को अधिकृत किया गया है। संबंधित खंड विकास अधिकारियों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों के वार्डों का सीमांकन कर प्रारूप अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के बाद यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव हो, तो वह इसे एक सप्ताह के भीतर संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सीधे या पंचायत सचिव के माध्यम से लिखित में प्रस्तुत कर सकता है।

बैठक अधिशाषी अभियंता ने पंचायत प्रधानों के साथ की बैठक, पानी के सदुपयोग और स्वच्छता पर दिया जोर

पीने के पानी का उपयोग सिंचाई के लिए न करें

अनंत ज्ञान, झंडूता

गर्मियों के मौसम में जल स्त्रोतों के तेजी से घटते डिस्चार्ज और पानी के प्रदूषण के बढ़ते खतरे को देखते हुए जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश वैद्य ने झंडूता उपमंडल में पानी के सदुपयोग और स्वच्छता को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

उन्होंने बुधवार को जलशक्ति विभाग कार्यालय, झंडूता में उपमंडल के सभी पंचायत प्रधानों के साथ एक विशेष बैठक की। इसका मुख्य उद्देश्य गर्मियों में पानी की कमी से निपटने और जनता को पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना था। राकेश ने कहा कि गर्मियों में जलस्त्रोतों का डिस्चार्ज न्यूनतम स्तर पर पहुंच जाता है, जिससे पानी की उपलब्धता कम होने के साथ-साथ इसके प्रदूषित होने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी एक गंभीर समस्या है और उसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि जलशक्ति विभाग पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से फिल्टरिंग और टेस्टिंग करता है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पीने के पानी का उपयोग सिंचाई, गाड़ियां धोने या अन्य गैर-जरूरी कार्यों में न करें। पानी की एक-एक बूंद कीमती है। इसे बर्बाद करने की बजाए हमें इसका समझदारी से उपयोग करना होगा।

पंचायत प्रधान पानी की बर्बादी रोकने के लिए करें काम

राकेश वैद्य ने कहा कि गर्मियों में पानी की कमी को देखते हुए विभाग अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता का सहयोग इस समस्या से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने पंचायत प्रधानों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में पानी की बर्बादी रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम करें और लोगों को जल संरक्षण के महत्व को समझाएं। बैठक के माध्यम से राकेश वैद्य ने इस चुनौती से निपटने का एक ठोस रोडमैप भी प्रस्तुत किया। उनकी यह पहल निश्चित रूप से झंडूता उपमंडल में जल संरक्षण और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जनता से उनकी अपील है कि वे पानी के महत्व को समझें और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि गर्मियों में जल संकट को कम किया जा सके।

पंचायतों में जाकर लोगों को जागरूक करें

पंचायत प्रधान निक्कू राम ने बताया कि अधिशाषी अभियंता ने पानी के सदुपयोग और गर्मियों में इसकी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें निर्देश दिए गए हैं कि हम अपनी-अपनी पंचायतों में जाकर लोगों को जागरूक करें। पानी को व्यर्थ न गंवाने और उबालकर पीने की आदत को बढ़ावा देने के लिए हम प्रयास करेंगे।

अजय बाली ने बतौर डिप्टी कमांडेंट संभाला कार्यभार

सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट में देंगे सेवाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर जिले के एनटीपीसी कोल बांध परियोजना में सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट में 2003 बैच के अधिकारी अजय बाली ने बतौर डिप्टी कमांडेंट अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले अजय वाली निसा (राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी) हैदराबाद में बतौर प्रशिक्षक कार्यरत थे।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व राजकुमार ठाकुर डिप्टी कमांडेंट यहां पर सेवाएं दे रहे थे। राजधानी शिमला के नारकंडा के निवासी अजय बाली देश के कई स्थानों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने कोल बांध परियोजना में सेडपा स्थित सीआईएसएफ डिप्टी कमांडेंट मुख्यालय में तीन मई 2025 को कार्यभार संभाला। ऑफिस स्टाफ और अन्य जवानों ने उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने डिप्टी कमांडेंट अजय बाली से मुलाकात कर उन्हें परियोजना क्षेत्र के बारे में परिचित करवाया। उन्होंने 22 साल के सफर में बीएसएल बोकारो, आरटीसी बरवाहा एवं तक्कोलम, मुंबई एयरपोर्ट, दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन, एनएचपीसी बांदीपोरा जम्मू-कश्मीर आदि देश के कई स्थानों में सेवाएं दी हैं। वे अपनी सेवाएं यूएन शांति सेना मिशन हैती में भी दे चुके हैं।

पेयजल कनेक्शन काटकर महिला को दी जान से मारने की धमकी

हाशू शेख, चुराह

चंबा जिले के दूरदराज़ क्षेत्र झज्जाकोठी (तहसील चुराह) में एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां एक महिला को अपने बच्चों सहित डर के मारे मायके में शरण लेनी पड़ी। वजह है उसके घर का पेयजल कनेक्शन काटा जाना, मारपीट की धमकी और लगातार उत्पीड़न।

पीड़िता आशा कुमारी पत्नी योग सिंह, जो पिछले छह वर्षों से अपने खुद के बनाए मकान में निवास कर रही थीं, ने थाना तीसा में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि पड़ोसी पवन कुमार व उसकी पत्नी मनीषा ने उनका पानी का कनेक्शन जबरन काट दिया और विरोध करने पर गाली-गलौच और जान से मारने की धमकियां दीं।

आशा कुमारी ने बताया कि उसका पति योग सिंह रोजगार के लिए बद्दी में कार्यरत हैं, और घर पर अकेले रहने के चलते वह भयभीत हो गईं। जल शक्ति विभाग के

डर के साये में बच्चों संग मायके में रह रही पीड़िता

अधिकारियों ने जब पेयजल कनेक्शन दोबारा जोड़ने का प्रयास किया तो आरोपित दंपति ने उन्हें भी रोक दिया। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर महिला को अपने मासूम बच्चों के साथ मायके जाकर रहना पड़ा, जहां अब तक वह अस्थायी रूप से रह रही है।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी चंबा अभिषेक यादव ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी। आशा कुमारी ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द पानी का कनेक्शन बहाल किया जाए और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि उसे और उसके बच्चों को फिर से अपने घर में सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार मिल सके।

डुलाड़ा पंचायत की प्रधान कंचना कुमारी निलंबित

उपायुक्त चंबा ने पंचायतीराज अधिनियम के तहत की कार्रवाई

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा के विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत डुलाड़ा की प्रधान कंचना कुमारी को उनके पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त मुकेश रेपसवाल द्वारा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 131(1)(ख) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए की गई।

उपायुक्त कार्यालय से जारी आदेशों के अनुसार, प्रधान कंचना कुमारी पर ग्राम सभा की बैठकों में बिना किसी सूचना के लगातार अनुपस्थित रहने, पंचायत के सामान्य प्रशासनिक कार्यों तथा वित्तीय अदायगियों को समय पर

निपटाने में विफल रहने के गंभीर आरोप थे। इस संदर्भ में उन्हें 08 अप्रैल 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका उत्तर 24 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुआ, लेकिन वह जवाब असंतोषजनक और तथ्यों के विपरीत पाया गया। जारी आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन के पश्चात कंचना कुमारी को निर्देशित किया गया है कि यदि उनके पास ग्राम पंचायत की मोहर, अभिलेख, वित्तीय दस्तावेज, या कोई अन्य संपत्ति है, तो वह इसे शीघ्र ही पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं।

यह निर्णय स्थानीय शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और अनुशासन को बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन पंचायतों के कार्य संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

20 प्राथमिक पाठशालाओं में पायलट प्रोजेक्ट से होगा गुणात्मक सुधार : मुकेश रेपसवाल

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा अब शिक्षा के क्षेत्र में एक नई और क्रांतिकारी पहल की ओर अग्रसर है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भरमौर, चुवाड़ी और चंबा शिक्षा खंडों की 20 प्राथमिक पाठशालाओं में आगामी दो महीनों तक एक विशेष पायलट प्रोजेक्ट चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना है।

इस अभिनव पहल के अंतर्गत संबंधित उप-मंडलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों और तहसीलदारों द्वारा चिन्हित स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। बच्चों को पारंपरिक पढ़ाई से हटकर गतिविधियों पर आधारित आधुनिक शिक्षण विधियों से जोड़ा जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे

चंबा में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

चिन्हित स्कूलों का भी किया जाएगा निरीक्षण

शिक्षा अधिक रोचक और प्रभावी बन सके।

उपायुक्त रेपसवाल ने कहा, यह परियोजना केवल शिक्षण की प्रक्रिया को सरल नहीं बनाएगी, बल्कि बच्चों के भीतर सीखने की उत्सुकता को भी जगाएगी। इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित अध्यापकों, अभिभावकों और स्वयंसेवी संस्थाओं का सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। बैठक में एडीएम अमित मेहरा, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलबीर सिंह और ओएसडी उमाकांत भी उपस्थित रहे। वहीं, भरमौर के एडीएम कुलवीर सिंह और भटियात के एसडीएम पारस अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

यह पायलट प्रोजेक्ट न केवल जिले में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य करेगा, बल्कि राज्य भर के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में भी उभर सकता है। शिक्षा में यह नवाचार चंबा को देश के अग्रणी शैक्षिक जिलों की कतार में खड़ा कर सकता है।

100 युवाओं को मिलेगा रोजगार का सुनहरा मौका

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 14 मई को मॉडल करियर सेंटर, जिला करियर सह रोजगार कार्यालय, चंबा में सुबह 10:00 बजे से आयोजित होगा। इस कैंपस इंटरव्यू के माध्यम से जेंड्रोइट एसआर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा, उत्तर प्रदेश) द्वारा चंडीगढ़ में कार्यरत 100 रिक्त पदों के लिए भर्ती की जाएगी। चयनित युवाओं को पिकर व पैकर के पदों पर नियुक्त किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि यह अवसर जिले के युवाओं को न केवल रोजगार प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें निजी क्षेत्र में करियर की दिशा में एक ठोस शुरुआत करने में भी मदद करेगा।

रेडक्रॉस सोसायटी ने 50 टीबी मरीजों को दी पोषण आहार किट

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा में टीबी रोग से जूझ रहे मरीजों के लिए बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने जिला के 50 टीबी रोगियों को पोषण आहार किट्स प्रदान की गईं, जिनका वितरण जिला टीबी अधिकारी डॉ. हरित पुरी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस सराहनीय पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों को स्वास्थ्य लाभ में तेजी लाने के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। पोषण आहार किट्स में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल हैं, जो टीबी के इलाज में सहायक भूमिका निभाते हैं।

डॉ. हरित पुरी ने सोसायटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पोषण का स्तर बेहतर होना टीबी के उपचार में अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की सहायता न केवल शारीरिक रूप से लाभकारी है, बल्कि मानसिक और सामाजिक संबल भी प्रदान करती है।

पूर्व सैनिकों ने युद्ध होने पर फिर सीमा पर जाने का लिया संकल्प

बबलू, भटियात

देशभक्ति और बलिदान की मिसाल बने भूतपूर्व सैनिकों ने बुधवार को एक बार फिर अपनी राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय परिचय दिया। ऑल इंडिया पूर्व सैनिक लीग की ओर से ककीरा प्रांगण में कैप्टन पूर्ण सिंह थापा की अगुवाई में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

यह कार्यक्रम हाल ही में श्रीनगर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष श्रद्धालुओं की स्मृति में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीद यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद पूर्व सैनिकों ने भारत माता की सेवा के लिए एकजुट होकर शपथ ली कि यदि देश को उनकी फिर से आवश्यकता पड़ी, तो वे एक बार

ककीरा में पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

फिर सीमा पर जाकर दुश्मनों के छक्के छुड़ा देंगे।

कैप्टन पूर्ण सिंह थापा ने इस अवसर पर कहा कि हमने 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान को पराजित किया था, और आज भी यदि सरकार हमें आदेश दे, तो हम आतंकवाद के खिलाफ फिर से सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने के लिए तैयार हैं। पहलगांव में निहत्थे पर्यटकों पर जो अमानवीय हमला हुआ है, वह हम सभी को झकझोर गया है। कार्यक्रम में कैप्टन कृष्ण गुरुंग, कैप्टन कमल थापा, मेजर सतीश गुरुंग, मेजर विनोद छेत्री, और सूबेदार एस. सुनील कवर समेत दर्जनों जांबाज़ पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। उन्होंने एक स्वर में कहा कि देश पर आए किसी भी संकट की घड़ी में वे पीछे नहीं हटेंगे। (अनंत ज्ञान)

नागरिक अस्पताल में जल्द भरे जाएंगे डॉक्टरों के खाली पद : ललित ठाकुर

आरके सहगल, चंबा

भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के मोर्चे पर राहत की उम्मीद जगी है। एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने शिमला में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जी से भेंट कर नागरिक अस्पताल भरमौर में लंबे समय से खाली पड़े डॉक्टरों के 10 पदों को शीघ्र भरने का आग्रह किया। यह उल्लेखनीय है कि भरमौर नागरिक चिकित्सालय में डॉक्टरों के अधिकांश पद स्थानांतरण के चलते रिक्त हो चुके हैं और वर्तमान में वहां केवल एक डॉक्टर तैनात हैं। इससे जनजातीय क्षेत्र की जनता को इलाज में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सीएम सुक्खू से की मुलकात।

एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की जनता की चिंता को मजबूती से रखा और आग्रह किया कि जनजातीय क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आश्वस्त किया कि इन पदों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ललित ठाकुर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भरमौर-पांगी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

यह कदम भरमौर-पांगी की जनता को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि सरकार के प्रति विश्वास को भी और प्रगाढ़ करेगा। (अनंत ज्ञान)

प्रशिक्षकों को शरीर में विटामिन के महत्व के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान, डलहौजी

बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बुधवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला दौरान नर्सिंग संस्थान की प्रशिक्षुओं को शरीर के लिए आवश्यक विटामिन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वहीं विभिन्न प्रकार के विटामिन के महत्व बारे भी अवगत करवाया गया। संस्थान की प्रशिक्षक मीनाक्षी ने प्रशिक्षुओं को बताया कि शरीर में किसी विटामिन की कमी हो जाने पर उस विटामिन की पूर्ति किस प्रकार से की जा सकती है। वहीं प्रशिक्षुओं को पोषक आहार के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षुओं द्वारा शरीर के लिए आवश्यक विटामिन के संबंध में चार्ट भी बनाया गया। जिससे कि प्रशिक्षुओं को शरीर के लिए आवश्यक विटामिन के बारे में व्यावहारिक जानकारी भी मिलती रहेगी।

इस मौके पर संस्थान के स्टाफ सदस्य व काफी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे। बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने कि संस्थान प्रशिक्षुओं को नर्सिंग की गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। जिसके तहत संस्थान द्वारा प्रशिक्षुओं को नर्सिंग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

धू-धू कर जले बिजली की तारों में फंसे गीले कपड़े

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। पठानकोट चौक के पास मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब बिजली की हाई वोल्टेज तारों में एक गीला कपड़ा गिर गया और उसमें अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कपड़ा तारों में फंसते ही चिंगारियों के साथ धू-धू कर जलने लगा। घटना के चलते इलाके में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली बोर्ड को सूचना दी, जिसके बाद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्थानीय लोगों ने अपील की है कि बिजली की तारों के आसपास सावधानी बरती जाए।

चंबा कॉलेज में करवाई मॉकड्रिल

अनंत ज्ञान, चंबा

राजकीय महाविद्यालय चंबा में एनसीसी यूनिट (9 एचपी बटालियन एनसीसी) द्वारा एक सिविल डिफेंस मॉकड्रिल का प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा एवं युद्ध जैसी परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर अंडर ऑफिसर हसन बीबी द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने मॉक ड्रिल के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए नागरिक सुरक्षा की महत्ता को रेखांकित किया। इसके उपरांत अंडर ऑफिसर हितेश के नेतृत्व में मॉकड्रिल का संचालन हुआ, जिसमें छात्रों को आपदा की स्थिति में की जाने वाली प्राथमिक और त्वरित कार्रवाइयों का जीवंत प्रदर्शन दिखाया गया।

ड्रिल के दौरान सीपीएल मुकेश ने हालिया पहलगांव आतंकी हमले का संदर्भ देते हुए युद्ध जैसी आपदाओं के समय नागरिकों की भूमिका को समझाया। उन्होंने बताया कि संकट की घड़ी में संयम, सूझबूझ और सहयोग की भावना से ही बड़े नुक़सान को टाला जा सकता है।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हर्ष, जो कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन टीम, भारत के मास्टर ट्रेनर हैं, ने छात्रों को प्राकृतिक और मानव-निर्मित आपदाओं, विशेषकर युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों, में नागरिकों की सक्रिय भूमिका की विस्तृत जानकारी दी।

आतंक के खिलाफ सेना की करारी चोट: एबीवीपी

अनंत ज्ञान, चंबा। पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा बीती रात की गई साहसिक और सटीक कार्रवाई पर देशभर में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ पड़ी है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हिमाचल प्रदेश ने सेना की वीरता और केंद्र सरकार के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए अपनी गहरी सराहना व्यक्त की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान के अंदर घुस कर आतंकियों को मारना आज हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ एक सैन्य ऑपरेशन नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक क्षमता और संप्रभुता की रक्षा की ऐतिहासिक मिसाल है। ठाकुर ने आगे कहा कि यह ऑपरेशन भारतीय सेना की रणनीतिक दक्षता, अदम्य साहस और देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

सूडोकु नवताल- 7424

सरल

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -7423 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, रितिशा सुपुत्री श्री आत्मा राम वार्ड न. 02, ग्राम व डा. लोहना, बंदला तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061 एतद द्वारा घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम रतिशा से बदलकर रितिशा, रख लिया है। संबंधित जानकारी नोट करें।

कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना

विकास खंड पंचरुखी तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

आज की बैठक में अध्यक्ष महोदया द्वारा प्रस्ताव रखा गया की ग्राम पंचायत भरवाना (भरवाना) में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं निविदा दिनांक 19.05.2025 तक डाक द्वारा या स्वयं पंचायत घर भरवाना (भरवाना) में जमा करवा सकते हैं। दिनाक 19.05.2025 सायं 5.00 PM के बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । निविदा दिनांक 20.05.2025 को प्रात: 11.00 बजे पंचायत कार्यालय समस्त प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के समक्ष खोली जाएंगी। (1) रेत खड्ड (प्रति घन फुट) 2.) रेत क्रेशर (प्रति घन फुट) 3.) क्रशर स्टोन (10-20 mm) 4.) क्रशर स्टोन (60-90 mm) 5.) बजरी खड्ड प्रति घन फुट 6.) बोल्डर प्रति घन फुट 7) ईंट (ग्रेड ए व ग्रेड बी) प्रति संख्या 8.) पत्थर प्रति घन फुट 9.) कट स्टोन प्रति संख्या 10.) शटरिंग लकड़ी/ स्टील वर्ग फुट 11.) शटरिंग लकड़ी/ स्टील रनिंग फुट 12.) साइन बोर्ड (2*3 वर्ग फीट व 3*4 वर्ग फीट) 13.) बोर्ड लिखवाई प्रति वर्ग फुट 14.) सीमेंट ढुलाई पंचरुखी से पंचायत घर 15.) JCB खुदाई प्रति घंटा 16) सीमेंट बैंच 17.) मिक्स्चर मशीन किराया 18.) चैकर्ड टाइल्स प्रति संख्या । **नियम व शर्तें**-निविदा के साथ जीएसटी नंबर, पैन कार्ड की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। निविदा में सभी सामग्री का मूल मूल्य व जीएसटी दर/राशि अलग से दर्शाना आवश्यक है। निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है, पहुंचानी होगी। निर्माण सामग्री, सप्लाई ऑर्डर के 3 दिनों के भीतर भीतर उपलब्ध करवानी होगी । निविदा पारित होने के उपरांत सप्लाई देने से मना करने पर 20000/- रुपये तक का जुर्माना या सप्लायर को ग्राम पंचायत में आगामी 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टिड कर दिया जाएगा। विक्रेता को सिक्योरटी मनी के तौर पर 25000/- रुपये (FD स्वरूप) निविदा सहित जमा करवाने होंगे नहीं तो निविदा रह कर दी जाएगी। सामग्री की गुणवत्ता सही न होने के कारण या समय पर सामग्री की आपूर्ति ना होने के कारण या अन्य किसी परिस्थिति में सप्लायर की निविदा को रद्द करने का अधिकार पूर्ण रूप से पंचायत के पास होगा। सप्लायर बिल में जीएसटी अलग से दर्शाया जाए व साथ में HP MINERAL RULES 2015 के तहत एम-फोरम/X-W form अनिवार्य जमा करवाना होगा, इसके उपरांत ही अदायगी की जाएगी।

प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत भरवाना
विकास खंड पंचरुखी तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत ठाना धमडियाना

विकास खण्ड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ठाना धमडियाना विकास खंड सुजानपुर जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में निम्नलिखित विवरण अनुसार कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

1.) 500 LTR WATER TANK AND TULU PUMP 1HP (500 LTR 6 LAYERS BRANDED WATER TANK SHOULD BE UNBREAK-ABLE @100 VERGIN MATERIAL WITH WARRANTY)

अत: इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सात दिन के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक या स्वयं जमा करवा सकती हैं।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत ठाना धमडियाना
विकास खण्ड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

OFFICE OF THE PALAMPUR MUNICIPAL CORPORATION DISTT. KANGRA (H.P)

No..... Dated.....

FOR OPEN AUCTION OF PARKING IN PALAMPUR MUNICIPAL CORPORATION

The Commissioner, Palampur Municipal Corporation Distt. Kangra H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the Public Auctions parking wise as detailed below from

Sr. No.	Name of work	Reserve price fixed (in Rs.) excluding GST Per year	Security Money (in Rs.)	Time limit	Date of Auction	Place of Auction
1.	Auction of parking tempo stand (old Sabji Mandi) at Municipal Corporation Palampur.	341460.00	20000.00	One years	19.05.2025	Municipal Corporation Palampur

the contractors/firm.
For more detail contact the under signed office on any working day.

Sd/-
Commissioner
Municipal Corporation Palampur. (H.P.)

कार्यालय ग्राम पंचायत थरजूण

विकास खण्ड गोहर, जिला मण्डी (हि.प्र.)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण जनता, दुकानदारों, बिल्डरों, भू मालिकों फर्मों, ड्राइवरों व गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत थरजूण में वित् वर्ष 2025-26 के लियें निम्नलिखित सामाग्री हेतु निविदाएँ आमंत्रित करती है।

निर्माण सामग्री का नाम

क्रं.सं.	निमार्ण सामग्री का नाम	मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है
1	रेत/बजरी क्रशर खड्ड दरिया	प्रति घन मीटर
2	पत्थर (कट स्टोन)	प्रति घन मीटर
3	बोल्डर	प्रति घन मीटर
4	लोकल पत्थर	प्रति घन मीटर
5	लकड़ी/टिम्बर	प्रति रनिंग फुट
6	ईंट	प्रति ईंट
7	जेसीबी प्रति घंटा	प्रति घंटा
8	टाईल/शीशा	प्रति बॉक्स
9	सरिया	प्रति किलोग्राम
10	शटरिंग	प्रति फुट
11	सीमेंट ढुलान सिविल-सप्लाई थुनाग से	प्रति बैग
12	सूचना पट्ट	प्रति बोर्ड
13	मिकचर	प्रति दिन

निविदाएँ दिनांक 16-04-2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत थरजूण में अधोहस्ताक्षरी के पास पंहुच जानी चाहिए निविदाएँ दिनांक 17-04-2025 को ग्राम पंचायत में खोली जाएगी और न्यूनतम मूल्य की निविदाएँ स्वीकृत की जाएगी सामाग्री की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। **शर्तें** :- (1) आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी होना अनिवार्य है। (2) रेत/बजरी व पत्थर के लिए एम फॉर्म का होना आवश्यक होगा । (3) निविदाएँ सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा होनी चाहिए। (4) निविदाता को मु0 20000/- धरोहर राशी पंचायत के पास जमा करनी होगी। (5) पंचायत बिना कारण बताए निविदाएँ रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। उपरोक्त सामग्री की निविदाएँ / कुटेशने उपरोक्त शर्तों के अनुसार वो समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाती है । जोकि उचित व स्वीकार है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत थरजूण, वि.ख. गोहर जिला मण्डी (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

वीरवार, 8 मई 2025

विक्रमी संवत : 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** एकादशी (12:32): **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी (09:07), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** हर्षण (01:55) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44) **राहुकाल** (01:58-03:39)।

विशेष दिन

08 मई : मोहिनी एकादशी व्रत आज।
09 मई, 2025 : प्रदोष व्रत कल।

मेष: घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढ़ाने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। धन संबंधी काम पूरे होंगे।

वृषभ: दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें।

मिथुन: अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा।

कर्क: दिन उपयुक्त है। दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते है, पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। यश, मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं।

सिंह: आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। आज कार्य आपकी योजनाओं के अनुसार हो सकेंगे।

कन्या: क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। समय पर संभल जाएं। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी।

तुला: अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता नहीं करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक: व्यस्त रहें, मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुःख को छुपा रहे हैं। आज खुश खबर मिलने का दिन है।

धनु: दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकेगी। कार्यस्थल पर किसी नई योजना के बारे में चर्चा होगी।

मकर: अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा। बच्चों के व्यवहार से मन में निराशा होगी।

कुंभ: पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

मीन: निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

कोई हथियार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा ही सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है। **-अटल बिहारी वाजपेयी**

संपादकीय

पूर्ण युद्ध जैसे हालात

भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है आतंकवाद और कश्मीर मसला। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने इस तनाव को और अधिक गहरा कर दिया है। आतंकियों ने निर्दोष लोगों को धर्म के आधार पर निशाना बनाकर अमानवीय कृत्य किया है। यह सीधे-सीधे भारत की संप्रभुता और एकता पर हमला है। इस हमले के जवाब में भारत ने 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत जो जवाबी कार्रवाई की वह बिलकुल सही है। पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में स्थित आतंकियों के ठिकानों पर भारत ने सीधा प्रहार किया है, जिसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। लोग सेना की इस कार्रवाई को बहुत ज्यादा शाबाशी दे रहे हैं। यह कार्रवाई उस जनभावना के अनुरूप थी, जिसमें जनता चाहती है कि आतंकवाद का खात्मा हो, चाहे वह सीमा के इस पार हो या उस पार।

यह सर्वविदित है कि पाकिस्तान वर्षों से आतंकवाद को अप्रत्यक्ष समर्थन देता आया है। या यूं कहें कि असल में पाकिस्तान ही आतंकियों की पनाहगाह है और वहीं से सारे आतंकी जन्म लेते हैं, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार यह उजागर हो चुका है कि पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकी संगठनों ने भारत में अनेक हमले किए हैं। पाकिस्तान का लगातार सीजफायर का उल्लंघन करना, सीमा पर अकारण गोलीबारी करना और आतंकियों को भारत में घुसपैठ के लिए समर्थन देना यह दर्शाता है कि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आना चाहता। भारत की वर्तमान नीति युद्ध से बचने की है, लेकिन वह यह भी दिखाना चाहता है कि वह किसी भी हमले का करारा जवाब देने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है, जहां भारत ने सीधे युद्ध की बजाय एक सीमित सैन्य अभियान के तहत आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया। भारत इस नीति पर चल रहा है कि युद्ध नहीं, लेकिन आतंक के खिलाफ कार्रवाई अवश्य करेंगे।

अगर भारत और पाकिस्तान के बीच एक और पूर्ण युद्ध होता है, तो इसका परिणाम दोनों देशों को बहुत बड़ी कीमत देकर चुकाना पड़ेगा। मानव जीवन का नुकसान दोनों तरफ ही होगा। लाखों सैनिक और आम नागरिकों की जानें जा सकती हैं। आर्थिक बर्बादी भी निश्चित है। दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी और दोनों ही देश कई साल तक उठ नहीं पाएंगे यानी विकास ठप हो जाएगा। दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं और युद्ध की स्थिति में यह खतरा और भी गंभीर हो सकता है, जिससे भयंकर तबाही हो सकती है। क्षेत्रीय अस्थिरता भी एक गंभीर मसला है। युद्ध केवल दक्षिण एशिया को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता है, जिसका आने वाली पीढ़ियों पर असर पड़ना तय है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसे क्षेत्रों पर दीर्घकालिक असर पड़ेंगे। ऐसे में युद्ध से बचाव के कदम उठाए जाने चाहिए। राजनयिक वार्ता का विकल्प खुला रखना ही सबसे बड़ी समझदारी है। दोनों देशों को चाहिए कि वे तनाव को कम करने के लिए राजनयिक स्तर पर संवाद बनाए रखें। अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप के रूप मे संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस या चीन जैसे प्रभावशाली देशों को मध्यस्थता करनी चाहिए, ताकि दोनों देशों को शांति की ओर प्रेरित किया जा सके। सीमा पर निगरानी और पारदर्शिता की जानी चाहिए। सीमा पर आधुनिक निगरानी तंत्र और संवाद से गलतफहमियों को दूर किया जा सकता है। इस गंभीर होते जा रहे संकट में दोनों देशों की जनता का सहयोग अवश्यंभी है। दोनों देशों की जनता को भी युद्ध के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। शांति और विकास की ओर जन दबाव सरकारों को फैसला पलटने पर विवश कर सकता है। आतंकवाद के खिलाफ साझा नीति कारगर सिद्ध हो सकती है। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि आतंकवाद को बढ़ावा देना अंततः उसी के लिए भी नुकसानदायक है। उसे इस दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात बेहद संवेदनशील हैं।

जहां एक ओर भारत आतंकी हमलों का जवाब संयमित, लेकिन सटीक ढंग से दे रहा है, वहीं पाकिस्तान अपनी जिम्मेदारियों से भागता नजर आ रहा है। अगर यह स्थिति बनी रही तो दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हालांकि, युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, वह केवल और अधिक समस्याओं को जन्म देता है। भारत और पाकिस्तान को चाहिए कि वे कूटनीति, संवाद और परिपक्वता के जरिए इस संकट से बाहर निकलें। दोनों देशों की सरकारों, सेनाओं और जनता को यह समझना होगा कि युद्ध नहीं, शांति ही स्थायी विकास का मार्ग है। ■

भारतीय नारी के सम्मान व राष्ट्र की सुरक्षा का संकल्प

कहा जाता है कि यदि पड़ोस अच्छा हो, तो जीवन भी सहज और शांतिपूर्ण होता है—चाहे वह घर का पड़ोस हो या राष्ट्र का। परंतु भारत का दुर्भाग्य यह है कि उसे एक ऐसा पड़ोसी मिला है, जो 1947 में उसी की धरती से जन्म लेकर भी शांति और सद्भाव का अर्थ नहीं समझ सका। पाकिस्तान, जिसने शुरू से ही भारत में आतंक फैलाने, अस्थिरता पैदा करने और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने को अपनी रणनीति बना लिया है पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद की यह काली छाया दशकों से भारत को प्रभावित कर रही है, परंतु हर अंधकार का अंत होता है और इस बार भारत ने आतंक के विरुद्ध जो निर्णायक कदम उठाया है, वह केवल एक सैन्य कार्यवाही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प है।

लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

इस बार भारत ने मौन धारण नहीं किया, बल्कि एक सशक्त उत्तर दिया है — वह उत्तर है 'ऑपरेशन सिंदूर'। भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में नारी शक्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यहां नारी केवल एक सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि देवी के रूप में पूजनीय है। उसकी पहचान, उसकी आस्था और उसके आत्मसम्मान के प्रतीकों में से एक है सिंदूर-वह लाल रंग जो उसकी मांग में सजता है, उसका सौभाग्य दर्शाता है और एक स्त्री के आत्मगौरव का प्रतीक है। जब आतंकवादी ताकतें निर्दोष नागरिकों, कश्मीर घूमने आए पर्यटकों, अमरनाथ यात्रा जैसी पवित्र यात्राओं पर हमला करती हैं, तब वे महिलाओं, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को लक्ष्य बनाते हैं, तो यह केवल हिंसा नहीं होती, यह हमारी संस्कृति, हमारी आस्था और हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान पर सीधा आघात होता है। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला इसी मानसिकता की उपज था।

महिलाओं के सिंदूर को मिटाने के लिए इस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। यह हमला न केवल मानवता पर धब्बा था, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और स्त्री गरिमा पर किया गया घातक प्रहार था, परंतु इस बार भारत ने मौन सहनशीलता की परंपरा को तोड़ते हुए आतंक के विरुद्ध निर्णायक प्रहार का मार्ग चुनते हुए उत्तर शांति से नहीं, बल्कि शक्ति से दिया है। ऑपरेशन सिंदूर उसी शक्ति का नाम है -वह प्रतिशोध नहीं, प्रतिरक्षा है; वह क्रोध नहीं, संकल्प है।

7 मई 2025 की सुबह भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत निर्णायक कार्रवाई की शुरुआत की। सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही राफेल लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान और उसके के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकियों के ठिकानों पर भीषण हमला किया। यह कार्रवाई अत्यंत गोपनीयता और सटीकता के साथ की गई। ये ठिकाने उन आतंकी गुटों के थे जो हालिया हमले के लिए जिम्मेदार थे और लगातार भारत में हिंसा फैलाने की साजिश रच रहे थे।

इन हमलों में कई आतंकी कमांडर मारे गए हैं और उनके ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता इसका नाम है-यह नाम केवल एक सैन्य कार्यवाही को परिभाषित नहीं करता, यह भारत की नारी गरिमा, उसके सम्मान और उसकी अस्मिता की रक्षा का प्रतीक बन चुका है।

यह उस मानसिकता को चुनौती देता है जो महिलाओं को कमजोर समझती है, जो उनके सम्मान को नुकसान पहुंचाने की साजिश करती है। यह अभियान उस संदेश को पुष्ट करता है कि अब कोई ताकत भारतीय नारी की मांग से सिंदूर नहीं छीन सकती। इस ऑपरेशन के शुरू होते ही पूरे देश में राष्ट्रवाद और गौरव की भावना उभर कर सामने आई है। महिलाएं गर्व से कह रही हैं कि आज उनका सिंदूर सुरक्षित है, क्योंकि उनके पीछे पूरा देश खड़ा है। सैनिकों के हौसले बुलंद हैं, आम नागरिकों में आत्मविश्वास है और पूरा प्रशासन एकजुट होकर यह स्पष्ट कर चुका है कि अब भारत केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा, बल्कि आवश्यक हो तो कार्रवाई करके जवाब देगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत ने इस ऑपरेशन के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया है कि वह शांति में विश्वास रखता है, लेकिन यदि उसकी संप्रभुता या नागरिकों की सुरक्षा को खतरा हुआ, तो वह हर आवश्यक कदम उठाएगा। संयुक्त राष्ट्र के कई सदस्यों और वैश्विक समुदाय ने भारत के आत्मरक्षात्मक अधिकार को मान्यता दी है। हर भारतीय नागरिक को गर्व है कि हमारे सैनिक न केवल सीमाओं की रक्षा करते हैं, बल्कि हमारे गौरव, हमारी आस्था और हमारी नारी गरिमा की भी ढाल बनकर खड़े हैं। सैनिकों के साहस, अनुशासन और समर्पण ने देश को यह विश्वास दिलाया है कि हम सुरक्षित हाथों में हैं। यह पराक्रम केवल युद्ध का नहीं, बल्कि आदर्श, कर्तव्य और मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम का प्रतीक है। भारतीय सेना हमारा आत्मबल है — हमारा अभिमान।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

हिमाचल में महिलाओं की स्थिति-प्रगति और बाधाएं

हिमाचल प्रदेश, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ, सामाजिक प्रगति के मामले में भी एक प्रेरणादायक उदाहरण रहा है। विशेष रूप से, राज्य में महिलाओं की स्थिति ने पिछले कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। उच्च साक्षरता दर, स्वयं सहायता समूहों (SHGs) में सक्रिय भागीदारी, और पारंपरिक रूप से खेती-बाड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका के कारण हिमाचली महिलाएं समाज की रीढ़ मानी जाती हैं। फिर भी, कई बाधाएं—जैसे कि लैंगिक हिंसा, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसरों की कमी और सामाजिक रूढ़ियां—उनके पूर्ण सशक्तिकरण में रोड़ा बनी हुई हैं। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं की स्थिति कई मायनों में देश के अन्य हिस्सों से बेहतर है।

लेखिका : रेखा चंदेल
झंडूता, बिलासपुर

2011 की जनगणना के अनुसार, राज्य की महिला साक्षरता दर 75.9 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत (64.6 प्रतिशत) से काफी अधिक है। शिमला, कांगड़ा और हमीरपुर जैसे जिलों में महिलाएं न केवल शिक्षित हैं, बल्कि सरकारी नौकरियों, शिक्षण, और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सक्रिय हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उदाहरण के लिए, मंडी जिले की कई महिलाएं SHGs के माध्यम से हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, और स्थानीय खाद्य पदार्थों का व्यवसाय कर रही हैं। पारंपरिक रूप से, हिमाचली महिलाएं खेती, पशुपालन, और घरेलू कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं।

कुल्लू और सिरमौर में महिलाएं सेब के बागानों और सब्जी की खेती में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। इसके अलावा, पंचायतीराज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जहां कई महिलाएं सरपंच और पंचायत सदस्य के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे क्षेत्रों में, जहां सामाजिक संरचना अपेक्षाकृत उदार है, महिलाएं सामुदायिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन उपलब्धियों के बावजूद, हिमाचल में महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों, जैसे कि चंबा और लाहौल-स्पीति, में उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर सीमित हैं। कई युवतियां स्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं, क्योंकि कॉलेज दूर हैं और परिवहन सुविधाएं अपर्याप्त हैं।

इसके अलावा, सामाजिक रूढ़ियां, जैसे कि जल्दी शादी का दबाव और घरेलू जिम्मेदारियां, महिलाओं की स्वतंत्रता को सीमित करती हैं। लैंगिक हिंसा भी एक गंभीर समस्या है। शिमला और मंडी जैसे शहरी क्षेत्रों में घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां जागरूकता की कमी है, ऐसी घटनाएं अक्सर दबा दी जाती हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी भी एक बड़ी बाधा है। उदाहरण के लिए, नूरपुर और ऊना जैसे जिलों में प्रसव और मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण महिलाओं को जोखिम का सामना करना पड़ता है।

आधुनिकता का प्रभाव भी दोधारी तलवार साबित हो रहा है। पर्यटन के बढ़ने से कुछ क्षेत्रों में महिलाओं के लिए असुरक्षा बढ़ी है, विशेष रूप से मनाली और धर्मशाला जैसे लोकप्रिय स्थानों में। हिमाचल सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। 'बेटी है अनमोल' और 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना' जैसी पहलें लड़कियों की शिक्षा और विवाह में सहायता प्रदान करती हैं। इसके अलावा, ग्रामीण विकास विभाग ने SHGs को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए हैं। कांगड़ा जिले में, उदाहरण के लिए, महिलाओं ने SHGs के माध्यम से स्थानीय स्तर पर हर्बल उत्पादों का व्यवसाय शुरू किया है।

समाज भी इस दिशा में सक्रिय है। हमीरपुर और बिलासपुर में महिला मंडल लैंगिक हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने और सामुदायिक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाज को भी महिलाओं की स्वतंत्रता और सम्मान को बढ़ावा देना होगा, ताकि वे हर क्षेत्र में बिना किसी बाधा के आगे बढ़ सकें। हिमाचली महिलाओं का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब प्रगति और परंपरा का संतुलन बना रहेगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

अपनी बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल की मुलाकात हुई। इससे एक दिन पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल के. त्रिपाठी प्रधानमंत्री से मिले थे। सेना प्रमुखों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ये मुलाकातें सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री इन मुलाकातों से पहले 29 अप्रैल को रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों की एक बैठक कर चुके थे। बेशक सेनाओं को खुली छूट है, लेकिन वे अलग-अलग प्रधानमंत्री को तो ब्रीफ करेंगी कि यदि युद्ध की नौबत आई, तो उनकी क्या तैयारियां हैं? हाल ही में उप्र के शाहजहांपुर में 'गगा एक्सप्रेस वे' पर बनाई गई विशेष हवाई पट्टी पर राफेल, सुखोई लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का प्रदर्शन किया और रात्रि में लैंडिंग कर अपने युद्धाभ्यास को सार्थक किया। अर्थात् हमारे लड़ाकू विमान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। सभी तैयारियों को मध्य नजर रखते हुए भारतीय सेना ने करीब डेढ बजे आतंकी ठिकानों पर अटैक किया। **अजय,शाहपुर**

सैनिकों का सम्मान-समर्पण और बलिदान की पहचान

हमारे देश के सैनिक, जो सीमाओं पर अपने प्राणों की आहुति देकर हमारी रक्षा करते हैं, केवल वर्दी का बोझ नहीं उठाते, बल्कि वे हमारे चैन और स्वतंत्रता की सुरक्षा का भी भार संभालते हैं। ऐसे वीरों का सम्मान हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय चरित्र का मूल आधार होना चाहिए।

सैनिकों का बलिदान-एक अविस्मरणीय सेवा: सीमाओं पर खड़े सैनिक केवल गोलीबारी और बर्फीली तूफानों का सामना नहीं करते, वे उन अदृश्य दुश्मनों से भी लड़ते हैं, जो हमारे चैन और सुरक्षा के पीछे छिपे हैं। वे अपनी जान जोखिम में डालकर आतंकवाद, घुसपैठ और प्राकृतिक आपदाओं से हमें सुरक्षित रखते हैं। इनका जीवन एक स्थायी संघर्ष है-न दिन का पता, न रात का चैन। कल्पना कीजिए, जब हम त्योहारों पर अपनों के बीच हंसते-गाते होते हैं, तब वे बर्फ से ढके पहाड़ों पर, तपती रेत में या समुद्र की उफनती लहरों से जूझते हैं। वे अपनी जान हथेली पर रखकर देश की अखंडता और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं।

लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि,स्वतंत्र पत्रकार

यात्रा में सैनिकों का सम्मान : अगर किसी ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के खड़े सैनिक नजर आएं, तो अपने सीट का छोटा सा त्याग कर उन्हें बैठने का सम्मान दें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि उनके साहस और बलिदान की कद्र है। वे वे लोग हैं जो सीमा पर खड़े रहकर हमें चैन की नींद सुलाते हैं। यह छोटी सी पहल उनके साहस का सम्मान है।

सड़क पर दिखें तो मदद करें : अगर सड़क पर सैनिक अपने गंतव्य की ओर जाते दिखें, तो अपने वाहन में उन्हें अगले मुकाम तक छोड़ने में संकोच न करें। यह न केवल उनके प्रति सम्मान है, बल्कि हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

रहने और खाने की सुविधा : होटलों, ढाबों और रेस्तरां में अगर कोई सैनिक ठहरने आए तो उसे निशुल्क रहने और खाने की सुविधा दी जानी चाहिए। यह एक छोटा सा योगदान है, लेकिन इसके माध्यम से हम अपने सैनिकों को यह महसूस करवा सकते हैं कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उनके लिए हर दरवाजा खुला रहे, हर रास्ता आसान हो।

सैनिकों के परिवारों का सम्मान : सैनिकों के परिवार भी इसी सम्मान के हकदार हैं, जो अपनों को सीमाओं पर भेजकर राष्ट्र सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दे रहे हैं। उनका सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है जितना सैनिकों का। ये परिवार भी अपनी कठिनाइयों को सहते हुए अपने सैनिकों को मानसिक और भावनात्मक समर्थन देते हैं।

सैनिकों के सम्मान की नई परंपरा : हमारे समाज में त्योहारों और विशेष अवसरों पर हम देवताओं का पूजन, भंडारे और कीर्तन करते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि वे सैनिक, जो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सीमा पर लड़ते हैं, उनके लिए क्या किया? क्या हम उनके लिए भी एक नई परंपरा की शुरुआत नहीं कर सकते? जैसे हर शहर, हर गांव में सैनिकों के सम्मान में छोटे-बड़े समारोह हों, स्कूलों और कॉलेजों में 'सैनिक सम्मान दिवस' मनाया जाए, जहां उनके साहस की कहानियां सुनाई जाएं।

सरकारी सहायता और नागरिक पहल : सरकार और नागरिक समाज को मिलकर सैनिकों के सम्मान को एक राष्ट्रीय परंपरा बनाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय संगठनों, सामाजिक समूहों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे सैनिकों को विशेष सुविधाएं दें। उदाहरण के लिए, होटलों में उनके ठहरने की व्यवस्था, रेस्तरां में भोजन और परिवहन में रियायतें दी जा सकती हैं।

एक नई परंपरा की शुरुआत : आइए, हम एक नई परंपरा की शुरुआत करें, जहां हर सैनिक को उसकी बहादुरी और त्याग के लिए सर्वोच्च सम्मान दिया जाए। यह न केवल हमारे राष्ट्रीय चरित्र का प्रतीक होगा, बल्कि हमारे समाज की एक सकारात्मक छवि भी प्रस्तुत करेगा।

सैनिकों के प्रति हमारा सम्मान केवल भाषणों और नारों तक सीमित न रहे। यह हमारे व्यवहार और आचरण में झलकना चाहिए। हमारे सैनिक हमारे असली नायक हैं, और उन्हें हर कदम पर सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। हमारे सैनिकों का बलिदान और उनके द्वारा किए गए संघर्षों का मूल्यांकन केवल शब्दों से नहीं किया जा सकता। वे हमारे असली नायक हैं, जो बिना किसी शिकायत के अपनी जान की बाजी लगाकर हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं। देशभर में एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहिए, जहां सैनिकों को केवल औपचारिक सम्मान न मिले, बल्कि वे समाज के एक अहम अंग के रूप में सम्मानित हों। यह न केवल उनके साहस का सम्मान होगा, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति को भी मजबूत करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी

सत्यब्रत मुखर्जी भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी थे। वह अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में केंद्रीय राज्य मंत्री थे। इसी के साथ वह भारत के पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भी रहे थे। बंगाल भाजपा के भीतर 'जोलू बाबू' के नाम से जाने वाले सत्यब्रत मुखर्जी 1999 में पार्टी के टिकट पर कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से ऐसे समय में सांसद चुने गए थे, जब राज्य में भाजपा का कोई जनाधार नहीं था। हालांकि उस वक्त भाजपा यहां तृणमूल (टीएमसी) पार्टी के साथ गठबंधन में थी। सांसद चुने जाने के बाद 1999 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में सत्यब्रत मुखर्जी को राज्यमंत्री बनाया गया था। वे वाजपेयी के करीबी नेताओं में माने जाते थे। वर्ष 2024 में भारत सरकार ने सत्यब्रत मुखर्जी को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। सत्यब्रत मुखर्जी का जन्म असम (अब बांग्लादेश) के सिलहट में हुआ था। उनकी शिक्षा कलकत्ता यूनिवर्सिटी में हुई थी। इसके अलावा उन्होंने द ऑनरेबल सोसायटी ऑफ लिंकन इन से बार-एट-लॉ की पढ़ाई की थी। वहीं आगे की पढ़ाई लंदन में रीजेंट स्ट्रीट पॉलिटेक्निक से की। उन्होंने 91 साल की उम्र में आवास पर अंतिम सांस ही। बीते काफी समय से वह काफी बीमार चल रहे थे। सन 1999 से 2004 तक वह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में रसायन और उर्वरक-वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री थे। ■

सत्यब्रत मुखर्जी
जन्म : 8 मई, 1932
मृत्यु : 3 मार्च, 2023

कविता

सिंदूर की पुकार

वसुंधरा धर्माणी, घुमारवीं, बिलासपुर

वो दिन था आंसुओं से भरा, वह शाम थी राख भरी।
पहलगाम की घाटी में जब, मासूमों की थी बलि चढ़ी।
माता की ममता चीखी, सुहागिनों की मांगे सूनी।
काल बनकर आ गए , न जाने कहां से ये खूनी।
एक नारी ने माथा झुका कर, उठाई थी एक पुकार।
मेरी मांग का जो सिंदूर गया, अब चाहिए मुझे प्रतिकार।
फिर गूंजा आदेश रण का, 'ऑपरेशन सिंदूर' करो।
जिसने सिंदूर छीना है, उसकी रातें नासूर करो।
जहां उजड़े थे सिंदूर कभी, वहां सूरज है अब निकला।
नारियों के सुहाग का, आज लिया है खूब बदला।
पहलगाम की पीड़ा को, अब उत्तर मिला है न्याय पूर्ण।
भारत की बेटियों ने आज, श्रद्धांजलि दी भावपूर्ण।
सिंदूर अब शौर्य की रेखा है, न केवल साज सिंगार।
ये है नारी के आंचल की, अदम्य शक्ति का उपहार।
उसकी मांग में राख सही,पर अब न्याय का है रंग।
जो खून बहा था व्यर्थ नहीं, अब न्याय है उसके संग।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

युद्ध, आतंक एवं भारतीय आपदा प्रबंधन व्यवस्था

दक्षिण पूर्व एशिया में स्थित भारत एक शांतिपूर्वक देश है। यह शांति के प्रतीक महात्मा गांधी, महात्मा बुद्ध, महावीर, और आदि गुरु शंकराचार्य की जन्मस्थली व तपोभूमि रही है। इस देश का शुरू से ही मानना है कि किसी भी प्रकार का युद्ध चाहे वह विश्व युद्ध, आंतरिक युद्ध या आतंकवादी गतिविधियां हो, उससे किसी भी राष्ट्र की प्रगति, विकास, नागरिक सुरक्षा, आर्थिक, सामाजिक व मानसिक विकास, सांस्कृतिक प्रगति संभव नहीं हो सकती है।

लेखक : राजन कुमार शर्मा
ऊना, हिमाचल प्रदेश

आए दिन पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा संरक्षित आतंकवादी लॉन्च पैड व शिविरों से मासूम लोगों की शांति व सुरक्षा पर सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में अप्रैल के महीने में जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर 26 भारतीय पर्यटकों को आतंकवादियों द्वारा निर्मम रूप से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस कृत्य से संपूर्ण भारत के नागरिकों में कड़ी निंदा व रोष की लहर उठ गई थी। इस आतंकवादी हमले की प्रतिक्रिया के रूप में आज 7 मई को रक्षा मंत्रालय द्वारा सूचित कर बताया गया कि सैन्य 'ऑपरेशन सिंदूर' द्वारा मध्य रात्रि में पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित इन आतंकवादियों के लगभग 9 लॉन्च पैड्स व शिविरों को पूर्णतया ध्वस्त कर दिया गया है।

ज्ञात रहे कि आज 7 मई शाम 4:00 बजे गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'ऑपरेशन अभ्यास' द्वारा पूर्व प्रस्तावित कुछ चुनिंदा नागरिक सुरक्षा शहरों व राज्यों में मौक अभ्यास भी आयोजित करवाया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के हवाई हमले व अन्य तरह के युद्ध जैसी स्थिति में नागरिकों, स्कूली बच्चों एवं अन्य प्रतिक्रिया एजेंसियों को पूर्ण रूप से जागरूक व साथ ही प्रशिक्षित भी किया जा सके।

भारत में आपदा प्रबंधन विभाग, केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत है तथा इस तरह की घटनाओं में योजना, समीक्षा व कार्यान्वयन करने का जिम्मा इसी को जाता है। आई इसकी रूपरेखा के बारे में समझें-आपदा प्रबंधन जिसमें विभिन्न प्रकार की आपदाओं जैसे कि प्राकृतिक आपदाएं (भूकंप, बाढ़, चक्रवात आदि) और मानव-जनित आपदाएं (दंगे, आतंकवादी हमले आदि) से निपटने के लिए रणनीतियों और योजनाओं का विकास किया जाता है। **आपदा प्रबंधन के मुख्य घटक हैं**- आपदा रोकथाम- आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए कदम उठाना। आपदा तैयारी-आपदा के समय तैयार रहने के लिए योजनाएं बनाना और अभ्यास करना। आपदा प्रतिक्रिया-आपदा के समय तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करना। **भारत में आपदा प्रबंधन के लिए विभिन्न संस्थाएं और एजेंसियां काम करती हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं**- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए)-आपदा प्रबंधन के लिए नीतियों और योजनाओं का विकास करना। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए)-राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए काम करना। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए)-जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए काम करना। आपदा प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी भी बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें स्थानीय समुदायों को आपदा के समय अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक किया जाता है। भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश अत्यधिक जनसंख्या वाले देश हैं, तथा दोनों ही देशों के पास परमाणु हथियार व आधुनिक तकनीक के उपकरण, युद्ध कौशल विकसित है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र दोनों ही देशों से शांति एवं युद्ध तनाव को दूर करने के संबंध में आग्रह कर रहा है, ताकि 80 वर्ष बाद संसार को कोई और विश्व युद्ध न झेलना पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

पहलगाम हमले के जवाब में एयर स्ट्राइक कर लिया नरसंहार का बदला

भारतीय सेना ने आतंकवादियों के ठिकाने किए ध्वस्त, अब हर जवाब होगा निर्णायक : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने अदम्य साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर जोरदार एयर स्ट्राइक कर पहलगाम में हुए नरसंहार का बदला ले लिया है। यह बात प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कहा कि इस कार्रवाई में आतंकवादियों के बहुत से ठिकाने ध्वस्त हुए हैं और कई आतंकवादी मारे गए हैं। राकेश जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के तुरंत बाद देशवासियों से इस पर कड़ी कार्रवाई का वादा किया था, जिसे भारतीय सेना ने अपने पराक्रम और वीरता से निभाया है। उन्होंने कहा कि यह एयर स्ट्राइक भारतीय सेना की शक्ति, रणनीति और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। देशभर में भारतीय सेना की इस कार्रवाई की सराहना हो रही है। राकेश जम्वाल ने इस शौर्य के लिए भारतीय सेना का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इस एयर स्ट्राइक से भारतीय सेना ने पहलगाम में हुई हत्याओं का बदला लिया है। देश आज सुरक्षित है तो वीर सैनिकों के कारण हैं। उन्होंने सैनिकों की वीर माताओं को अपने बेटों देश की रक्षा करने के लिए बॉर्डर पर भेजने के लिए नमन किया है।

राकेश जम्वाल।

माकपा ने किया ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पीओके और पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से अंजाम दिया गया। सशस्त्र बलों के अनुसार, ये हमले केंद्रित, मापित और गैर-विस्तारित थे और नौ स्थानों पर सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए थे। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में, सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादियों और उनके संचालकों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा किए गए उपायों का समर्थन किया था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की मंडी जिला कमेटी के सचिव कुशाल भारद्वाज ने पार्टी की तरफ से जारी बयान में कहा कि आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने की कार्रवाई का माकपा समर्थन करती है तथा केंद्र सरकार से मांग करती है कि इन कार्रवाइयों के साथ-साथ, पाकिस्तान पर पहलगाम में निर्दोष लोगों के नरसंहार के लिए जिम्मेदार लोगों को सौंपने और यह सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाए रखा जाना चाहिए कि उसके क्षेत्र से कोई आतंकवादी शिविर संचालित न हो। भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों की एकता और देश की अखंडता की रक्षा की जाए।

कुशाल भारद्वाज।

पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। पुलवामा तथा पहलगाम जैसी पाकिस्तान द्वारा संचालित उग्रवाद की हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के विरुद्ध गत रात से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन प्रदेश ने खुशी प्रकट की है। इस आक्रमण के ऊपर अपनी प्रक्रिया देते हुए संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, मीडिया प्रभारी नायक सूबेदार अमृतलाल व कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा पाकिस्तान के उग्रवादियों के ट्रेनिंग कैंपों को ध्वस्त करने की कार्रवाई बहुत ही सराहनीय है।

जगदीश वर्मा।

कार्रवाई के लिए पीएम और सेना को बधाई : अजय चौहान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सेना के तीनों अंगों ने जिस प्रकार दबाव के बीच धैर्य, संयम और सटीक कार्रवाई का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। जिसके लिए सेना के तीनों अंग बधाई के पात्र हैं। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव अधिवक्ता अजय चौहान ने कहा कि देश की जनता सेना के साथ खड़ी है और इस कार्रवाई में देश के साथ पूरी एकजुटता दिखा रही है। चौहान ने कहा कि हाल ही में पहलगांव में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की हत्या की गई, जिसका सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। देश एव प्रदेश की जनता इस कार्रवाई को देखकर गर्व और संतोष महसूस कर रही है। यह पूरे देश को एकजुट करने और आतंक के खिलाफ उठ खड़े होने की अपील भी है।

अजय चौहान।

देश की रणनीतिक सफलता ऑपरेशन सिंदूर : प्रो. ललित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। विजय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स नेरचौक मंडी में एक दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर बीएड कॉलेज एकल नृत्य और भाषण प्रतियोगिता 'अभिव्यक्ति की प्रतिध्वनि-2025' में अपने महत्वपूर्ण संबोधन में कुलपति प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने देश की हालिया रणनीतिक सफलता की सराहना की और भारत के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कुलपति ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल निष्पादन पर सभी भारतीयों को बधाई दी। अवस्थी ने वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में भारत की विरासत के बारे में बात की और सीखने के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की ऐतिहासिक प्रमुखता पर प्रकाश डाला।

ऑपरेशन सिंदूर मजबूत और अडिग नेतृत्व का संकेत : पंडित

जोगिंद्रनगर के हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित लेखराज शर्मा ने कहा कि भारत की हथेली की रेखाएं अब स्पष्ट रूप से एक मजबूत और अडिग नेतृत्व का संकेत दे रही हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मिक शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। जोगिंद्रनगर में सभी वर्गों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को जो समर्थन मिला है।

पंडित लेखराज शर्मा।

जोगिंद्रनगर में भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को मिला पूर्ण समर्थन, सभी दलों ने की सराहना

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में भी राष्ट्रभक्ति और एकजुटता की भावना देखने को मिली। सेना की इस साहसिक कार्रवाई की यहां के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के नेताओं ने खुलकर सराहना की।

हर देशवासी को गर्व : गुलाब सिंह

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश एकजुट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना ने जो निर्णायक कदम उठाया है, उस पर हर देशवासी को गर्व है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को सलाम करते हुए कहा कि भारत अब आतंक का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।



ठाकुर गुलाब सिंह।

देश किया गौरवान्वित : जीवन

कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने भी इस ऑपरेशन का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर करारा प्रहार कर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा देश व कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री और सेना के साथ खड़ी है।

जीवन ठाकुर।

जनता देश के साथ : प्रकाश राणा

जोगिंद्रनगर से भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने ऑपरेशन सिंदूर को सेना का ऐतिहासिक पराक्रम बताते हुए कहा कि यह कार्रवाई भारत की रक्षा नीति में एक नया आयाम है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर की जनता सेना के साथ है और हर भारतवासी को इस कार्रवाई पर गर्व है।

प्रकाश राणा।

न्यूज ब्रीफ

एफआरए दावों का क्षेत्र स्तर पर करें निरीक्षण

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। वन अधिकार अधिनियम -2006 के तहत विकास खंड चौंतड़ा की 10 पंचायतों के अधीन आने वाली वन अधिकार समितियों (एफआरसी) के प्रधान व सचिवों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम मनीश चौधरी ने की। इस दौरान उन्होंने वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत एफआरसी व एफआरए के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में उपमंडल स्तर पर ग्राम सभा, राजस्व व वन अधिकारियों को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफआरसी सदस्य, वन अधिकारी व राजस्व अधिकारी द्वारा एफआरए दावों का क्षेत्र स्तरीय निरीक्षण किया जाए तथा ग्राम सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदित कराएं। साथ ही उन्होंने बताया कि दावों की समीक्षा के समय वन अधिकार समिति के अलावा वन अधिकारी व राजस्व अधिकारी का होना अनिवार्य है।

लंबित बिलों का 15 मई तक करें भुगतान

अनंत ज्ञान, मंडी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल- 1 ई. नरेश ठाकुर ने विद्युत उपभोक्ताओं से लंबित बिलों का भुगतान निर्धारित समय पर करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि लोअर व अप्पर समखेतर, गोल पौड़ी, बालक रूपी, खत्री सभा, मोती बाजार, अस्पताल रोड, जोनल अस्पताल, गणपति रोड, पैलेस कॉलोनी, सैण मोहल्ला, सैण मट्ट, ट्रेजरी ऑफिस, वेलफेयर ऑफिस, तुंगल कॉलोनी, टाउन हॉल, यूपी कॉलोनी, नेशनल स्ट्रीट, जेल रोड, त्वाम्बड़ा, पंजेहटी, पैलेस, लोक निर्माण विभाग कार्यालय व कॉलोनी, टारना रोड, टारना हिल, परिधि गृह, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सुहड़ा मुहल्ला, रवि नगर, नर्सिंग हॉस्टल, महाजन बाजार, उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय परिसर, सेरी बाजार, चौबाटा बाजार, इंदिरा मार्किट, पोस्ट ऑफिस रोड, भूतनाथ बाजार, दरम्याना मोहल्ला, भगवाहन मोहल्ला, चंद्रलोक गली, बंगला मोहल्ला, जिमखाना, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, पुलिस थाना पड्डल, रामनगर, पुलघराट, अप्पर व लोअर मंगवाईं, तहसील कार्यालय, विश्वकर्मा मंदिर, अप्पर व लोअर सन्यारड, थनेहडा मोहल्ला, महामृत्युंजय मंदिर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आदि के सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि वे अपने अप्रैल माह तक के सभी लम्बित बिजली बिलों का भुगतान 15 मई तक कर दें। उन्होंने बताया कि ऐसे लगभग 563 बकायेदारों को इस उप-मंडल द्वारा नोटिस भी भेजे गए हैं।

छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाडलाघाट में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर कोच एवं सेन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक द्वारा सीखाएं गए। स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की 150 लड़कियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समग्र शिक्षा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल ने सभी गर्ल्स का मार्गदर्शन किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी सौंपे। हिमाचल प्रदेश में सेन ओवरसीज द्वारा निरंतर दी जा रही गर्ल्स को सेल्फ डिफेन्स ट्रेनिंग को हम उत्तम मानते है और हम उनकी पूरी टीम का धनयवाद करते है की वे ऐसे ही गर्ल्स को जीवन में प्रशिक्षित करते रहे 7 इस मौके पर और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

41वां विशाल भगवती जागरण 10 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। एक बार फिर से 10 मई को मंडी मां भगवती की महिमा से सराबोर होने वाला है। हर साल की भांति इस बार भी मां भगवती का विशाल जागरण सेरी मंच पर होगा। इस विशाल भगवती के 41वें संस्करण का आयोजन जय दुर्गा संकीर्तन मंडल मंडी के सौजन्य से होगा। बुधवार को जय दुर्गा संकीर्तन मंडल के पदाधिकारियों, सदस्यों व मां के भक्तों ने चेयरमैन बलराज आहूजा, वरिष्ठ सलाहकार इंद्रजी, प्रधान बॉबी ग्रोवर, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता, संगठन सचिव मोहन लाल अरोड़ा की अगुवाई में घर घर जाकर भक्तों को इस विशाल जागरण के लिए न्यौता दे रहे हैं। संकीर्तन मंडल के प्रधान बॉबी ग्रोवर ने बताया कि इस जागरण में चंबा की मशहूर काकू शर्मा एंड पार्टी, नीरू चांदनी एंड पार्टी, जालपा ग्रुप पधर एवं कुल्लू, सुंदरनगर व मंडी की मशहूर पार्टियां मां का गुणगान करेंगी।

जपनीत कौर व रिधवान चुने हेड प्रीफेक्ट

डीएवी सेंटेनरी स्कूल मंडी में छात्र परिषद चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद चुनाव पूरे उत्साह और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुए। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान 7 मई को सुबह 9 बजे शुरू होकर 10:30 बजे तक चला, जिसके तुरंत बाद 11 बजे मतगणना की गई। इस अवसर पर जपनीत कौर और रिधवान अरोड़ा को क्रमश: हेड प्रीफेक्ट गर्ल और हेड प्रीफेक्ट ब्वॉय चुना गया। अनुशासन हेड के रूप में तन्मय सोनी (हेड बॉय) और नंदिनी (हेड गर्ल) ने अपनी जगह सुनिश्चित की। चुनाव प्रक्रिया चार व्यवस्थित चरणों में पूरी की गई। इसमें लिखित परीक्षा, प्रथम साक्षात्कार, द्वितीय साक्षात्कार और अंतत: मतदान। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना को प्रोत्साहन मिला। प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया ने समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य के नेतृत्व के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नवनिर्वाचित परिषद का अलंकरण समारोह 14 मई को आयोजित किया जाएगा, जिसमें उन्हें विधिवत रूप से उनके दायित्व सौंपे जाएंगे।

डीएवी सेंटेनरी स्कूल मंडी में चयनित छात्र प्रधानाचार्य के साथ।

600 घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर पैनल विद्युत इकाइयां स्थापित करने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता ई. नरेश ने दी जानकारी

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के मंडी विद्युत उपमंडल संख्या-1 के सहायक अभियंता ई. नरेश कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत इस उपमंडल के लगभग 600 घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर सोलर पैनल वाली विद्युत इकाइयां 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सोलर पैनल वाली रूफ टॉप विद्युत इकाइयों द्वारा सूर्य की किरणों से विद्युत उत्पादन किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत 01 kWp क्षमता की सोलर इकाई के लिए 33,000 रुपए, 02 kWp क्षमता की सोलर इकाई के लिए 66,000 रुपए तथा 03 kWp क्षमता की सोलर इकाई की स्थापना के लिए अधिकतम 85,800 रुपए सब्सिडी का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 01 kWp की इकाई हर महीने औसतन 100 यूनिट तक विद्युत उत्पादन कर सकती है और 03 kWp की सोलर इकाई लगभग 300 यूनिट मुफ्त विद्युत उत्पादन कर सकती है, जिससे उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिलों में काफी राहत मिलेगी। सोलर पैनल वाली विद्युत इकाइयों द्वारा उत्पादित विद्युत, जो उपभोक्ता की खपत से अधिक होगी, उसे राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड को पूर्व निर्धारित दरों पर निर्यात किया जा सकेगा, जिससे उपभोक्ता अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत उपमंडल में संपर्क कर सकते हैं अथवा इस योजना की अधिकारक वेबसाइट https://pmsuryaghar.gov.in/ पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे सरकार की इस सिमित समयावधि योजना का 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर उचित लाभ उठायें।

महापौर ने किया नवनिर्मित पार्क के क्षतिग्रस्त ढांचे का निरीक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा व पूर्व महापौर एवं स्थानीय पार्षद दीपाली जसवाल द्वारा वार्ड 8 में ब्राह्मण सभा के समीप 16 लाख से बन रहे नवनिर्माण पार्क के क्षतिग्रस्त होने का मौका किया गया। इस रिसाव का मुख्य कारण सीवरेज चैंबर से हो रहा रिसाव है। इस रिसाव के कारण पार्क का ढांचा क्षतिग्रस्त हो चुका, उसका स्वयं मौका किया और कहा कि आज स्थित यह बनी हुई है कि मौका करने के लिए कनिष्ठ अभियंता व वर्क सुपरवाइजर भी नहीं है। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ 6 मई को विशेष बैठक का आयोजन भी किया गया था। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि नगर निगम में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि विकासात्मक कार्यों में रुकावट न आए और आमजनमानस की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके। आपदा की स्थित में जन समस्याओं का हल हो सके। वर्तमान में नगर निगम कार्यालय में एक सहायक अभियंता और दो कनिष्ठ अभियंता कार्यरत हैं, जबकि वर्क सुपरवाइजर का पद खाली है।

नवनिर्मित पार्क के क्षतिग्रस्त ढांचे का जायजा लेते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

धनोटू मैदान संबंधी सरकारी संपत्ति की हो रही बर्बादी

महादेव पंचायत के तहत आते मैदान का टूटा है गेट, शहीद राजेश स्मारक की भी हो रही उपेक्षा

भीम बसेड़ू, महादेव

धनोटू नेशनल हाईवे से सटा कूड़ा-कर्कट से अटा पड़ा मैदान जो ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत आता है का लोहे का गेट लंबे समय से टूटा पड़ा है। जिसकी सुध नहीं ली जा रही है। जबसे यहां से हाट बाजार समेटा गया है तब से लेकर अब तक बिखरे कूड़े-कर्कट को अभी तक पूरी तरह साफ नहीं किया गया है। यही नहीं नेशनल हाईवे से जुड़ी सड़ांध मारती नाली को भी बेहतर ढंग से साफ करने की सख्त जरूरत है। वहीं मैदान खुला रहने से बास मारते कूड़े का बढ़ना स्वाभाविक सी बात है।

वर्तमान समय में हालत यह है कि लोहे का गेट धड़ाम होने से बेरोकटोक कार्य यानि अवसरवादी लोगों को मैदान में मनमाने ढंग का दुरुपयोग करने का मौका मिल गया है जिससे इस मैदान के अंदर एक कोने में बनाया गया शहीद राजेश चौहान का स्मारक भी उपेक्षित हालत में कहा जा सकता है जिसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों को गंभीरता दिखाकर समस्त सुधार करना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है।

बता दें कि बहुत पहले इस मैदान के स्थान पर तालाब हुआ करता था और यहां गहरे पानी में खिलते फूल एवं प्राकृतिक हरियाली बिचरते पक्षी आदि तालाब की सुंदरता को चार-चांद लगा देते थे उस समय की ग्राम पंचायत ने न जाने क्या सोचकर तालाब को मिट्टी से भर दिया और पक्की सुरक्षा दीवार लगा दी। बाद में नेशनल हाइवे के सामने वाले दीवार विहीन मैदान के भाग को आगे की पंचायत ने लोहे की ग्रिल आदि से कवर किया तो जरुर और दो बड़े गेट भी लगाए मगर अब हालत यह है कि जहां सफाई व्यवस्था चरमरा गई है वहीं यहां का मैदान एक तरह से अपने हाल पर छोड़ दिया गया है जिसकी बिगड़ी बनाने के लिए साझेदारी से काम लेने की बात आम चर्चा में तो है लेकिन सबसे पहले पंचायत प्रतिनिधियों को अपने आसपास की साफ-सफाई एवं अन्य जनहित का सुधार बड़े पैमाने पर करने के लिए गंभीरता दिखानी होगी। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक लाभ को बढ़ाने की बातें तो उठाते हैं मगर अपने अधिकारों के साथ-साथ समाजसेवा के दृष्टिगत कर्तव्यों का भी निर्वहन करना होगा तभी यह हमारा गांवों का देश तरक्की की राह पर अग्रसर होगा। (अनंत ज्ञान)

खराब हो रही सीमेंट कंक्रीट मिक्स्चर मशीन।

महान स्वतंत्रता सेनानी सुब्बाराव हार्डिकर ने रखी थी कांग्रेस सेवादल की नींव: प्रेम लाल

अनंत ज्ञान, मंडी

कांग्रेस सेवादल मंडी के जिलाध्यक्ष प्रेमलाल गुड्डू के नेतृत्व में डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती मनाई गई। अपने संबोधन में प्रेमलाल गुड्डू ने कहा कि नारायण सुब्बाराव हार्डिकर भारत के स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेस के प्रसिद्ध राजनेता थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में प्रसिद्ध हिन्दुस्तान सेवादल की स्थापना की थी। बंगाल विभाजन के विरोध में नारायण सुब्बाराव ने आर्य बाल सभा का गठन किया था। आजादी के बाद वर्ष 1952 में उन्हें राज्य सभा का सदस्य चुना गया था। उनको समाज सेवा के क्षेत्र में सन 1958 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। कांग्रेस सेवादल ने भारतीय सेना के जवानों को बधाई दी। उनके शौर्य को नमन करते हुए कहा कि देश के जवान जान हथेली पर रख कर राष्ट्र की रक्षा करते हैं, हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सरहद पर खड़े जवान सुरक्षित रहें। आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रहित में जो भी कदम भारत सरकार उठाती है उसका हम समर्थन करते हैं। इस मौके पर बंसीलाल, दिला राम शास्त्री, कृष्ण लाल, जससिंह, गंभीर सिंह, पीयूष, वैभव, मनीष, राहुल आदि मौजूद रहे।

सुक्खू सरकार का किसानों को जोर का झटका

अनंत ज्ञान, मंडी। प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने बिजली बोर्ड के माध्यम से किसानों को जोरदार करंट लगाया है। किसानों को खेतीबाड़ी के कामों के लिए सरकार लंबे अरसे से बिजली के कृषि कनेक्शन देती आई है। इन कृषि कनेक्शनों के लिए बिजली बोर्ड किसानों से 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली के रेट लेती है मगर इस बार यह रेट 5 रूप्ए 5 पैसे के प्रति यूनिट के हिसाब से लगाया गया है। मंडी शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत टिल्ली केहनवाल के गांव मनयाणा में भी ऐसे कई मीटर लगे हैं जिनके माध्यम से खेती के लिए प्रयोग उपकरणों को बिजली सप्लाई होती है। ऐसे ही एक किसान उपभोक्ता अत्तर सिंह पठानिया पुत्र पिथा सिंह का इस बार जो बिल आया उसमें कृषि कनेक्शन 5 रुपए 5 पैसे प्रति यूनिट ही लगाया गया है। उनके बेटे चंद्रशेखर ने बताया कि बोर्ड के कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है और न ही इस तरह का कोई लिखित आदेश है मगर बताया गया कि अब से यही दर लगा करेगी। ऐसे में किसानों को अपनी खेतीबाड़ी के लिए अब तक कम दरों पर बिजली मिलती रही है।

धर्मपुर का डिडणु बनेगा एफपीओ का हल्दी गांव

कश्मीर सिंह ने 8 किलो बीज से की 110 किलो पैदावार, प्रेरणा स्रोत बने

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एफपीओ धर्मपुर ने धर्मपुर विकास खंड को हल्दी ब्लॉक विकसित करने की योजना बनाई है। इसी कड़ी में रियूर पंचायत का डिडणु गांव हल्दी गांव बनने जा रहा है। जहां के एक किसान कश्मीर सिंह ने पिछले साल एफपीओ द्वारा ज्वालाजी कांगड़ा से कर्नल पिसी राणा के फार्म हाउस से लाए 8 किलो हल्दी बीज से 110 किलो पैदावार की है।

इस साल उन्होंने उसको अपनी दूसरी खाली जमीन पर बीजने का निर्णय लिया है तथा इसके अतिरिक्त 20 किलो और बीज एफपीओ से लेकर बड़े पैमाने पर इसकी बिजाई की है। अब उन्हीं से प्रेरणा लेकर गांव के डेढ़ दर्जन अन्य किसानों ने भी इस बार हल्दी बिजाई करने का निर्णय लिया है और डेढ़ क्विंटल बीज एफपीओ द्वारा उन्हें मुहैया कराया गया है जिसकी बिजाई शुरू कर दी गई है। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह और बरोटी क्षेत्रिए कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी राम ने गत रविवार को डिडणु गांव में बैठक की है और एक साथ दो दर्जन किसानों ने एफपीओ की सदस्यता ग्रहण की है। जिसकी प्रेरणा उन्हें कश्मीर सिंह से मिली तो दूसरी ओर गांव के ही अध्यापक ओम प्रकाश ने गांव के किसानों व महिलाओं को प्रेरित करने में मुख्य भूमिका निभाई और अब ये सब लोग हल्दी की बिजाई करने में जुट गए हैं।

डिडणु गांव में एफपीओ से जुड़ने वालों में कश्मीर सिंह, सरोजा देवी, चंपा देवी, ओम प्रकाश, सोहन सिंह, रूपलाल, चौधरी राम, कुलदीप, नरेश, सिमरा, बिमला, शारदा, अर्चना, प्रमीला, बबली, चंचला, मंजुला, रजनी, भावेश्वर लाल, गुलाब सिंह, मीना, बंदना, चंप्पा, सरला, कांता, सरिता, मलका इत्यादि शामिल हैं। शेयर होल्डर्स कमेटी का संयोजक ओम प्रकाश को बनाया गया।

निगम को भेजी लघु उद्योग लगाने की तैयार परियोजना

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ ने भराड़ी में हल्दी पाउडर बनाने का लघु उद्योग लगाने की परियोजना तैयार करके राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को भेजी है तो इसी माह स्वीकृत होने की उम्मीद है। हिमाचल सरकार ने भी प्राकृतिक विधि की हल्दी का रेट 90 रुपए किया है जिससे भी किसानों में हल्दी उगाने को बल मिलेगा।

बैठक पंचायत स्तर पर होगी जांच, वन अधिकार अधिनियम में बिना प्रमाणों के दावे होंगे खारिज

भूमि दावों के लिए पुख्ता दस्तावेज अनिवार्य: एसडीएम

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

प्रदेश के वन क्षेत्र में अपनी भूमि होने का दावा करने वाले लोगों को इसके लिए पुख्ता जानकारी देनी होगी। बिना आवश्यक दस्तावेजों और पुख्ता जानकारी के ऐसे लोगों के दावे खारिज कर दिए जाएंगे।

इस प्रक्रिया में फारेस्ट राइट एक्ट के तहत अनुसूचित जनजाति और जीवनयापन के लिए वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ही शामिल किया गया है। यह बात एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों की बैठक के दौरान मीडिया से जानकारी सांझा करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के अंतर्गत निहित श्रेणी को लोगों के दावों की सत्यता की जांच पंचायत स्तर से शुरू होगी। मुहाल स्तर पर गठित की गई वन अधिकार समितियां पंचायत की ग्राम सभा व्यक्ति विशेष द्वारा दिए गए आवेदनों की जांच कर इसकी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसमें राजस्व और वन विभाग द्वारा भी जांच की जाएगी। इसके बाद इस रिपोर्ट को उपमंडल स्तर के उच्च अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस बैठक का उदेश्य फारेस्ट राइट एक्ट पर शिविरों का आयोजन कर इसकी जानकारी देना है। इसी विषय को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और वन अधिकारी समितियों से विस्तृत चर्चा कर उन्हें इस प्रक्रिया में प्रयोग में लाई जाने वाली सभी जानकारियों से अवगत करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि ग्राम सभा की बैठक के बाद नोटिस जारी करने के 90 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। वनों की भूमि पर अपना अधिकार दिखाने के लिए उन्हें हर प्रकार की कागजी प्रक्रिया को पूरा कर इसका साक्ष्य देना होगा। इसके बाद ही उनके वनों की भूमि को उन्हें सौंपने की दिशा में कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। अमर नेगी ने कहा कि इसमें भी 13 दिसंबर 2005 से पहले की तीन पीढ़ियों के लोग ही भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी पंचायत प्रतिनिधियों व सचिवों के साथ बैठक करते हुए।

पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक से पूरा देश खुश

आम नागरिकों के अलावा पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी ऑपरेशन 'सिंदूर' को बताया उचित कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की कार्रवाई को लेकर देश के हर व्यक्ति ने खुशी प्रकट की है। आम नागरिकों के अलावा पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी ऑपरेशन 'सिंदूर' को पहलगाम के बदले उचित कार्रवाई बताया है। अधिकांश लोगों का मानना है कि ऑपरेशन 'सिंदूर' तो एक ट्रेलर है, पिक्चर अभी दिखाई जाएगी।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिखाई ताकत

अनंत ज्ञान, बंगाणा। भारतीय सेना के रिटायर्ड कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल ने कहा कि भारतीय सेना को पाकिस्तान में घुसकर सफलतापूर्वक अंजाम दिए गए ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भारत अब किसी भी आतंकवादी गतिविधि को सहन नहीं करेगा। इस साहसिक कार्रवाई ने न केवल सीमापार छिपे आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, बल्कि भारत की सैन्य क्षमता और इच्छाशक्ति को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर साबित कर दिया। सेना के इस बड़े और ऐतिहासिक अभियान के बारे में बोलते हुए रिटायर्ड कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने भारतीय सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस निर्णय की सराहना की, जिसमें भारतीय सेना को फ्री हैंड यानी पूर्ण स्वतंत्रता दी गई थी। उन्होंने कहा कि सेना को बिना राजनीतिक हस्तक्षेप के कार्य करने की छूट देना एक दूरदर्शी कदम था, जिससे ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता सुनिश्चित हो सकी। कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने कहा कि जब सेना को राजनीतिक समर्थन के साथ स्वतंत्रता मिलती है, तो वह अपने कार्य को अधिक प्रभावी ढंग से अंजाम देती है।

सेना को खुली छूट मिलने से हुआ संभव

पूर्व वायुसेना अधिकारी हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मंगलवार की रात तीनों सेनाओं की जबरदस्त कार्रवाई हुई है। एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर दूर तक आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। मोदी सरकार ने सेना को खुली छूट दी है जिसके कारण यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह सक्षम है और कुछ ही समय में पूरे पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी जरूरत पड़ती है तो वे हर तरह देश की मदद के लिए तैयार हैं।

भारत नागरिकों की सुरक्षा के लिए सजग

पूर्व नौसैनिक संगठन से जुड़े राजेंद्र शर्मा ने कहा कि यह ऑपरेशन न केवल हमारे वीर जवानों की रणनीतिक दक्षता और अदम्य साहस का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध है। आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक कदम से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि युद्ध हुआ तो चारों ओर विनाश के अलावा कुछ हाथ नहीं आएगा।

पाकिस्तान सरकार अपनी अवाम को खतरे में डाल रही

लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा का कहना है कि पाकिस्तान सरकार अपने आवाम को खतरे में डाल रही है। यह मालूम है कि तबाही निश्चित है। पाकिस्तान के बड़े नेताओं और सेना अधिकारियों के परिवार पहले ही विदेशों में हैं, लेकिन आतंक को बढ़ावा देकर वहां के लोगों को मुसीबत में डाल रहे हैं। अब भारत बर्दाश्त नहीं करेगा और पाकिस्तान की तबाही निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को पाकिस्तान में घुसकर सफलता पूर्वक अंजाम दिए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' ने पूरे विश्व को यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भारत अब किसी भी आतंकवादी गतिविधि को सहन नहीं करेगा। इस साहसिक कार्रवाई ने न केवल सीमापार छिपे आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, बल्कि भारत की सैन्य क्षमता और इच्छाशक्ति को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर साबित कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बदला लेकर जीता देश का दिल : नरेंद्र

अनंत ज्ञान, ऊना

राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के सदस्य व प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राणा ने आतंकियों के ठिकानों पर हुए मिसाइल हमले को देश हित में करार दिया है। उन्होंने कहा कि देश के निहत्थे पर्यटकों पर जिस प्रकार से बर्बर हमला किया गया था, उसका बदला लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता का दिल जीत लिया है ।

उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम मे पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकी संगठन द्वारा 26 सैलानी परिवारों पर हमला कर देश को गमगीन कर दिया था। जहां पीड़ित परिवार बदले की चाह कर रहे थे, वहीं राष्ट्र भी इस बर्बरतापूर्ण हमले के बदले का इंतजार कर रहा था। आज 16वें दिन देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आंतकियों के 9 ठिकानों पर मिसाइल हमला कर नेस्तानबूद किया है एवं इस अभूतपूर्व कार्य कर बधाई के पात्र बने हैं।

सुमित ने बताया कि सेना ने मात्र कुछ घंटों मे ही आंतकी शरणस्थलीयों को कब्रगाह में बदलने का सफलतापूर्वक कार्य किया है जिसकी 140 करोड़ देशवासी समग्रता से प्रशंसा करते हैं और वीर सैनिकों को सलाम करते हैं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आज दो सैन्य महिला अधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी है, वह इस बात का प्रमाण है कि यह ऑपरेशन महिला सम्मान और सर्वधर्म सम्भाव को समर्पित है।

सुमित ने बताया कि देश के मजबूत नेतृत्व का ही यह नतीजा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की एक जनसभा में पहलगाम आतंकी बर्बरतापूर्ण हमले करने वालों को चुनौती भरे लहजे मे कहा था कि इस हमले का बदला चुन-चुनकर लिया जाएगा और जिन लोगों ने यह आतंकी हमला किया है, उनको उनके घर में घुसकर मारा जाएगा और पिछली देर रात्रि सेना द्वारा किए गए हमले ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने मे शत-प्रतिशत योगदान देने मे अपनी सार्थक भूमिका अदा की है। जिसके लिए देशवासी प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सशस्त्र सेनाओं का भी आभार व्यक्त करते हैं।

भारतीय सेना से आतंकियों को मिला करारा जवाब : भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस हमले में निर्दोष लोगों की जान गई और देश एक बार फिर आतंकवाद की इस कायराना हरकत से क्रोधित था, लेकिन भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने अद्वितीय साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए आतंकवादियों को उनके ही घर में घुसकर जवाब दिया है और पाकिस्तान में आतंकियों के 9 अड्डों में स्ट्राइक करके सैकड़ों आतंकियों को मार गिराया है। उसके लिए आज भारतीय सेना को देश का हर नागरिक सलाम कर रहा है। भुट्टो ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेना को दी गई 'फ्री हैंड' नीति के तहत भारतीय सेना ने एक गुप्त अभियान, ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में स्थित आतंकी लॉन्चपैड्स को निशाना बनाते हुए सैकड़ों आतंकियों को ढेर कर दिया। भुट्टो ने कहा कि यह एक सर्जिकल स्ट्राइक से भी अधिक प्रभाव शाली और बड़े पैमाने पर अंजाम दिया गया अभियान था।

ऑपरेशन सिंदूर से पीड़ित परिवारों को जल्द मिला न्याय : सुमित

अनंत ज्ञान, ऊना

आतंकियों के ठिकानों पर हुए इस मिसाइल हमले से देशवासी रोमांचित हुए हैं। यह उद्धगार भाजपा प्रदेश सचिव व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम मे पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ द्वारा 26 सैलानी परिवारों पर हमला कर देश को गमगीन कर दिया था। उन्होंने बताया कि जहां पीड़ित परिवार बदले की चाह कर रहे थे, वहीं राष्ट्र भी इस बर्बरतापूर्ण हमले के बदले का इंतजार कर रहा था। आज 16वें दिन देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आंतकियों के 9 ठिकानों पर मिसाइल हमला कर नेस्तानबूद किया है एवं इस अभूतपूर्व कार्य कर बधाई के पात्र बने हैं।

सुमित ने बताया कि सेना ने मात्र कुछ घंटों मे ही आंतकी शरणस्थलीयों को कब्रगाह में बदलने का सफलतापूर्वक कार्य किया है जिसकी 140 करोड़ देशवासी समग्रता से प्रशंसा करते हैं और वीर सैनिकों को सलाम करते हैं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आज दो सैन्य महिला अधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी है, वह इस बात का प्रमाण है कि यह ऑपरेशन महिला सम्मान और सर्वधर्म सम्भाव को समर्पित है।

सुमित ने बताया कि सेना ने मात्र कुछ घंटों मे ही आंतकी शरणस्थलीयों को कब्रगाह में बदलने का सफलतापूर्वक कार्य किया है जिसकी 140 करोड़ देशवासी समग्रता से प्रशंसा करते हैं और वीर सैनिकों को सलाम करते हैं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार आज दो सैन्य महिला अधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी है, वह इस बात का प्रमाण है कि यह ऑपरेशन महिला सम्मान और सर्वधर्म सम्भाव को समर्पित है।

सुमित ने बताया कि देश के मजबूत नेतृत्व का ही यह नतीजा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की एक जनसभा में पहलगाम आतंकी बर्बरतापूर्ण हमले करने वालों को चुनौती भरे लहजे मे कहा था कि इस हमले का बदला चुन-चुनकर लिया जाएगा और जिन लोगों ने यह आतंकी हमला किया है, उनको उनके घर में घुसकर मारा जाएगा और पिछली देर रात्रि सेना द्वारा किए गए हमले ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने मे शत-प्रतिशत योगदान देने मे अपनी सार्थक भूमिका अदा की है। जिसके लिए देशवासी प्रधानमंत्री मोदी और तीनों सशस्त्र सेनाओं का भी आभार व्यक्त करते हैं।

बंगाणा में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर मनाया जश्न

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर के नेतृत्व में निकाली रैली, बोले-भारतीय सेना ने आतंकियों को घर में घुस कर मारा

अनंत ज्ञान, बंगाणा

बंगाणा में निकाली गई रैली में उपस्थित पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और अन्य

भारतीय सेना द्वारा हाल ही में अंजाम दिए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर कुटलैहड़ के बंगाणा चौक में जोरदार रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की अध्यक्षता राज्य के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने की। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और देशभक्ति के नारों से आसमान गूंज उठा। रैली के दौरान 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'एक धक्का और दो, पाकिस्तान को तोड़ दो' और 'भारतीय सेना जिंदाबाद' जैसे जोशीले नारे लगाए गए। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि जैसे त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने लंका में प्रवेश कर रावण का अंत किया था, उसी तरह आज भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर आतंक पर करारा जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि देश की अखंडता और आत्मरक्षा की स्पष्ट नीति का हिस्सा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रही है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व से भारत अब आतंकवाद के खिलाफ एक नई नीति के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि अब देश केवल आतंकवाद झेलने की बजाए उसका सीधा जवाब देने की स्थिति में आ गया है। कंवर ने कहा कि मोदी सरकार के हर कदम से दुश्मन देश को यह स्पष्ट संदेश मिल रहा है कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, युवाओं और बुजुर्गों ने भी सेना के शौर्य को सलाम करते हुए तिरंगा लहराया और देशभक्ति रैली को सफल बनाया। रैली के दौरान लोगों में गजब का उत्साह देखा गया।

कई वक्ताओं ने ऑपरेशन सिन्दूर को भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय बताया और सेना के जवानों के बलिदान को नमन किया। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अपील की कि देशवासी सेना के इस पराक्रम से प्रेरणा लें और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाएं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब बदल चुका है, अब न तो यह डरता है और न ही चुप रहता है। हर हमले का जवाब दौगुनी ताकत से दिया जाएगा। इस तरह बंगाणा में निकली यह रैली न केवल ऑपरेशन सिंदूर की जीत का उत्सव बनी, बल्कि यह देश की एकजुटता, सेना के प्रति सम्मान और आतंकवाद के खिलाफ संकल्प का प्रतीक भी बनी।

इस मौके पर सुरेन्द्र हटली,वीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, जोगेंद्र देव आर्य, मास्टर रमेश शर्मा, शशि राणा, मदन गोपाल, विपिन राणा हटली, शम्मू हाथलॉन, सीलू,अक्षय शर्मा, राकेश शर्मा के अलावा अन्य मौजूद रहे।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का किया खात्मा : विवेक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तान में घुसकर उनके 9 ठिकानों को ध्वस्त करने ओर सैकड़ों आतंकियों को खत्म करने पर खुशी इजहार करते हुए कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की तरफ से भारतीय सेना के जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विवेक शर्मा ने मीडिया से औपचारिक बात करते हुए कहा कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया। इस घटना में 28 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई, जो कि एक अत्यंत दुखद और निंदनीय कृत्य है। इस भयावह घटना के बाद देशभर में शोक की लहर फैल गई थी। विधायक विवेक शर्मा ने इस आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता और भारतीय सेना की वीरता की सराहना की। विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह एक वैश्विक संकट है, जो मानवता को चुनौती देता है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद को किसी भी प्रकार से धार्मिक रंग देना घातक है और इससे केवल असामाजिक ताकतों को बढ़ावा मिलता है।

विवेक शर्मा ने कहा कि इस हमले के तुरंत बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम से एक विशेष सैन्य अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में सेना ने पाकिस्तान के भीतर घुसकर कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया और सैकड़ों आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। यह कार्रवाई न केवल सेना की क्षमता और तत्परता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के मामले में कोई समझौता नहीं करता। विधायक विवेक शर्मा ने भारतीय सेना की इस कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की और कहा कि भारतीय सेना बधाई की पात्र है।

रपोह कुच्छां में पिछले कुछ महीनों से पानी नहीं आने से लोग परेशान

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हीना पठानिया, बड़ूही

जलशक्ति विभाग मंडल अंब के तहत पड़ती रिपोह मिसरां पंचायत के गांव रपोह कुच्छां में कुछ महीनों से पेयजल किल्लत के चलते लोगों को भारी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। रिपोह कुच्छां गांव के पूर्व प्रधान अनीता कुमारी, योग राज, संदीप कुमार, जोगिंदर सिंह, कश्मीर सिंह, रमेश कुमार, राज कुमार, जसवंत सिंह, सुभाष चंद आदि ने बताते हुए कहा कि उनके गांव में बीस के करीब घर हैं और इतने घरों के लिए जलशक्ति विभाग के द्वारा नल लगाए गए हैं। इस बारे बार-बार विभाग को पिछले काफी समय से उनकी समस्या बारे अवगत करवाया जाता रहा है, परंतु हर बार सिर्फ आश्वासान ही मिलते रहे हैं कि जल्द पानी की सप्लाई ठीक हो जाएगी।

ग्रामीणों ने बताया की अब आलम यह है की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए टैंक से दो हजार रुपए खर्च कर पानी का टैंक मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव को भरोबड़ में बने टैंक से सप्लाई दी जाती थी और पहले वहां पर एक ही टैंक था तो पानी प्रयाप्त मात्रा में मिल जाता था, परंतु जब से दो टैंक बने हैं, तब से पानी की सप्लाई ठप पड़ी हुई है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर भी गई परंतु उसके बाद भी कोई हल नहीं हुआ।

वहीं, लोगों ने जलशक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों से इस समस्या को हल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव में एक हैंडपंप लगा हुआ है और उसमें भी इतना पानी नहीं है की हमारा गुजारा हो सके।

उन्होंने कहा कि अब गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है और सबसे ज्यादा समस्या तो पशुओं के लिए पानी की हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पानी की समस्या का जल्द कोई हल नहीं निकला तो धरना-प्रदर्शन करने में भी गुरेज नहीं करेंगे। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं जलशक्ति विभाग अंब के एक्सईएन

जलशक्ति विभाग अंब के एक्सईएन होशियार सिंह ने कहा कि जल्द ही विभागीय अधिकारियों को भेज कर इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

अंब के एसडीओ ने क्या कहा

इस संदर्भ में अंब के एसडीओ नीरज धीमान ने कहा कि यह मामला उनके ध्यान में है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले पानी के टैंक से आ रही सप्लाई में दिक्कत आ रही थी, लेकिन उसके बाद ग्रामीणों को एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है और पिछले 15 दिन से पानी सुचारु रूप से चल रहा है और न ही उन्हें इस समस्या के बारे में किसी ने अवगत करवाया है। उन्होंने संबंधित विभागीय जेई को मौके पर निरीक्षण करने के लिए भेज दिया गया है।

आतंकियों को मारकर भारतीय सेना ने मनवाया वीरता का लोहा : राजेश

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान में चल रहे आतंक के अड्डों को जिस प्रकार पिन प्वाइंट कर एयर स्ट्राइक के माध्यम से ध्वस्त किया है उससे एक बार फिर साबित हुआ है कि भारतीय सेना अदम्य साहस के साथ वीरता से भरी वह सेना है जिसके शौर्य को अब विश्व की वे शक्तियां भी मान रही हैं, जो साधन संपन्न हैं।

उन्होंने कहा कि जब-जब भारतीय सेना को पाकिस्तान ने ललकारा है, तब-तब उसे मुंह की खानी पड़ी है। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद अब एयर स्ट्राइक करके भारतीय सेना ने पाकिस्तान को फिर से छठी का दूध याद करवा दिया है। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक से यह भी साबित हो गया है कि अगर देश का नेतृत्व मजबूत हो तो कोई भी ताकत देश की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकती। राजेश ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान बार-बार भारत के सब्र का इम्तिहान लेता है और हर बार उसे मुंह की खानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जियो और जीने दो के सिद्धांत को लेकर चलते हैं, लेकिन अगर कोई जबरदस्ती युद्ध थोपने की कोशिश करे या फिर भारत में ही आकर यहां के नागरिकों को तंग करने का प्रयास करे तो उसके घर में घुसकर उसे ठोकना भी जानते हैं।

उन्होंने कहा कि इस बार भी पहलगाम नरसंहार के बाद जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना को फ्री हैंड दिया और भारतीय सेना को माकूल जवाब देने को कहा, उसी का नतीजा है कि पाकिस्तान में चल रही आतंक की नौ फैक्टरियां ध्वस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जिस प्रकार न तो पाकिस्तान के सैन्य अड्डों को निशाना बनाया और न ही रिहायशी इलाकों को टारगेट किया, उससे साफ जाहिर होता है कि भारत युद्ध नहीं बल्कि आतंकी कैंपों का खात्मा चाहता है ताकि भविष्य में फिर से आतंकी ऐसी हिमाकत न करें।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र ने कुटलैहड़ के दोनों कांग्रेस विधायकों के कार्यकाल पर खड़े किए सवाल

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को लेकर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने मौजूदा कांग्रेस सरकार और क्षेत्र के पूर्व और वर्तमान में कांग्रेस विधायकों पर तीखा प्रहार किया है। पूर्व मंत्री ने दोनों विधायकों पर 14 माह और 11 माह के कार्यकाल में विकास के मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुटलैहड़ में विकास पूरी तरह ठप हो गया है और जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता ने विश्वास दिखाते हुए अढ़ाई वर्षों में कांग्रेस के दो विधायकों को चुना, एक 14 माह के कार्यकाल को पूरा करने पर और दूसरे जो वर्तमान में 11 माह के अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य की योजनाओं को नहीं कर पाए। वीरेंद्र कंवर का आरोप है कि पहले विधायक ने 14 माह के कार्यकाल में सिर्फ पूर्व जयराम सरकार की स्वीकृत योजनाओं का उद्घाटन किया, लेकिन कोई नई योजना लेकर नहीं आए। वहीं, दूसरे कांग्रेस विधायक जिन्हें उपचुनाव में जनता ने चुनकर भेजा, वह भी 11 माह में उनके खाते में भी कोई बड़ी योजना या विकास कार्य नहीं दिख रहा है। कंवर ने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ में आज बिजली, पानी और सड़कों की हालत दयनीय है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अधिकांश पेयजल योजनाएं जगह-जगह से पेंचर हो चुकी हैं, न कोई नई पेयजल योजना आई है, न सड़कों की स्थिति सुधरी है। समूर डैम और चपलाह डैम जैसी बड़ी योजनाएं ठंडे बस्ते में डाल दी गई हैं, जो जयराम सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत की गई थीं। कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ लोक निर्माण विभाग का भी हाल बेहाल है। पहले इस विभाग को 30 करोड़ रुपए का बजट दिया जाता था, लेकिन अब बीस लाख रुपए भी नहीं मिल पा रहे। मनरेगा योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों को पिछले आठ महीने से कोई भुगतान नहीं हुआ है। यह स्थिति न केवल उनके जीवनयापन को प्रभावित कर रही है, बल्कि सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रही है। कंवर ने कहा कि यह वही सरकार है जो गरीबों, मजदूरों और किसानों के हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है।

लाठियानी में 50 लाख रुपयए से बनने वाला सब स्टेशन भी कछुआ चाल से आगे बढ़ रहा है। रायपुर क्षेत्र के लिए स्वीकृत सब स्टेशन का तो कहीं कोई नामोनिशान तक नहीं है। विकास के नाम पर मौजूदा विधायक जनता को सिर्फ पूर्व की सरकार में घूमने वाले पानी के टैंकरों से पानी सप्लाई कर रहे हैं। जिस सिस्टम को हमने अस्थाई समाधान मानकर लागू किया था, वही अब स्थायी व्यवस्था बन गई है।

ऊना अस्तपाल में आज लगेगा रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान, ऊना। विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 8 मई को प्रात: 11 बजे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त जतिन लाल करेंगे।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के सचिव एवं सीपीओ ऊना संजय सांख्यान ने जानकारी दी कि यह शिविर सेवा और परोपकार की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं से आग्रह किया है कि वे बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में भाग लें और रक्तदान के माध्यम से जीवन रक्षा के इस महान प्रयास में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर के उपरांत, रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से देहलां स्थित आश्रय स्कूल के विशेष बच्चों को यूनिफॉर्म अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया जाएगा।

सख्ती डीसी ने सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के दिए निर्देश

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नपेंगे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर स्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के साथ सख्ती से निपटने को कहा ताकि दुर्घटनाओं पर काबू पाया जा सके। जतिन लाल ने जिले में सड़कों को सुरक्षित, अतिक्रमण मुक्त तथा यातायात को जोखिम रहित बनाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण से काम करने को कहा।

उन्होंने दुर्घनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को पूर्व सुधारात्मक कदम उठाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच विभाग और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित उपायुक्त जतिन लाल और अन्य।

निर्देश दिए कि जिला में शॉर्प टर्न स्थलों सहित रोड किनारे स्थित शिक्षण संस्थानों और अस्पतालों के समीप स्पीड ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग और अन्य सुरक्षा सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं ताकि यातायात में सुगमता बनी रहे और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के इलेक्ट्रिक विंग को डीसी कार्यालय के समीप ओल्ड होशियारपुर रोड़ पर ट्रैफिक लाइट लगाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने ओल्ड होशियारपुर पर सड़क किनारे स्थित ओपन नालों को कवर करने को कहा ताकि कोई अप्रिय दुर्घटना न हो।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, आरटीओ ऊना अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य मौजूद रहे।

ब्लैक स्पॉट सुधारने और रोड सेफ्टी प्लॉन तैयार करने के निर्देश

उपायुक्त ने सभी उपमंडलाधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार में दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान करके उन्हें सुधारने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ रोड सेफ्टी प्लॉन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे तथा क्रैश बैरियर, पैरापेट, लाइट रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को अगली बैठक में सुधार कार्यों की रिपोर्ट लेकर आने को कहा।

गुणात्मक शिक्षा को लेकर कार्यक्रम में किया मंथन

अनंत ज्ञान, ऊना

जिले में शिक्षा सुधार समिति के तहत चल रहे 10 स्कूलों के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज सेविका जीनत महंत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालयों के बच्चों को बैठने के लिए टाट पट्टी दी तथा शिक्षा सुधार समिति द्वारा चल रहे पवित्र कार्य की प्रशंसा की।

मुख्यातिथि महंत सामग्री भेंट करते हुए।

इस अवसर पर बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए । मुख्य अतिथि ने उन बच्चों को इनाम दिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्या का दान सबसे बड़ा दान होता है। हम सबको इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने अध्यापकों से शिक्षा को और अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष चितविलास पाठक ने नए सेशन से बच्चों को पूरी निष्ठा से पढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर जगत रामशास्त्री ने गुरु और शिष्य के आपसी संबंधों पर चर्चा की। डॉ. नीरज ने अध्यापकों को बच्चों के स्वस्थ का ध्यान रखना और संतुलित भोजन बारे जानकारी रखने के लिए भी कहा। इस अवसर पर राजेश ठाकुर, जोलीराम, शिवकुमार, रामपाल, सुशील कुमार तथा सभी अध्यापक भी उपस्थित रहे।

ठेकेदार यूनियन की बैठक आज

अनंत ज्ञान, ऊना। जिले की ठेकेदार यूनियन की ओर से वीरवार को बैठक बुलाई गई है। ठेकेदार यूनियन की यह बैठक जिला अध्यक्ष अशोक ठाकुर की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस ऊना में सुबह 11 बजे होगी। इस बैठक में समस्त ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया है।

प्रिंसिपल व चार टीचरों पर प्रताड़ना का आरोप

अनंत ज्ञान, ऊना। माउंट कार्मल स्कूल रक्कड़ कॉलोनी के प्रिंसिपल इब्राहिम समेत तीन अध्यापिकाओं के खिलाफ छात्र को जातिसूचक शब

सेना के साहस व पराक्रम पर गर्व: गुलशन

अनंत ज्ञान, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि बीती रात को करीब एक से डेढ़ बजे के बीच भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान से पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने सटीक प्रहार कर पाकिस्तान के करीब 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार इस हमले में करीब 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकियों के मारे जाने की खबर है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इस ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को मॉनिटर किया। भारतीय सेना की इस महान उपलब्धि से देश का सिर फक्र से ऊंचा हुआ है। हम सभी देशवासियों को भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर बहुत गर्व है। भारतीय सेना की इस महान उपलब्धि के लिए सभी देश व प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई। आवश्यकता पड़ने पर हिमाचल प्रदेश के सभी पेंशनर्स केंद्र सरकार और भारतीय सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूत करने में पूरा सहयोग करेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर भारत का निर्णायक प्रहार शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. मार्कंडेय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि 6 मई 2025 की रात इतिहास में दर्ज हो गई। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के रूप में एक साहसी, सटीक और गर्जनात्मक जवाब दिया है। यह ऑपरेशन उस कायरतापूर्ण आतंकी हमले के जवाब में किया गया था, जो 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ था, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी, उनको यह सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि देश ने सिर्फ जवाब नहीं दिया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि नया भारत सहन नहीं करता, कार्रवाई करता है। सीमा पार पाकिस्तान और पीओके के भीतर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर देना सिर्फ सैन्य कौशल नहीं, यह राष्ट्र के आत्म-सम्मान, सुरक्षा और संकल्प का प्रतीक है। डॉ. मार्कंडेय ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम भी गूंजता है, यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि उन वीर शहीदों की विधवाओं के सिंदूर की रक्षा की सौगंध है। यह नाम हर भारतीय को यह याद दिलाता है कि जब माताएं और पत्नियां अपने लाल और जीवनसाथी खोती हैं, तब राष्ट्र चुप नहीं बैठता। यह भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक कौशल और मानवीय भावना तीनों का संगम है। ये सिर्फ मिसाइलों का नहीं, बल्कि न्याय का प्रहार था। ये नया भारत है, जो घर में घुसकर मारता है, अब यह सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि सिद्ध सच है।

आतंकियों को भारत ने दिया करारा जवाब: खुशाल

कुल्लू। कारगिल युद्ध के हीरो एवं सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से नागरिकों को मारा गया। उसके बाद भारत का हर नागरिक इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहा था कि कब भारत इसका मुंहतोड़ जवाब दे। उन्होंने कहा कि बीती रात के समय भारत की तीनों सेनाओं के द्वारा रणनीति के तहत आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। ऐसे में आज देश की जनता भारत सरकार पर गर्व महसूस कर रही है। ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने बताया कि इससे पहले भी पाकिस्तान ने कई बार आतंकवादियों को शरण देकर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया, लेकिन भारत अब चुप बैठने वाला नहीं है और अब पाकिस्तान को उसके हर आतंकी घटना का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

सुरक्षा कारणों के चलते सीएम सुक्खू का बंजार दौरा हुआ रद्द

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बंजार में करने थे करोड़ों के उद्घाटन व शिलान्यास

भारत की सेना के द्वारा बीती रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने के बाद देशभर में हलचल मची हुई है।

इसी बीच हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का बंजार दौरा भी बुधवार को सुरक्षा कारणों के चलते रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के द्वारा सचिवालय में आपात बैठक का आयोजन किया। मुख्यमंत्री सुक्खू अपने एकदिवसीय दौरे के चलते बुधवार को बंजार आने वाले थ, लेकिन सुरक्षा कारणों के चलते फिलहाल उनका दौरा रद्द कर दिया गया है। एपीएमसी कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा यहां पर करोड़ों रुपए के उद्घाटन किए जाने थे, जिसमें जोहल जेष्ठा सड़क 472.99 लाख की आधारशिला, ज्वाली-टिंडा बाय सेरीविला बेयोगी सड़क 465.10 लाख लागत की आधारशिला, बंजार में 711.31 लाख से तीर्थन खड्ड पर 36 मीटर लंबे पुल की आधारशिला, 732.19 लाख रुपए की लागत के बंजार बाइपास सड़क व पुल की आधारशिला, 138 लाख रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर मंगलौर पुल की लांचिंग करनी थी।

उन्होंने बताया कि सैंज बाजार में बारिश से हुए नुकसान के उपरांत 372.37 लाख रुपए लागत के बाढ़ संरक्षण कार्य की आधारशिला, 801.86 लाख से शाढ़ाबाई से बजौरा ब्यास नदी में बाढ़ संरक्षण कार्य की आधारशिला रखनी थी। वहीं, 339.86 लाख की लागत से कृषि विज्ञान केंद्र बजौरा में बाढ़ संरक्षण कार्य की आधारशिला तीर्थन खड्ड पर बंजार के समीप 189.56 लाख लागत के बाढ़ संरक्षण कार्य की आधारशिला रखनी थी।

सुरक्षा के मद्देनजर पर्यटन नगरी मनाली के माल रोड में गश्त करते पुलिस जवान।

माल रोड मनाली में पुलिस ने बढ़ाई गश्त, अतिरिक्त जवान तैनात

अनंत ज्ञान, मनाली

सुरक्षा के मद्देनजर पर्यटन नगरी मनाली के माल रोड में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है।

दिन भर छह-छह पुलिस जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं। हालात को देखते हुए होम गार्ड की अतिरिक्त तैनाती की गई है। पुलिस सतर्क है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। माल रोड मनाली में पर्यटक देर रात तक बेखौफ घूम रहे हैं। भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने को तहस-नहस करने के बाद माहौल गरमा उठा है। देश भर से मनाली आने वाले सैलानियों की संख्या में कमी जरूर आई है, लेकिन पर्यटकों का मनाली आना लगा हुआ है। बुधवार को भी पर्यटक आम दिनों की तरह मनाली व लाहौल के पर्यटन स्थलों में घूमते रहे। दिन भर पर्यटन स्थलों में घूमने के बाद पर्यटकों ने मनाली माल रोड में घूमने का आनंद लिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि माल रोड में गस्त बढ़ा दी गई है। पुलिस व होम गार्ड के जवान माल रोड पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि आने-जाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। पर्यटक मनाली के पर्यटन स्थलों में शांति पूर्वक घूमने का आनंद ले रहे हैं।

ठाकुर वेदराम समारोह आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल की पांच विभूतियां को किया जाएगा सम्मानित

सहकारिता आंदोलन के युग पुरुष एवं भुट्टिको की आत्मा ठाकुर वेद राम को समर्पित ठाकुर वेदराम मेमोरियल समारोह वीरवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।

सहकारिता के युग पुरुष रहे ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड से इस बार प्रदेश की पांच विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही हैं। छविंद्र ठाकुर को भी पुरस्कार दिया जाएगा। छविंद्र हिंदी व अंग्रेजी के कई समाचार पत्रों में अपनी लेखनी का लोहा मनवा चुके हैं और वर्तमान में अधिवक्ता के साथ-साथ फ्री लांसर है। वहीं, रणवीर ठाकुर को भी पुरस्कार दिया जा रहा है। नई उड़ान उभरती प्रतिभा ठाकुर वेदराम अवॉर्ड के लिए जिला कुल्लू की खराहल घाटी की नीता राणा का चयन हुआ है। नीता राणा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। नीता राणा अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी हैं, जो वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम की हिस्सा रह चुकी हैं। वहीं, लोक संस्कृति के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड प्रसिद्ध लोक गायिका लीला ठाकुर को दिया जा रहा है। लीला सराज घाटी से संबंध रखती हैं और पारंपरिक गीतों को अपनी मधुर आवाज देकर लोक संस्कृति को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं, समाजिक उत्थान ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवॉर्ड के लिए सैंज घाटी की निशा ठाकुर का चयन हुआ है। निशा ठाकुर बीएसई नर्सिंग हैं और पिछले सात वर्षों से स्लम एरिया को बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा निस्वार्थ रूप से उठाया है। मजबूर व असहाय बच्चों को उनके घरद्वार पर शिक्षा प्रदान करवाई जा रही है। यह सम्मान समारोह भुट्टिको के सभागार में पूर्व मंत्री एवं सहकारिता के शिरोमणि सत्य प्रकाश ठाकुर के जन्मदिन अवसर पर आज आयोजित होगा।

कूड़ा फैलाने पर कैफे संचालक पर लगाया दस हजार रुपए का जुर्माना

शीला कौल, बंजार

जिभी घाटी में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए बुधवार को जीभी वैली डेवलपमेंट एसोसिएशन और ग्राम पंचायत खाड़गाड़ की संयुक्त टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए हार्वेस्ट मून कैफे पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

जानकारी देते हुए टूरिज्म इकाई के अध्यक्ष किशन चौहान, मुख्य सचिव ललित ने बताया कि यह कार्रवाई उस समय की गई, जब जेवीटीडीए की टीम ने सोमवार सुबह जिभी रोड पर प्लास्टिक कूड़े का एक बड़ा ढेर देखा। कूड़े की वीडियोग्राफी के साथ-साथ जांच करने पर उसमें हार्वेस्ट मून कैफे का एक बिल प्राप्त हुआ, जो कूड़े के स्थान से मात्र 30 मीटर की दूरी पर स्थित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट तुरंत ग्राम पंचायत उपप्रधान और पंचायत सचिव को सौंपी गई। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कैफे में जाकर संबंधित बिल की पुष्टि करने का प्रयास किया, लेकिन वहां उपस्थित व्यक्ति ने ना सिर्फ जानकारी देने से इनकार किया, बल्कि टीम की उपस्थिति पर भी आपत्ति जताई।

ग्राम पंचायत उपप्रधान, सचिव, वार्ड पंच तथा टूरिज्म इकाई के सदस्यों ने दोबारा कैफे का दौरा किया, जहां कैफे मालिक ने न केवल असभ्य भाषा का प्रयोग किया, बल्कि चालान की प्रति फाड़ने की धमकी भी दी। जेवीटीडीए समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों, होटलों, गेस्ट हाउसों, दुकानों, कैफे और रेस्टोरेंट्स से अपील करती है कि वे अपने कचरे के निष्पादन के लिए निर्धारित मानकों का पालन करें तथा स्थानीय पंचायत, संगठनों और समुदायों के साथ मिलकर स्वच्छ और शांत वातावरण बनाए रखने में सहयोग दें। जिभी घाटी की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण से जुड़ी है। यहां किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असहयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

देवी-देवताओं के मिलन के साथ आनी मेला शुरू

जितेंद्र गुप्ता, आनी

देवी-देवताओं के मिलन और भव्य जलेब के साथ जिला स्तरीय आनी मेले का बुधवार को आगाज हो गया।

7 से 10 मई तक आयोजित होने वाले इस 136 वर्षों पुराने पारंपरिक, सांस्कृतिक मेल का विधिवत शुभारंभ आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि रिबन काट कर किया। इस वर्ष आनी मेले में क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव, बयुंगली नाग देवता, देवरी नाग देवता, पनेउई नाग देवता, कुलक्षेत्र महादेव आदि पांच पारंपरिक देवताओं के साथ 16 वर्षों बाद कुंईरी महादेव व्यास ऋषि भी शामिल हुए। मेला मैदान पहुंचने से पहले देवी देवताओं की आनी के पुराने बस अड्डे से एक भव्य जलेब मेला स्थल तक निकली, जहां सभी देवी-देवताओं का सामूहिक देवनृत्य आयोजित हुआ। मेले के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने जनसमूह को संबोधित करते हुए भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले आपसी मेले मिलाप के परिचायक हैं और भाईचारे को बढ़ावा देने में अहम भूमिका तो निभाते ही हैं, साथ ही प्राचीन संस्कृति को भी संजोए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर उन्होंने आनी के पुराने बस अड्डा में वर्षाशालिका बनाने के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। शुभारंभ अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी, सरस्वती विद्या मंदिर, हिमालयन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर मुख्यातिथि और उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया।

देवी-देवताओं के मिलन और भव्य जलेब के साथ जिला स्तरीय आनी मेले के आगाज पर मौजूद लोग।

भाजपा मंडल आनी के अध्यक्ष वेद ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गंगा राम चंदेल, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता शशी मल्होत्रा, अध्यक्ष मेला कमेटी एवं प्रधान ग्राम पंचायत आनी लाल सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर, भाजपा नेता सुरेंद्र ठाकुर, योगेश वर्मा, रफ्तार ठाकुर, ताबे राम ठाकुर, ओंकार शाह, प्रिंसीपल आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आनी अमर चौहान, प्रधान ग्राम पंचायत बखनाओं अमित ठाकुर बॉबी, राकेश वर्मा, नारायण दीपक, नवल ठाकुर, भजन सिंह, आनी खंड कार्यालय के एलसीओ विनोद कटोच, मेला कमेटी के सचिव विशु भारती सहित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

रैली निकाल कर स्वच्छता का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, भुंतर

नशे के दुष्प्रभावों बारे रैली के माध्यम से जागरूक करते हुए।

भुंतर सुधार समिति व ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला के बच्चों ने बुधवार को भुंतर शहर में स्वच्छता की अलख जगा दी। सुधार समिति के समस्त मेंबर व स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर जनता को स्वच्छता, पर्यावरण व नशे के बारे जागरूक किया। हाथीथान गोल चौक से लेकर पारला भुंतर पुराने पुल तक रैली निकालकर सलोगन व नारों के माध्यम से जनता को एक जागरूक का सुंदर संदेश दिया। पारला भुंतर के आसपास के एरिया से कूड़ा-कचरा निकाल कर सफाई की। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि समिति व ग्लोबल स्कूल के छात्र स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति हमेशा सजग रहते हैं। भुतर में एकदिवसीय सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान से पहले रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि स्वच्छता का ध्यान हमें घर से ही रखना पड़ेगा, सबसे पहले घर से कूड़ा निकलता है, फिर गलियों में और शहर तक पहुंचता है। हमेशा सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें। भुंतर सुधार समिति व ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने गत वर्ष पौधरोपण कर पर्यावरण की अलख जगाई। वहीं, अब स्वच्छता के बारे जागरूक कर व सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता की अलख जगाई है। भुंतर सुधार समिति के मुख्य सलाहकार एवं ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश गनी ने अपने संबोधान में स्वछता, पर्यावरण व नशे के ऊपर सुंदर संदेश दिया। वहीं, पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब भारतीय सेवा ने आधीरात को जवाबी कार्रवाई करते हुए कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। उसे देखते हुए जोश के साथ भारतीय सेना की हौंसला अफजाई को लेकर इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे भी लगे। इस अभियान में भुतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, रोशन लाल, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, मुख्य आजीवन सदस्य घनश्याम वर्मा, अनील धीमान, भुंतर सुधार समिति महिला विंग अध्यक्ष नीना घई, सचिव मीना जसवाल,

कुल्लू-मनाली के पहाड़ी रास्तों पर ट्रेल राइडिंग को बढ़ावा देने की पहल

मोहन कपूर, पतलीकूहल

कुल्लू-मनाली के पहाड़ी रास्तों पर ट्रेल राइडिंग को बढ़ावा देने की पहल शुरू हो गई है।

कटराईं के सोलो राइडर पंकज शर्मा इस क्षेत्र में नए ट्रेल्स की खोज में जुटे हैं। उनका कहना है कि यहां दुनिया के सबसे खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। इन्हें ट्रेल राइडिंग के लिए विकसित करने की जरूरत है। इस पहल को मनाली विधानसभा के विधायक भुनेश्वर गोड़ का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि अगर युवा इस खेल में रुचि दिखाएंगे, तो सरकार और प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। पंकज शर्मा पिछले 10 वर्षों से सोलो राइडिंग कर रहे हैं। वे भारत के कई हिस्सों में अपनी बाइक चला चुके हैं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से बेस्ट बंगाल तक की यात्रा की है। साथ ही नेपाल और भूटान की भी यात्रा कर चुके हैं। पंकज का अगला लक्ष्य कुल्लू-मनाली में ट्रेल राइडिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करना है। इससे इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल सकेगी। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्हें सरकार, प्रशासन और पर्यटन से जुड़े लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

एनएसएस के बारे में जानकारी साझा की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। शहीद श्री बाल कृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस का विशेष परिचय सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 80 बच्चों ने भाग लिया। सबसे पहले प्रभारी अध्यापिका प्रवक्ता भूगोल मंजू आनंद ने एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। तत्पश्चात वरिष्ठ प्रवक्ता रसायन शास्त्र स्मृति कात्यायन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश सेवा के लिए अभिप्रेरणा दी। प्रवक्ता यशपाल ठाकुर ने सामुदायिक सेवा के प्रति बच्चों की भागेदारी एनएसएस के माध्यम से करने के लिए अपने जीवन का उदहारण देते हुए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का संचालन टीजीटी अध्यापक सुंदर श्याम ने किया। इस कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथि प्राचार्य प्रकाश ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व और इसके उद्देश्य में नहीं, बल्कि समाजसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए उनके योगदान के लिए प्रेरित किया।

जाइका इंडिया ने सराहे हिमाचल में वानिकी परियोजना के कार्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जाइका वानिकी परियोजना की मध्यावधि समीक्षा करने के लिए हिमाचल पहुंची जाइका इंडिया की टीम ने प्रदेश में हो रहे वानिकी परियोजना के कार्यों की सराहना की। मध्यावधि समीक्षा के मिशन मेंबर एवं जाइका इंडिया के चीफ ऑफ डेवलपमेंट ऑपरेशंस विनीत सरीन ने कहा है कि हिमाचल में यह परियोजना 2018 में आई थी और इसकी अवधि 2028 तक है।

हिमाचल प्रदेश में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करने के बाद अगले चरण के बारे में बता पाएंगे। विनीत सरीन ने कहा कि यह परियोजना हिमाचल प्रदेश में 460 ग्राम वन विकास समितियों और 920 स्वयं सहायता समूहों को सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आजीविका सुधार, महिला सशक्तिकरण और वन तंत्र प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। कुल्लू के मोहल स्थित नेचर पार्क में आयोजित जाइका मेले की सराहना करते हुए विनीत सरीन ने कहा कि स्वयं सहायता समूह बेहतरीन कार्य कर रहे हैं, उनके उत्पादों को देश के बड़े शहरों में बिक्री के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। बुधवार को जाइका इंडिया की टीम जय मां दशमी वरदा देव वन काइस पहुंची, जहां बीएमसी सब कमेटी के सदस्यों से सीधा संवाद किया। चीफ ऑफ डेवलपमेंट ऑपरेशंस विनीत सरीन ने डुगीलग में ग्राम वन विकास समितियों और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से संवाद किया और उनके कार्यों की तारीफ की।

निर्देश एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना सलाहकार समिति लाहौल की प्रथम तिमाही की बैठक आयोजित

मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दें प्राथमिकता: अनुराधा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में लाहौल एकीकृत जनजातीय विकास की परियोजना सलाहकार समिति की वर्तमान वर्ष की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत संचालित की जा रही कार्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए प्राथमिकता रखें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पहले से चल रहे विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाए। यह पहली बार है कि जिले की राजनैतिक और प्रशासनिक कमान पूरी तरह से महिला शक्ति के पास आई है और इस प्रकार से एक बड़ी जिम्मेदारी आई, जिसे पूरी संवेदनशीलता व इमानदारी से निभाकर आमजनता विशेषकर महिलाओं के कल्याण पर फोकस किया जाएगा और जिले के लिए यह एक अवसर भी है। महिलाओं को उच्च अधिकारियों से मिलने के लिए अब सहयोग व प्रोत्साहन भी मिलेगा और वह सहजता से अपनी बात रख सकेंगी। उन्होंने कहा कि आमजनता को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने किया। बैठक में परियोजना सलाहकार समिति की उपाध्यक्ष एंव जिलाधीश लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना, पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज, वनमंडलधिकारी अनिकेत बानवे, एसडीएम अकांक्षा शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष विना देवी, सहित जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य व गैर सरकारी सदस्यों सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विधायक अनुराधा राणा ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली, पानी,स्वास्थ्य, सड़क, खेल, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी जनजातीय उपयोजना के तहत निर्धारित तय मापदंडों के अनुसार व लोगों की आवश्यक मांगों के अनुरूप ही विकास कार्य को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने आमजनता से सीधे जुड़े विभाग को कहा कि लोगों की समस्या के समाधान के लिए अधिक समय न लगाएं, बल्कि जल्द समस्या के समाधान के लिए तत्पर व प्रयासरत रहें। उन्होंने सभी विभागों को प्राथमिकता के कार्यों को आपसी समन्वय से करने का आग्रह किया।

केलांग में विभागों के अधिकारियों से बैठक के दौरान चर्चा करती हुई स्थानीय विधायक।

आवारा कुत्तों की नसबंदी के निर्देश

उन्होंने पशुपालन विभाग को गौंधला, केलांग, किरतिंग व उदयपुर में आवारा कुत्तों की नसबंदी के निर्देश दिए, ताकि आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित की जा सके। उन्होंने वन विभाग को जिले के विभिन्न स्थानों पर ट्राउट मछली के पालन व उत्पादन सहित बिक्री की समभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, बागवानी, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए निरंतरता से शिविरों का आयोजन भी सुनिश्चित बनाएं और संबंधित ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय भी अवश्य बनाएं।

सरचू तक रोड जल्द खोले बीआरओ

उन्होंने सीमा सड़क सगठन के अधिकारियों को क्षेत्र की सड़कों के बेहतर रखरखाव के लिए सराहा और सरचू तक रोड जल्द से जल्द खोलने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़े और स्थानीय आमजनता को मौसमी रोजगार के अवसर जल्द प्राप्त हो।

बसों का संचालन निर्धारित स्थानों से करें

उन्होंने पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को बसों के संचालन निर्धारित स्थानों से करने के निर्देश दिए, ताकि आमजनता को दिकक्तों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बीएसएनएल से घाटी में मोबाइल नेटवर्क को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को नेटवर्क की समस्या से जूझना ना पडे। बिजली बोर्ड के अधिकारियों को कोकसर में बिजली की समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्य करने के निर्देश दिए।

वन अधिकार अधिनियम के तहत की जाने वाली प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी दी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत एडीसी कार्यालय काजा के सम्मेलन कक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

इस शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित पंचायतों के प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत सचिवों व संबंधित पंचायतों के एफआरसी प्रधान, उपप्रधान व राजस्व तथा वन-विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला से उन्हें इस अधिनियम के बारे में कुछ नया सीखने को अवश्य मिला होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम के तहत की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं में तेजी लाना है, ताकि लंबित पड़े मामलों का जल्द निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न पंचायतों के जन-प्रतिनिधियों सहित नव नियुक्त वन मित्रों ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सोनम तरगे और टकपा तेनजिन ने उपस्थित लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी एवं विभिन्न जरूरी दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्होंने लोगों के विभिन्न संशयों को भी दूर किया। इस अवसर पर कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मास्टर ट्रेनर एवं टीएसी सदस्य सोनम तरगे और मास्टर ट्रेनर एवं एफआरए सचिव टकपा तेनजिन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और उन्हें खतक और थंका भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मोहन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

समापन अवसर पर मास्टर ट्रेनर एवं टीएसी सदस्य को सम्मानित करती हुई एडीसी काजा।

न्यूज ब्रीफ

गंबरपुल निर्माण में देरी से वाहन चालक परेशान

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन के गंबर खड्ड पर पुल निर्माण में देरी से वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यहां लंबे अरसे से पुल का निर्माण अधर होने से वाहन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। पुराने पुल की हालत खस्ता होने से आए दिन वाहन चालकों के वाहन गड्ढों के कारण क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने बताया कि पहले पुल के डिजाइन में खामी थी, जिसे ठीक कर दिया गया है जल्द ही पुल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा गंबर पुल के साथ सड़क में पड़े गड्ढों पर उन्होंने कहा कि यहां आपसी विवाद के चलते ऐसा है जिसे सुलझाया जा रहा है। इस पुल को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। वहीं, विधायक ने कहा कि नाबार्ड के तहत सभी सड़कों की दशा सुधारी जा रही है।

देहूंघाट में कार की टक्कर से स्कूटी सवार चोटिल

अनंत ज्ञान, सोलन। शिमला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित देहूंघाट में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होने से बाल-बाल बचा। हरियाणा नंबर कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी, जिसके बाद वह लोहे के एंगल से टकराकर आगे निकल गई। घटना में स्कूटी सवार को हल्की चोटें आईं, जबकि कार में सवार चार लोग सुरक्षित रहे। पुलिस के अनुसार, हरियाणा रजिस्ट्रेशन वाली कार चंडीगढ़ से शिमला की ओर जा रही थी। देहूंघाट के पास चालक ने स्कूटी को ठीक से नोटिस नहीं किया और उससे टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार आगे बढ़कर सड़क किनारे लगे लोहे के एंगल से भी टकराई। कार में सवार चार लोगों में से एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं, जबकि स्कूटी चालक भी सुरक्षित बचा। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अर्की में तैनात गृह रक्षक की बीमारी के चलते मौत

अनंत ज्ञान, सोलन। पुलिस थाना सदर सोलन में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से सूचना प्राप्त हुई कि अर्की अस्पताल से एक व्यक्ति को आगामी उपचार के लिए रेफर किया गया है, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। इस सूचना पर पुलिस थाना सदर की टीम क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां पर आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति मृत पड़ा था। मृतक के परिजन भी उसके पास मौजूद थे। तस्दीक करने पर मृतक का नाम व पता चिंतामणि पुत्र स्व. दयाराम निवासी गाय सोइली डाकखाना भूमती तह. अर्की जिला सोलन उम्र 50 वर्ष हुई। मृतक के शव का गहनता से निरीक्षण किया गया। मृतक के शरीर के ऊपर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच के निशान न पाए गए। सरसरी जांच पर पाया गया कि मृतक चिंतामणी, जो गृह रक्षक विभाग में कार्यरत था और वर्तमान में कंपनी कार्यालय अर्की में गृह रक्षक के पद पर तैनात था। मृतक पिछले एक वर्ष से शुगर, वीपी व लिवर की बिमारी से ग्रसित था, जिसका उपचार आईजीएमसी शिमला से चल रहा था। 6 मई को मृतक चिंतामणी की तबीयत घर पर ज्यादा खराब हो गई, जिस कारण उसके परिजन उसे उपचार के लिए अर्की अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे आगामी उपचार के लिए क्षेत्रिय अस्पताल सोलन रेफर किया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

नाहन में डॉ. एसएस डोगरा बने नए प्रिंसिपल

अनंत ज्ञान, नाहन। डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में डॉ. एसएस डोगरा ने प्रिंसिपल का कार्यभार संभाला। उनकी नियुक्ति से कॉलेज में शिक्षा, शोध और रोगी सेवाओं में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद है। डॉ. डोगरा ने मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक का अनुभव हासिल किया है। वर्ष 2009 से 2022 तक वे डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में ईएनटी विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे। इसके बाद 2022 से 2023 तक उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सेवाएं दीं। 2023 से 2024 तक डॉ. डोगरा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में प्रिंसिपल के पद पर कार्य किया। इसके उपरांत वे शिमला के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय में ओएसडी पद पर कार्यरत थे, जहां से अब उनका तबादला नाहन मेडिकल कॉलेज में हुआ है।

खेल हॉस्टल में वॉलीबाल के गुर सीखेगा वंशज

अनंत ज्ञान, नाहन। गिरिपार शिलाई क्षेत्र में जहां एक ओर लड़के-लड़कियां कबड्डी में अपना लोहा मनवा चुके हैं। वहीं, दूसरे खेलों में भी यह सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में अभी हाल ही में 24 अप्रैल को संपन्न हुई अंडर-19 वॉलीबाल में चयनित हुए खिलाड़ियों की सूची जारी हो चुकी है। इसमें 180 में से 20 खिलाड़ी का चयन प्रदेश भर से हुआ। इसमें सिरमौर के केवल एक खिलाड़ी का चयन हुआ। शिलाई गांव के वंशज नेगी का चयन हिमाचल प्रदेश के संधोल हॉस्टल के लिए हुआ है। वंशज नेगी इससे पूर्व इसी श्रेणी में बास्केटबॉल में नेशनल खेल चुका है और अब इनका चयन वॉलीबाल हॉस्टल के लिए हुआ है। इस चयन के लिए खेल जगत से जुड़े खेल विद व बुद्धिजीवियों ने वंशज नेगी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

200 से अधिक विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

अनंत ज्ञान, नाहन। मैनकाइंड ग्रुप द्वारा संचालित जगदीश चंद जुनेजा चैरिटेबल अस्पताल नाहन रोड सूरजपुर, पांवटा साहिब के द्वारा द एशियन स्कूल पांवटा साहिब में छात्रों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर रोमानी बंसल (बालरोग विशेषज्ञ), डॉक्टर आशिमा भयाना (दंत रोग विशेषज्ञ), सुमित्रा, निलम, प्रियंका तोमर रामलाल शर्मा आदि ने दो सौ से अधिक विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से डॉक्टर संजीव सहगल ने बताया कि जगदीश चंद जुनेजा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल सूरजपुर समय-समय पर दूर-दराज के क्षेत्रों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता आ रहा है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बच्चों को उचित स्वास्थ्य सेवा देने के लिए जगदीश चंद जुनेजा अस्पताल में दो बाल रोग विशेषज्ञों की नियुक्त की गई है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। ग्राम पंचायत बैरल में शिव मंदिर कमेटी की ओर से सिहारली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। मार्कंडेय तीर्थ से जल लाकर कलश स्थापना की गई। कथा दोपहर 2 बजे शुरू हुई। इसमें कथा वाचक देवराज शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को भक्ति से सराबोर किया। कथावाचक ने धुंधकारी चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति के साथ-साथ वैराग्य को भी अपनाने की प्रेरणा दी। उनकी वाणी से निकले शब्दों ने श्रोताओं के हृदय को छुआ और उन्हें अध्यात्मिक ज्ञान की ओर प्रेरित किया। प्रथम दिवस पर कथावाचक देवराज शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कथा प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक होगी और रात को संकीर्तन होगा।

55 जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

अनंत ज्ञान, नाहन। दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा स्थापित किए गए दशमेश रोटी बैंक के माध्यम से बुधवार को 55 से अधिक जरूरतमंद गरीब निर्धन परिवारों को घरद्वार पर पहुंचकर महीने भर का राशन मुहैया करवाया गया। दशमेश रोटी बैंक की सचिव सतिंदर कौर ने बताया कि दशमेश रोटी बैंक के माध्यम से प्रत्येक माह जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाई जा रही है। प्रत्येक माह बीते 8 वर्षों से दशमेश रोटी बैंक जरूरतमंद लोगों को महीने भर का राशन घरद्वार पर मुहैया करवाने का काम कर रही है। दशमेश रोटी बैंक ग्रामीण इलाकों तक पहुंचकर सर्वे के माध्यम से गरीब जरूरतमंद लोगों को चयनित किया जाता है और महीने भर का राशन उन्हें घरद्वार पर मुहैया करवाता है। उन्होंने कहा कि आज धौलाकुआं के गांव पलौड़ी, घुंगलो हरिपुरखोल आदि गांव में जरूरतमंद गरीब निर्धन 55 परिवारों तक यह मदद पहुंचाई गई है। उन्होंने बताया कि यहां आटा, चावल, दाल, चीनी, नमक, रिफाइंड तेल आदि अन्य खाद्य सामग्री महीने भर की उपलब्ध करवाई हैं।

सरकार नशा व अवैध खनन को रोकने में नाकाम

अनंत ज्ञान, बद्दी। नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकर ने नशे की ओवरडोज से युवक की मौत के मामले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार नशा व अवैध खनन को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में अवैध कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। नालागढ़ में चिट्टे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है और कई युवकों की जान जा चुकी है। उन्होंने नालागढ़ के विधायक से सवाल किया कि कहां गया आपका चिट्टे को जड़ से समाप्त करने का अभियान। चिट्टा जड़ से समाप्त नहीं हो रहा है, ब्लकि चिट्टे के कारोबारियों की जड़ें मजबूत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले तो विधायक अपने फेसबुक पेज से चिट्टे के केस में पकड़े गए आरोपियों की पोस्ट डालते हैं, लेकिन चंद दिनों में ही चिट्टे के आरोपियों की पोस्ट डालनी बंद कर दी, इसका कारण विधायक को जनता को बताना चाहिए। आज आम आदमी ने घर बनाने के लिए दो-चार ट्राली रेत बजरी लेने हो तो, नहीं मिलती, जबकि हर रोज रात को सैकड़ों टिप्पर अवैध खनन कर सामग्री पंजाब को ले जाते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर से गर्वित हुआ देश, दुनिया को दिखाया संकल्प

ऑपरेशन सिंदूर का सिरमौर राजपूत सभा ने किया स्वागत

ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत करते हुए सिरमौर राजपूत सभा के सदस्य।

अनंत ज्ञान, नाहन। भारत की सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उन्हें खत्म कर दिया, इस कार्य से देश में सभी लोग प्रसन्न हैं। सिरमौर जिला राजपूत सभा ने इस कार्रवाई का स्वागत व अभिनंदन किया। सभा के अध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया कि भारत सरकार व हमारी सेना के इस साहसिक कार्य की वह लोग सराहना करते हैं। इस कार्रवाई का संदेश है कि भारत की अखंडता, सप्रभुता और नागरिक सुरक्षा से किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जा सकता। सेना का यह पराक्रम देश वासियों के हृदय में गर्व व आत्मविश्वास जगाता है। राजपूत समाज की परंपरा राष्ट्रभक्ति, शौर्य व बलिदान की रही है। इस समय सभी देशवासियों को एकजुट होकर देश के साथ खड़े रहना है।

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर भाजपा के प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना और राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत आतंकवाद के मंसूबों को नाकाम करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने सफल रहे ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन अगर कोई राष्ट्र या संगठन भारत की ओर आंख उठाकर देखेगा, तो उसे करारा जवाब देना भी हम भलीभांति जानते हैं। भारतीय नेतृत्व ने इस ऑपरेशन के जरिए दुनिया को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब किसी भी कीमत पर अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान सीमा पार किए बिना ही जिस तरह से आधी रात को आतंकियों के पाकिस्तानी ठिकानों को ध्वस्त करने का कारनामा किया है, उससे भारतीय सेवा की दक्षता और शौर्य का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में भी कोई ढिलाई नहीं बरती जा रही। मेलाराम शर्मा ने सेना के जवानों और अधिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके साहस, शौर्य और समर्पण ने देशवासियों के मन में गर्व और आत्मविश्वास की भावना को और भी प्रबल किया है।

भारतीय सेना ने आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया मानव शांति का संदेश : शैलेंद्र

अनंत ज्ञान, सोलन। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 बड़े आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई की चारों ओर सराहना हो रही है। सोलन शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर दुनिया को दिखा दिया है कि वह मानव कल्याण और विश्व शांति का दूत है। भारत ने इस संकट की घड़ी में भी पूरा संयम रखते हुए किसी भी आम नागरिक और सेना के ठिकानों पर निशाना नहीं बनाया। गुप्ता ने कहा कि यह कार्रवाई केवल आतंकवाद के खिलाफ है, किसी विशेष धर्म या नागरिक के खिलाफ नहीं। भारत मानवता के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ है, जो मासूमों की हत्या कर आतंक फैला रहे हैं।

पूरा देश एकजुटता का दे रहा परिचय: सूरत

अनिल नेगी, रिकांगपिओ। किन्नौर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व नेता सूरत नेगी ने रिकांगपिओ में मिडिया से परिचित होते हुए कहा कि पहलगाम में हाल ही में आतंकी हमले में हमारे दर्जनों देशवासियों ने जान गवाई है। इसके जवाब में देश की सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार की योजना से पाकिस्तान पर मिशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक कर जवाबी कार्रवाई की है। आज देशभर में लोग पाकिस्तान की हिमाकत को लेकर विरोध कर रहे हैं, लेकिन किन्नौर जिले के विधायक जगत सिंह नेगी कभी चाइना को किन्नौर के सीमा पर आमंत्रित करते हैं, तो कभी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला करने वालों के पक्ष में खड़े हो जाते हैं, जहां कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के राष्ट्रीय स्तर के कांग्रेस नेतागण केंद्र सरकार व सेना के साथ एकजुट होकर खड़े हैं। वहीं, पूरे देशभर में एक मात्र मंत्री जगत सिंह नेगी हैं, जो पाकिस्तान जैसे देश के पक्ष में खड़े रहते दिखाई दे रहे हैं।

भाजपा ने मनाया जश्न लड्डू बांटकर सेना का जताया आभार

अनंत ज्ञान, नाहन। भारतीय सेना ने एक बार फिर आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। सेना की इस सफल कार्रवाई से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। वहीं, पांवटा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और लड्डू बांटकर सेना का आभार जताया।

पांवटा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और भारत माता की जय के नारों के साथ भारतीय सेना और केंद्र सरकार के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुखराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादा किया था कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, वह अब पूरा हो गया है। भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाकर पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब दिया है। इस बीच पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल है और लोग भारतीय सेना के साहस और शौर्य को सलाम कर रहे हैं। पांवटा सहित देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए सरकार के साथ खड़े होने का संकल्प दोहराया है।

एमसी में नहीं बढ़ेंगी पानी बिल की दरें

आर मोहन चौहान, सोलन

प्रदेश सरकार ने नगर निगम सोलन और अन्य निकायों को जल शक्ति विभाग से मिल रहे पानी की दरों में की गई चार गुना बढ़ोतरी के निर्णय को वापस ले लिया है। इससे करीब 100 करोड़ की अधिक की देनदारी में डूबे नगर निगम को राहत मिली है।

बिल की दरें बढ़ने से नगर निगम पर आर्थिक बोझ पड़ रहा था। साथ ही उपभोक्ताओं से बढ़ी हुई दरों के हिसाब से बिल लेने का दवाब भी बन रहा था। पर अब यह निर्णय निरस्त हो गया है, जिससे लोगों को अब सस्ता पानी मिलने की उम्मीद जगी है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने पानी की दरों को 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 100 रुपए किए जाने का निर्णय लिया था। नगर निगम के पार्षदों और भाजपा के विरोध के बाद सरकार को आखिरकार यह निर्णय वापस लेना पड़ा। स्थानीय कांग्रेस नेता भी पानी के बिलों की दरों की बढ़ोतरी को वापस लेने के पक्ष में थे। इससे सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

नगर निगम सोलन कार्यालय।

सोलन नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार से पानी की दरों में बढ़ोतरी के निर्णय को वापस लेने की मांग की गई थी, जिससे मुख्यमंत्री ने जनहित में वापस लिया है। इससे नगर निगम को काफी राहत मिली है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

बढ़ोतरी का हुआ था चौतरफा विरोध

सरकार की तरफ से पानी की दरों में की गई बढ़ोतरी को लेकर खूब घमासान मचा। इस निर्णय का अब चौतरफा विरोध के बाद नगर निगम के पार्षदों ने इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की है। निर्णय के खिलाफ भाजपा ने सोलन में हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों का समर्थन जुटाया। राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा। निगम सोलन ने हाउस में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से निर्णय वापस लेने का आग्रह किया। सरकार का यह निर्णय नागरिक निकाय चुनावों के दौरान किए गए पहले के वादे के विपरीत था। इसमें प्रति घर 100 रुपए की रियायती दर पर पानी की आपूर्ति की गई थी। हालांकि, सोलन वासियों को अभी तक नई दरों को दर्शाते हुए बिल नहीं मिले, लेकिन वित्तीय वर्ष में निगम इसे लागू करने को बाध्य हो जाती, जिससे जनता पर आर्थिक बोझ पड़ जाता। साथ ही आर्थिक रूप से बोझिल एमसी पर और अधिक दबाव बढ़ गया है, जो 107 करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज में है। बढ़ी हुई दरों से नगर निगम की मासिक जलापूर्ति लागत में काफी वृद्धि हो गई थी। उदाहरण के लिए, गिरि योजना से लिए जाने वाले पानी का मासिक शुल्क 50.36 लाख रुपए से बढ़कर 2.04 करोड़ रुपए हो गया है और अश्वनी योजना से यह 16.64 लाख रुपए से बढ़कर 55 लाख रुपए हो गया था। अब इससे राहत मिलेगी।

शूलिनी के काव्य क्लब ने छात्रों को एनईपी-2020 के बारे में किया शिक्षित

अनंत ज्ञान, सोलन

छात्रों के बीच शैक्षिक जागरूकता और बौद्धिक जुड़ाव के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय के काव्य क्लब ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के आसपास दो प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किए।

निबंध लेखन प्रतियोगिता और जागरूकता सहायता डेस्क दोनों पहल डीएसडब्ल्यू कार्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इसमें एसोसिएट डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीरज गंडोत्रा का बहुमूल्य समर्थन और विपुल तोमर का समन्वय सहायता शामिल था। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों में 42 छात्रों ने भाग लिया। आलोचनात्मक सोच और अकादमिक अभिव्यक्ति को प्रज्वलित करने के लिए डिजाइन की गई इस प्रतियोगिता में छात्रों को एनईपी 2020 की प्रमुख विशेषताएं, बहुभाषावाद, जैसे विचारोत्तेजक एनईपी विषयों पर निबंध लिखने के लिए आमंत्रित किया गया था। जजों के पैनल-काव्या क्लब के संकाय समन्वयक डॉ. हेमंत और डॉ. प्रकाश थे। जागरूकता अभियान के लिए, कैंपस में एक सूचनात्मक स्टेशन के रूप में काम करने के लिए जागरूकता हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया, जहां काव्या क्लब के स्वयंसेवकों ने पोस्टर, ब्रोशर और एक-एक सत्र के माध्यम से छात्रों को एनईपी-2020 के बारे में शिक्षित किया।

दाड़लाघाट स्कूल में आत्मरक्षा के तरीकों के बारे में बताया

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छठी से 12वीं तक की लगभग 300 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। समग्र शिक्षा रानी लक्ष्मी बाई प्रशिक्षण के समापन पर स्कूल प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा ने मार्गदर्शन करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। हिमाचल प्रदेश में सन ओवरसीज द्वारा निरंतर दी जा रही छात्राओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग को उत्तम मानते हैं और उनकी पूरी टीम का धन्यवाद करते हैं कि वे ऐसे छात्राओं को जीवन में प्रशिक्षित करते रहे हैं।

चायल में 34 वन मित्रों को दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षणार्थियों को वन नियमों और कार्यों का शैक्षणिक और व्यवहारिक ज्ञान दिया

अनंत ज्ञान, कंडाघाट

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में नव नियुक्त वन मित्रों का विभागीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

एक सप्ताह के प्रशिक्षण में सोलन वन परिक्षेत्र के 10, कंडाघाट के 10, चायल के 6 और आरक्षित वन परिक्षेत्र ढली के 8 वन मित्रों ने प्रशिक्षण पास आउट किया। वन प्रशिक्षण संस्थान की संयुक्त निदेशक नीना देवी, रेंज ऑफिसर चायल अनिल ठाकुर, विभाग के अधिकारी विनोद रांटा, वनीता भारद्वाज, रविकांत नेगी, अजय दीवान के प्रशिक्षक दल ने प्रशिक्षणार्थियों को वन नियमों और कार्यों का शैक्षणिक और व्यवहारिक ज्ञान दिया। इसमें पौधों की नर्सरी तैयार करने, उसे नर्सरी से वनों में रोपित करने, वनों का संरक्षण, आग से बचाव और सामुदायिक सहयोग की जानकारी दी गई। वन कानून और उसकी धाराएं, चैक डेम, जेएफडी, सरकारी योजनाओं को धरातल पर जाकर लोगो को बताना, वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 और इसके 2022 के संशोधनों के प्रावधानों के बारे में बताया गया। इसके समापन सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को फील्ड में काम निष्ठा से करने और इस दौरान प्रशिक्षण के ज्ञान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

वन प्रशिक्षण संस्थान चायल में नवनियुक्त वन मित्रों का विभागीय प्रशिक्षण संपन्न।

40 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, नाहन। स्वास्थ्य खंड धगेड़ा के अंतर्गत मंगलवार को हेल्थ वेलनेस सेंटर धारक्यारी में आयुष्मान स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 40 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जांच की गई। साथ ही लोगों को जलजनित बीमारियों के लक्षण, बचाव के अलावा योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोनीषा अग्रवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. तान्या और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कौशल्या खुशी ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के दौरान 7 लोगों में उच्च रक्तचाप और 5 लोगों में मधुमेह के लक्षण पाए गए। इसके अलावा 14 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग और 14 लोगों की कुष्ठ रोग जांच की गई।

आयोजन प्रो. चंद्र कुमार ने राजगढ़ में आयोजित किसान मेले की अध्यक्षता की

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में प्रदेश अग्रणी : कृषि मंत्री

अनंत ज्ञान, नाहन

प्रदेश सरकार किसाना, बागवानों तथा पशुपालकों के उत्थान के लिए प्रयासरत है, इसके लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, ताकि प्रदेश का किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सके।

यह जानकारी कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने राजगढ़ में कृषि विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय किसान मेला के दौरान उपस्थित किसान-बागवानों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को याद करते हुए कहा कि डॉ. परमार की दूरदर्शी सोच व नीतियों के फलस्वरूप आज हिमाचल विकास की बुलंदियों को छू रहा है। हिमाचल में 90 प्रतिशत लोग कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार किसानों के उत्पादों को अच्छे दाम दिलाने के लिए भी प्रयासरत है। इसके तहत प्राकृतिक कृषि उत्पाद के दामों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला देश का प्रथम राज्य बना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं के 60 रुपए, मक्की के 40 रुपए तथा हल्दी के 90 रुपए प्रति किलो समर्थन मूल्य किसानों को देने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार गाय का दूध 51 रुपए तथा भैंस का दूध 61 रुपए निर्धारित किया गया है, जिससे पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ हो रही है। उन्होंने कहा कि पच्छाद विधानसभा क्षेत्र नकदी फसलों टमाटर, अदरक, शिमला मिर्च, मटर तथा लहसुन की खेती के लिए जाना जाता है। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में आड़ू, सेब तथा कीवी का भी काफी मात्रा में उत्पादन किया जाता है। उन्होंने किसानों से वर्षा संग्रहण तालाब बनाने तथा उस जल की आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करने का आह्वान किया, ताकि वर्षा जल पर निर्भरता कम की जा सके। उन्होंने किसानों से कहा कि वह पारंपरिक खेती के साथ-साथ नकदी फसलों का भी उत्पादन करें, ताकि उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। प्रदेश सरकार जहर मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है, जिसमें गत वित्त वर्ष के दौरान आत्मा परियोजना द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत जिला सिरमौर के लगभग 11 हजार प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को लगभग 3 करोड़ की राशि अनुदान के रूप में व्यय की गई है।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार को किसान मेला के दौरान स्वागत करते हुए।

इसी प्रकार जिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को गत वित्त वर्ष के दौरान 7 करोड़ 64 लाख रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। इसमें मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना के तहत 3 करोड़ 16 लाख रुपए व्यय कर 79 किसानों को लाभान्वित किया गया। कृषि मशीनीकरण उप-योजना के तहत 1 करोड़ 90 लाख रुपए व्यय कर 119 किसान लाभान्वित किए गए।

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में 126 स्काउट एंड गाइड ले रहे प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, अर्की

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कैंप की शुरुआत।

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड कैंप की शुरुआत की गई। इसमें लक्ष्य पब्लिक स्कूल और कॉन्वेंट स्कूल के छठवीं से आठवीं कक्षा के 126 स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। इसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर प्रेम लाल गुप्ता व स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर कुसुम गुप्ता ने किया।

उनके साथ स्कूल के स्काउट मास्टर जितेंद्र, आशीष, शिवानी और सुनीता भी उपस्थित रही। कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रदेश सचिव हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड पुष्प राज शर्मा और जिला सचिव हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड वरुण सेन विशेष प्रशिक्षक कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। डॉ. प्रेम गुप्ता तथा डॉ. कुसुम गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों में आत्म-अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति जैसी मूल्य गतिविधियां सिखाई जाएंगी, जो उन्हें चरित्र निर्माण, स्वस्थ आदतों का विकास, उपयोगी कौशल प्राप्त करना और सेवा की भावना विकसित करना सिखाएगा, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सकें।

चंडीगढ़ में 10 मिनट तक रहा अंधेरा, लोगों ने लाइट्स की बंद

सायरन बजाकर हवाई हमले से बचाव की दी ट्रेनिंग

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश की सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो चुकी हैं। चंडीगढ़ में आज रात 7.30 बजे 10 मिनट का ब्लैकआउट हुआ। इस दौरान लाइन नहीं आई। यहां तक की हाईवे की स्ट्रीट लाइट बंद थी। इससे पहले सिविल डिफेंस मॉकड्रिल करवाई गई। सेक्टर-17 में सबसे पहले डिजास्टर मैनेजमेंट टीमें, एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स), एनएसएस के वॉलंटियर्स, और स्थानीय पुलिस बल ने मिलकर रिहर्सल की।

इसके बाद हूटर बजाकर लोगों को चेतावनी और उन्हें हवाई हमले से बचने के लिए ट्रेनिंग की। इस दौरान उन्होंने बताया गया कि वह इमरजेंसी में किस तरह से खुद और दूसरों को सुरक्षित जगह पर पहुंचा सकें।

डीसी निशांत यादव ने बताया कि रात 7.30 बजे ब्लैकआउट हुआ, जिसके चलते नागरिकों से अनुरोध किया गया था कि वे 10 मिनट के लिए यानी शाम 7.30 से 7.40 बजे तक पूर्ण ब्लैकआउट करें। इस दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दी गई। वाहन चला रहे लोगों ने गाड़ी को किनारे लगाकर लाइट बंद की। (अनंत ज्ञान)

भाटिया ने पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले का किया स्वागत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी एमके भाटिया एवं उनकी टीम ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई का समर्थन करते हुए इसे एक साहसिक और आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही हमारे शत्रु पड़ोसी देश को एक स्पष्ट और मजबूत संदेश देती है कि भारत अब किसी भी उकसावे को सहन नहीं करेगा।

भाटिया ने अपने बयान में कहा कि भारत द्वारा उठाया गया यह सख्त कदम हमारे विरोधियों के लिए चेतावनी है कि वे अपनी नीतियां और हरकतें बदलें, अन्यथा उन्हें गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ेगा। यह कार्रवाई देश की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अनिवार्य थी। उन्होंने भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की तत्परता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि पूरा देश अपने जवानों पर गर्व करता है और राष्ट्र उनके साथ एकजुट होकर खड़ा है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पलवल में जन शिकायतें सुनीं

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में विकास के लिए एचआरडीएफ के तहत टाइड और अनटाइड का अगामी फंड पिछले फंड के लेखा-जोखा होने के बाद ही उपलब्ध कराई जाएगी, इसलिए अधिकारी अगली बैठक में ग्राम पंचायतों में अब तक खर्च की गई धनराशि का पूरा ब्यौरा अवश्य लेकर आएं।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बुधवार को पलवल स्थित जिला सचिवालय में जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने एजेंडे में शामिल कुल 11 शिकायतों की सुनवाई की तथा 7 का मौके पर ही समाधान करवाया। बैठक में गांव मीठाका के ग्राम पंचायत समिति सदस्य साकिर द्वारा आंगनबाड़ी भवन के अधूरे कार्य को पूरा करवाने संबंधी की गई शिकायत पर कार्यकारी अभियंता ने बताया कि यह कार्य शुरू हो चुका है तथा मई माह के अंत तक पूरा हो जाएगा।

इसके अलावा, ग्राम पंचायत कुशक निवासी प्रियंका की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री आरती सिंह राव ने होडल विधायक हरेंद्र सिंह को दोनों पक्षों को आपसी सामंजस्य से मामला निपटाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान विधायक सहित परिवाद समिति के सदस्यों ने भी कई मुद्दे उठाए, जिसके लिए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र सिंह, हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ

मॉकड्रिल से स्टूडेंट्स को किया प्रशिक्षित

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। यूटी चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने जीएमएसएसएस खुदा अली शेर, बहलाना, 19, 37 और 40, 45, जीएमएचएस-2 मलोया सहित 20 से अधिक स्कूलों में मॉकड्रिल का आयोजन किया, ताकि छात्रों और कर्मचारियों के बीच आपातकालीन तैयारियों के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके और उन्हें संकट की स्थिति के दौरान तुरंत और सुरक्षित तरीके से प्रतिक्रिया करने के तरीके के बारे में प्रशिक्षित किया जा सके।

एसबीआई ने करवाई स्कॉलर क्विज प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। एक जुलाई को प्लेटिनम जुबली समारोह के हिस्से के रूप में भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल ने टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से पंजाब कला भवन, सेक्टर 16 चंडीगढ़ में बुधवार को एसबीआई स्कॉलर क्विज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से मनोरंजन पांडा, महाप्रबंधक नेटवर्क -1, काजल कुमार भौमिक, उप महाप्रबंधक और मंडल विकास अधिकारी के साथ एक प्रतिष्ठित अखबार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रारंभिक दौर में शामिल 95 टीमों में से, 6 टीमों को अंतिम दौर के लिए चुना गया था, जिसमें से डीपीएस सेक्टर 40 सी, चंडीगढ़ की टीम (सुश्री मेहर और करण) को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर विजेताओं को मनोरंजन पांडा और काजल कुमार भौमिक द्वारा विजेताओं को क्रमशः 50,000 रुपए, 25,000 रुपए और 10,000 रुपए के चेक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रयास के माध्यम से बैंक ने उन छात्रों को प्रेरित करके शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है, जो हमारे राष्ट्र के भावी निर्माता हैं।

चंडीगढ़ नगर निगम ने पम्पलेट वितरित कर जल संरक्षण को दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

कैच द रेन पहल-2025 के तहत जल संचय, जन भागीदारी, जन जागरूकता की ओर थीम के तहत, नगर निगम चंडीगढ़ ने वर्षा जल संचयन (आरडब्ल्यूएच), जल संरक्षण तकनीकों और आरडब्ल्यूएच प्रणालियों की नियमित सफाई और रखरखाव के महत्व पर केंद्रित जानकारीपूर्ण पम्पलेट वितरित करके समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल किया है।

एक से 7 मई तक युवा पीढ़ी के बीच जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में, पंजाब विश्वविद्यालय और डीएवी स्कूल, सेक्टर 15 सहित शैक्षणिक संस्थानों में पम्पलेट वितरित किए गए। इन सामग्रियों का उद्देश्य छात्रों को जल संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों के बारे में शिक्षित करना और स्थायी जल प्रबंधन के महत्व पर जोर देना है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने विभिन्न बाजार क्षेत्रों में पम्पलेट वितरण अभियान भी चलाया, जिसमें वर्षा जल संचयन संरचनाओं के रखरखाव और जल शक्ति अभियान के व्यापक लक्ष्यों पर बहुमूल्य जानकारी साझा करने के लिए जनता से सीधे बातचीत की गई। चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि जमीनी स्तर पर जागरूकता पैदा करके इस पहल का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को जल संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता में सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बनाना है।

हीट वेव चेतावनी, चंडीगढ़ रेड अलर्ट पर: आईएमडी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। चंडीगढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अत्यधिक गर्मी/हीट वेव पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी तापमान स्थिति और हीट वेव चेतावनी के अनुसार, चंडीगढ़ रेड अलर्ट पर है और आने वाले दिनों में चंडीगढ़ के इलाकों में हीट वेव का असर होने की संभावना है। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे अपना और अपने आस-पास के लोगों का ख्याल रखें, ताकि शहर में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण कोई भी प्रभावित न हो। पानी, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरणी, नींबू पानी, छाछ आदि से खुद को हाइड्रेट करें। बुजुर्गों, शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का खास ख्याल रखें, क्योंकि उनके हीट वेव से प्रभावित होने की संभावना अधिक होती है।

हमारी नर्सें हमारा भविष्य : जीपी थामी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर मनाया जाता है। यह सप्ताह स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए नर्सों के प्रभाव और नवाचारों पर प्रकाश डालता है। नर्सिंग सप्ताह समारोह का उद्घाटन 7 मई को नर्सिंग विभाग के सहयोग से कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में माननीय प्रोफेसर एके अत्री, निदेशक प्रिंसिपल प्रोफेसर जीपी थामी, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर दसारी हरीश आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और विषय का उद्घाटन प्रो. एके अत्री ने किया। निदेशक प्रिंसिपल ने कहा कि हमारी नर्सें हमारा भविष्य, नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्रो. विपिन कौशल, चिकित्सा अधीक्षक पीजीआईएमईआर को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, उन्होंने अंग दान पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया और नर्सिंग बिरादरी को बधाई दी।

देश-विदेश

पाकिस्तान पर भारत के मिसाइल हमलों के बाद अजीत डोभाल ने कई देशों के समकक्षों से की बात

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से सटीक हमले किए। लक्षित हमलों के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कई देशों के समकक्षों से बातचीत की। डोभाल ने सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल से बातचीत कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। डोभाल ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुसैद अल ऐबन से भी बातचीत की। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एचएच शेख तहनून से भी फोन पर बातचीत कर डोभाल ने भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने यूएई की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव अली अल शम्सी से भी संपर्क किया। डोभाल ने जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मासाताका ओकानो, रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सेर्गेई शोइगु, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी व फ्रांसीसी राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बॉन से भी बात की। (अनंत ज्ञान)

फिल्मी हस्तियों ने की भारतीय सेना की तारीफ

एजेंसी, नई दिल्ली। अभिनेता रजनीकांत, अक्षय कुमार, अल्लू अर्जुन, अभिनेत्री कंगना रनौत समेत कई फिल्मी हस्तियों ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मंगलवार व बुधवार मध्यरात्रि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की। दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की जिस पर 'ऑपरेशन सिन्दूर' लिखा नजर आ रहा है। अभिनेता ने इसे साझा करते हुए लिखा, 'जय हिंद। जय महाकाल।' मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने सरकार के आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' के रुख को दोहराया। अभिनेता अल्लू अर्जुन ने लिखा, 'न्याय मिले। जय हिंद। ऑपरेशन सिंदूर।' वहीं, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण ने राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर की हिंदी कविता 'परशुराम की प्रतीक्षा' की कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं। उन्होंने लिखा, 'वीरता जहां पर नहीं, पुण्य का क्षय है। वीरता जहां पर नहीं, स्वार्थ की जय है।' (अनंत ज्ञान)

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 18 नक्सली ढेर

एजेंसी, बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा की विशाल और दुर्गम पहाड़ियों में पिछले दो सप्ताह से सुरक्षा बलों द्वारा बड़े स्तर पर नक्सल-विरोधी ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार देर रात एक बड़ी मुठभेड़ हुई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने 18 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया है। नक्सलियों के मारे जाने का आंकड़ा बढ़ सकता है। मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। (अनंत ज्ञान)

पहलगाम हमले में पति-बेटे को खोने वाली काजलबेन की पीएम से अपील

पाकिस्तान को पूरी तरह से कर दें तबाह

एजेंसी, अहमदाबाद

पहलगाम आतंकी हमले में अपने पति और बेटे को खोने वाली गुजरात के भावनगर की काजलबेन परमान ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सेना की सराहना की। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पाकिस्तान को पूरी तरह खत्म करने तक कार्रवाई जारी रखी जाए।

बता दें कि काजलबेन के पति यतीश परमार और बेटा स्मित उन 26 लोगों में शामिल थे, जिनकी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। स्मित परमार 12वीं कक्षा में पढ़ता था और भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा करना चाहता था। उनके बड़े बेटे अभिषेक परमान ने कहा, 'पीएम मोदी ने 15वें दिन पाकिस्तान को जवाब दिया है, इससे मैं खुश हूं। मैंने अपने पिता और भाई को खो दिया, पर अब सरकार ने सही जवाब दिया है।' (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान पर किए हमले की तस्वीर।

पीएम मोदी का धन्यवाद जारी रखें कार्रवाई

काजलबेन ने कहा, 'मैं पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक पर बहुत गर्व महसूस कर रही हूं। भारतीय सेना को सलाम और भारत माता की जय।' काजलबेन ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देती हूं और आग्रह करती हूं कि ऐसे ही हमले करते रहें और पाकिस्तान को खत्म कर दें।'

शीतलबेन कलाठिया ने कहा सरकार पर पूरा भरोसा

सूरत। सूरत की शीतलबेन कलाठिया ने पहलगाम हमले में अपने पति शैलेश को खो दिया था। उन्होंने भारत की सैन्य कार्रवाई के लिए सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, मेरे पति को हिंदू-मुस्लिम के नाम पर गोली मार दी गई। हमें सरकार पर पूरा भरोसा है और जो अब तक किया है, वह सही किया है। आगे भी सरकार सही कदम उठाएगी, हमें पूरा यकीन है। शीतलबेन ने बताया कि उनके पति परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और उनकी बेटी अभी तक उस घटना से उबर नहीं पाई है। उन्होंने गुजरात सरकार से अपील की कि बच्चों की पढ़ाई और भविष्य के लिए मदद की जाए।

भारतीय सेना ने आतंकियों को सिखाया सबक : प्रियदर्शिनी

एजेंसी, नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पति को खोने वाली ओडिशा की प्रियदर्शिनी आचार्य ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से की गई इस कार्रवाई के बाद अब आतंकवादियों को इंसानी जान की कीमत समझ आएगी और उन्हें डर में जीना पड़ेगा। प्रियदर्शिनी ने आगे भावुक होते हुए कहा कि इंसानी जिंदगी की इज्जत होनी चाहिए। मैं जानती हूं कि अब कभी पूरी तरह खुश नहीं रह पाऊंगी, लेकिन मेरी जैसी हालत किसी और के साथ न हो। बता दें कि प्रियदर्शिनी के पति प्रशांत सतपथी 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों में शामिल थे। वह छुट्टी पर अपनी पत्नी और बेटे के साथ गए थे। (अनंत ज्ञान)

सेना ने पूरा किया वादा

प्रशांत की पत्नी प्रियदर्शिनी ने कहा कि मेरे पति के शव के पास सेना के अधिकारियों ने मुझसे वादा किया था कि कार्रवाई होगी, और आज वह वादा पूरा हुआ। मैं खुश हूं कि आतंकियों को उनकी करतूत का जवाब मिल गया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने कई महिलाओं की मांग का सिंदूर मिटाया, अब ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें सही जवाब दिया है। प्रियदर्शिनी ने आगे कहा कि मेरा पति अब लौटकर नहीं आएगा, लेकिन यह हमला दोबारा कहीं नहीं होना चाहिए।

इसराइल ने गाजा में तेज किए हमले, स्कूल पर की बमबारी

एजेंसी, गाजा

इसराइल और हमास के बीच चल रही जंग अब अपने 20वें महीने में पहुंच गई है, लेकिन हालात सुधरने की जगह और भी भयावह होते जा रहे हैं। जहां मंगलवार रात एक बार फिर इसराइल ने गाजा में जोरदार हमला किया। इस हवाई हमलों में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने बुधवार को दी। इसराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इसराइल का यह हवाई हमला गाजा के बीचों-बीच बुरेज शरणार्थी कैंप में एक स्कूल पर हुआ, जहां सैकड़ों विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। यह स्कूल युद्ध शुरू होने के बाद से पांचवीं बार निशाना बना है। हालांकि इस्राइली सेना ने इन हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उसका कहना है कि हमास नागरिक इमारतों और स्कूलों से ऑपरेट करता है, इसलिए वह जिम्मेदार है। (अनंत ज्ञान)

महिलाओं व बच्चों सहित 48 की मौत

रूस ने यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से किया हमला

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक होता हुआ जा रहा है। इसी बीच बुधवार तड़के रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों में चार बच्चे भी शामिल हैं। बता दें कि यह हमला रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा घोषित 72 घंटे की अस्थायी युद्धविराम से ठीक पहले हुआ। यह युद्धविराम रूस की द्वितीय विश्व युद्ध में जीत (विक्ट्री डे) की 80वीं सालगिरह के अवसर पर वीरवार से शनिवार तक लागू रहेगा। (अनंत ज्ञान)

भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

नई दिल्ली। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत कुछ सामानों पर ब्रिटेन के उद्योगों को शुल्क में कोई छूट नहीं देगा। जिन सामानों पर शुल्क में छूट नहीं दी जाएगी, उनमें हीरे, चांदी, स्मार्टफोन और ऑप्टिकल फाइबर आदि शामिल हैं। वहीं समझौते के तहत ब्रिटेन से आयात होने वाले पेट्रोल और डीजल इंजन वाहनों पर भी शुल्क में सीमित छूट मिलेगी। दोनों देशों के बीच इस पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत ब्रिटेन से रियायती सीमा शुल्क दर पर आयात होने वाले ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के आयात का कोटा भी केवल कुछ हजारों तक सीमित है। (अनंत ज्ञान)

सीबीआई के निदेशक सूद को सेवा विस्तार

नई दिल्ली। केंद्र ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई, 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सोमवार को हुई बैठक में सूद के कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला लिया गया। इस समिति में प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

शेयर मार्केट

पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले से डिफेंस कंपनियों के शेयर उछले

'ऑपरेशन सिंदूर' से डिफेंस कंपनियों के शेयरों को लगे पंख

एजेंसी, मुंबई

भारत की तरफ से मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। यह साल 1971 के बाद पहला ऐसा मौका था, जब भारतीय सेना के तीनों अंगों की तरफ से साझा अभियान को अंजाम दिया गया और पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर जवाब हमले किए गए।

ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम दिखा और वहां पर निवेशक काफी सहमे दिखे। कराची स्टॉक इंडेक्स में बुधवार को करीब 600 अंक की भारी गिरावट आई। दूसरी ओर भारतीय डिफेंस कंपनियों के शेयरों में नया जोश दिख रहा है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स में 2 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में एक प्रतिशत व हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर करीब एक प्रतिशत तक उछल गया। निफ्टी डिफेंस इंडेक्स भी एक प्रतिशत ऊपर चढ़ा। इसके अलावा, भारत डायनामिक्स लिमिटेड के शेयर भी फोकस में है।

एचएएल बेंगलुरु की एक एयरोस्पेस पीएसयू है, जो हल्के लड़ाकू विमान तेजस और सुखोई Su-30MKI बनाती है। बीडीएल लक्ष्यभेदी मिसाइल, पानी में मार करने वाले हथियार और आकाश मिसाइल के साथ अन्य भारतीय सेना के लिए हथियारों का निर्माण करती है। (अनंत ज्ञान)

डिफेंस शेयर खरीदने की निवेशकों में होड़

एक्सपर्ट्स की मानें तो डिफेंस स्टॉक की खरीदारी में तेजी और निवेशकों में होड़ के पीछे लोग ये मान रहे हैं कि आने वाले दिनों में डिफेंस के प्रोडक्शन में भारी इजाफा हो सकता है। ऐसे में सरकार इसकी खरीद और बढ़ा सकती है।

जावा में डंप ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 11 की मौत

एजेंसी, योग्याकार्ता

इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत में एक डंप ट्रक ने एक मिनी बस को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक शिक्षिका थीं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने एक बयान में कहा, यह हादसा पुरवेरजो जिल के कालीजांबे गाव में हुआ है। डंप ट्रक निर्माण सामग्री से भरा हुआ था और मिनी बस से टकराने के बाद एक घर से भी टकरा गया। मिनी बस में मगेलन जिले की शिक्षिकाओं का एक समूह सवार था। यह समूह पुरवेरजो जिले में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था।

पुरवेरजो के पुलि प्रमुख एंड्री अगुस्तियानो ने कहा, डंप ट्रक नियंत्रण खो बैठा और मिनी बस से टकरा गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। कुछ एंबुलेंस ने मृतकों और अन्य घायलों को नजदीकी अस्पताल भेजा, जिनमें डंप ट्रक चालक और घर के मालिक भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

आईपीएल-18 रिकॉर्ड

ऑरेंज कैप

सूर्यकुमार यादव

510

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा

20

सिक्सर किंग

निकोलस पूरन

34

अंक तालिका

क्रमांक	टीम	मैच	जीत	हार	रद्द	अंक
1.	गुजरात	11	08	03	00	16
2.	बेंगलुरु	11	08	03	00	16
3.	पंजाब	11	07	03	01	15
4.	मुंबई	12	07	05	00	14
5.	दिल्ली	11	06	04	01	13
6.	कोलकाता	11	05	05	01	11
7.	लखनऊ	11	05	06	00	10
8.	हैदराबाद	11	03	07	01	07
9.	राजस्थान	12	03	09	00	06
10.	चेन्नई	11	02	09	00	04

आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स 13 अंक लेकर पांचवें और पंजाब किंग्स 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर

पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ वीरवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है। पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी। पिछले मैच में करुण नायर से पारी की शुरुआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाए। दक्षिण

अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं, अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे।

दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि, अभी भी गहराई है। ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है। यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था। दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाए हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरुआत दी है। प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं।

कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिए हैं, जिसमें चार अर्द्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं। प्रियांश आर्य 347 रन बना चुके हैं, जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह ने भी जरूरत पड़ने पर उम्दा प्रदर्शन किया है।

मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और विपराज निगम समेत दिल्ली के पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है। दूसरी ओर पंजाब के लिये अर्शदीप सिंह 16 विकेट ले चुके हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 14 विकेट चटकाए हैं। उनके अलावा मार्को जानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, विजयकुमार विशाख और मार्कस स्टोइनिस के विकल्प भी हैं।

मैच : शाम 7.30 बजे से

संभावित टीमें

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

दिल्ली कैपिटल्स: अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

धर्मशाला में नहीं वानखेड़े में होगा पंजाब बनाम मुंबई मैच

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

धर्मशाला में दो मुकाबले खेले जाने हैं, पहला आठ मई यानी कल पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। इसके बाद 11 मई को पंजाब का सामना मुंबई इंडियंस से होगा, जिसको धर्मशाला से वानखेड़े स्टेडियम पर स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, अब तक वीरवार को होने वाले मैच का फैसला नहीं हो पाया है। आईपीएल 2025 अपने नियमित कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा, लेकिन पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई (रविवार) को होने वाले मुकाबले को धर्मशाला से स्थानांतरित कर दिया गया है। अब यह मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

पंजाब किंग्स व दिल्ली के बीच होने वाले मैच पर भी संकट के बादल

बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से बताया कि 11 मई को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाने वाला मुकाबला मुंबई में होगा। सूत्रों के अनुसार दिल्ली-पंजाब के बीच वीरवार को होने वाले मैच का कार्यक्रम भी खतरे में है। बीसीसीआई सरकार के संपर्क में है और मैच के लिए मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहा है। हालांकि, अधिकारित रूप से अभी कोई पुष्टि नही की गई है, सबकी निगाहें बोर्ड व सरकार पर टिकी हुई है। (अनंत ज्ञान)

धर्मशाला से बाहर कैसे निकलेंगी टीमें

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो मुंबई इंडियंस को बुधवार (7 मई) शाम को चंडीगढ़ के रास्ते धर्मशाला के लिए उड़ान भरना था, लेकिन टीम अब योजना के अनुसार यात्रा नहीं करेगी। उनकी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और अब वे आगे बढ़ने के लिए बीसीसीआई के अगले निर्देशों का इंतजार करेंगे। अगर आईपीएल शेड्यूल में कोई बदलाव होता है तो, दिल्ली और पंजाब, धर्मशाला से कैसे बाहर निकलेंगी, इस पर भी विचार किया जाना है।

कोलकाता ने मुंबई टीम पर कसा शिकंजा

एजेंसी, कोलकाता

आईपीएल का 57वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच में गत विजेता केकेआर की नजर सीएसके को हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को बल देने पर है। कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

बल्लेबाजी करने आए कोलकाता के ओपनर बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज और सुनील नरेन कुछ खास नहीं कर पाए और गुरबाज ने 9 गेंदों पर 11 रन बनाए, उन्हें कंबोज ने नूर अहमद के हाथों कैच करवाया। नरेन ने थोड़ी देर पारी को संभाला और वह भी 17 गेंदों में 26 रन बनाकर महेंद्र सिंह धोनी को कैच दे बैठे। उसके बाद अंगकृष रघुवंशी भी एक रन बनाकर चलते बने। समाचार लिखे जाने तक कोलकाता ने 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 124 रन बना लिए थे। मनीष पांडे (17) और रसेल (17) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते मुंबई के खिलाड़ी तथा (इनसेट) कैच के लिए डाइव करते पथिराना।

स्पोर्ट्स विंडो

रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी, नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। टीम इंडिया के दिग्गज ओपनर और दो फॉर्मेट में कप्तान रहे रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने बुधवार 7 मई को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित के संन्यास की खबर ठीक उस वक्त पर आई, जब सेलेक्शन कमेटी ने उन्हें टेस्ट टीम की कप्तानी से हटाने का फैसला कर लिया था और साथ ही इंग्लैंड दौरे पर टीम में जगह मिलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही थी। रोहित ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने संन्यास के ऐलान की जानकारी दी. रोहित ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं आप सबको ये बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं।

इमारी विस्सर का खूबसूरत अंदाज

दक्षिण अफ्रीका। यह हैं दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस की पत्नी इमारी विस्सर, जो कि फोटोग्राफी की शौकीन हैं। इमारी ने वेगा स्कूल ऑफ ब्रांड लीडरशिप में अपनी फोटोग्राफी स्किल्स को निखारा है। इमारी को अपने पति फाफ के साथ दुनिया के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करना पसंद है।

भारतीय पुरुष-महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल्स में

एजेंसी, शंघाई। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए। भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर

एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239-232 से हराया। इसके बाद डेनमार्क को 232-231 से मात दी। महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया। इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा। (अनंत ज्ञान)

भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराया

एजेंसी, कोलंबो

जेमिमा रोड्रिग्स के करियर के सर्वश्रेष्ठ शतक की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 23 रन से हराकर महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज के फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में किया प्रवेश

चौबीस वर्षीय जेमिमा रोड्रिग्स ने 101 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 123 रन की तेज पारी खेली। यह उनका दूसरा एकदिवसीय शतक है इसकी मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (51) और दीप्ति शर्मा (93) ने अर्द्धशतक जमाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में सात विकेट पर 314 रन ही बना सकी जिसमें एनेरी डर्कसेन ने 81 रन बनाए और कप्तान क्लो ट्रायोन ने 67 रन का योगदान दिया। भारत के लिए अमनजोत कौर तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं जबकि दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

जयवर्धने बोले-अब हर मैच को प्लेऑफ की तरह लेंगे

एजेंसी, मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि उनकी टीम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान क्रियान्वयन में गलती की और नियंत्रण बनाने के बावजूद हार गए इसलिए पांच बार की चैंपियन अब से बचे हुए प्रत्येक मैच को 'प्लेऑफ' की तरह लेगी। गुजरात टाइटंस ने बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। गुजरात की टीम ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मुंबई को अब 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। जयवर्धने ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस हार से सब पता चल जाता है। दोनों टीमों ने कुछ गलतियां कीं। लेकिन हमने शायद उनसे कहीं ज्यादा गलतियां कीं।'' उन्होंने कहा, ''हम ऐसी स्थिति में थे जब हमारे पास पांच मैच में चार हार और एक जीत थी, लेकिन उसके बाद से हम लगभग हर मैच में जीत की स्थिति में थे। हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।'' जयवर्धने ने कहा, ''हमने इस विकेट पर 30 रन कम बनाए। गेंदबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, कई मौके बनाए, अच्छा क्षेत्ररक्षण किया, हमने सब कुछ किया इसलिए यह अच्छा संकेत है। अब से हम प्रत्येक मैच को प्लेऑफ की तरह लेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

इंडियन प्रीमियर लीग: मुशीर व म्हात्रे पर लगी बड़ी बोली

एजेंसी, मुंबई

युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे, सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिए प्रारंभिक दौर की नीलामी में अच्छे दाम मिले हैं। यह लीग 26 मई से आठ जून तक खेली जाएगी।

मुशीर खान

आयुष म्हात्रे

इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे 20 वर्ष के मुशीर को आर्क्स अंधेरी ने 15 लाख रुपए में खरीदा। मुंबई के लिए इस साल रणजी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पदार्पण किया। उसे ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने 14.75 लाख रुपए में खरीदा। शेडगे को भी इसी टीम ने 13.75 लाख रुपए में खरीदा। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव इस टीम के आइकन खिलाड़ी हैं। केकेआर के लिए खेलने वाले रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कंस ने 14 लाख रुपए में खरीदा। वहीं, तनुष कोटियान को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रुपए में खरीदा। (अनंत ज्ञान)

ताइपे ओपन: श्रीकांत, आयुष, मानेपल्ली, दूसरे दौर में

एजेंसी, ताइपे। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू करते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज कर कई अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने हमवतन संकर सुब्रमण्यम (2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) को 21-16 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया और अब उनका सामना एक अन्य भारतीय आयुष शेट्टी से होगा। ओरलियंस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच आयुष ने चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ली चिया हाओ को 50 मिनट में 21-17 21-18 से शिकस्त दी। वहीं, 2023 राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता थारुण मानेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के शोगो ओगा को 70 मिनट में 21-17 19-21 21-12 से मात दी और अब उनकी भिड़ंत इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबेदिल्लाह से होगी। (अनंत ज्ञान)

पांड्या-नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना

एजेंसी, मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिए भारी जुर्माना लगाया गया, जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए। मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा,''यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। पांड्या पर 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है।'' मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया, लेकिन बार-बार बारिश के कारण मैच रुकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया। वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे। आईपीएल ने कहा,''गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' (अनंत ज्ञान)

'ऑपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने की सराहना

क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बोले- भारत 'एकता में निडर, शक्ति में असीम'

एजेंसी, नई दिल्ली

पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा,''एकता में निडर, शक्ति में असीम।''

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे।

तेंदुलकर ने 'एक्स ' पर लिखा,''एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं। जय हिंद।'' पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा,''अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद।''

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा,''भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की।'' पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा,''जय हिंद।'' ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की। विजेंदर ने लिखा,''भारत माता की जय।'' योगेश्वर ने लिखा,''आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान।'' (अनंत ज्ञान)

आईओसी के ऑनलाइन चैनल पर खेलो इंडिया युवा खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग

एजेंसी, नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ हाल ही में हुई साझेदारी को आगे बढाते हुए खेलो इंडिया युवा खेलों का आईओसी के आनलाइन चैनल पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खेल बिहार और दिल्ली के पांच शहरों में आयोजित किये जा रहे हैं।

ओलंपिक डॉट कॉम ने पहली बार लेह और गुलमर्ग में जनवरी और मार्च में हुए शीतकालीन खेलों के लिये खेलो इंडिया के साथ साझेदारी की थी। इन खेलों के मुख्यांश यूरोस्पोर्ट पर उपलब्ध हैं। इनकी फीड राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन द्वारा प्रोड्यूस की जा रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण की विज्ञप्ति में ओलंपिक्स डॉट कॉम के महाप्रबंधक कोस्टास कार्वेलास ने कहा,''खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का ओलंपिक्स डॉट कॉम पर सीधा प्रसारण करने की हमें खुशी है। यह काफी रोमांचक आयोजन है और हमें खुशी है कि हम बिहार से इस रोमांच को अपने दर्शकों तक पहुंचा सके।' खेलो इंडिया युवा खेलों में 27 पदक खेलों में 10000 से अधिक प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)